

अमित शाह का दावा, भाजपा पहले चरण की 110 सीटें जीतेगी - 12



अनिश्चितता से घिरे शेयर बाजार में फिर बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,000 अंक टूटा- 12



इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था के लिए नाबालिग को बाध्य नहीं कर सकते : सुप्रीम - 13



दिग्गज तेंदुलकर ने घर पर प्रशंसकों के साथ मनाया 53वां जन्मदिन - 14


आज का मौसम
45.0°
अधिकतम तापमान
30.0°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.36
सूर्यास्त 06.38

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर
- मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष नवमी 06:28 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 25 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 77, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# आप के केजरी की ढही 'वॉल'

## राघव चड्ढा, मालिवाल समेत सात राज्यसभा सांसद आप का दामन छोड़ भाजपा में शामिल | चड्ढा बोले- जिस पार्टी को उन्होंने खून-पसीने से सींचा वह अपने सिद्धांतों से पूरी तरह भटकी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में सत्ता गंवाने के बमुश्किल एक साल बाद शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) को तब सबसे बड़ा झटका लगा जब राघव चड्ढा समेत उसके सात राज्यसभा सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी। चड्ढा के अलावा 'आप' से इस्तीफा देने वाले अन्य राज्यसभा सदस्यों में संदीप पाठक, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, अशोक मित्तल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रम साहनी शामिल हैं।

उन्होंने कहा, आप, जिसे मैंने अपने खून-पसीने से सींचा और जिसे मैंने अपनी जवानी के 15 साल दिए, वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल नैतिक मूल्यों से पूरी तरह भटक गई है। हाल ही में चड्ढा को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह मित्तल को नियुक्त किया गया था।

उन्होंने कहा, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 10 सदस्य हैं। इनमें से दो-तिहाई से अधिक सांसद इस पहल में हमारे साथ हैं। चड्ढा ने कहा, उन्होंने पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं, और शुक्रवार सुबह हमने राज्यसभा के सभापति को हस्ताक्षरित पत्रों एवं अन्य औपचारिक दस्तावेज सहित सभी आवश्यक कागजात सौंप दिए हैं। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए चड्ढा ने कहा कि पार्टी अब देश के लिए नहीं, बल्कि अपने ही फायदे के लिए काम कर रही है। चड्ढा ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, मुझे यह महसूस होने लगा है कि मैं गलत पार्टी में सही व्यक्ति हूं। आज, मैं आप से अलग होने और जनता के साथ अधिक निकटता से काम करने के अपने निर्णय की घोषणा करता हूं। इस दौरान राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होगी, लेकिन ऐसा हो गया है।

पाठक ने कहा, मैं दस साल तक इस पार्टी से जुड़ा रहा। और आज मैं आम आदमी पार्टी से अलग हो रहा हूं।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ राघव चड्ढा

**इन सांसदों ने छोड़ा आम आदमी पार्टी का साथ**



संदीप पाठक



अशोक मित्तल



हरभजन सिंह



विक्रजीत साहनी



राजिंदर गुप्ता



स्वाती मालिवाल

### भाजपा बोली- भ्रष्ट आम आदमी पार्टी पर कोई भरोसा नहीं करता

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि राघव चड्ढा और संदीप पाठक सहित आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सदस्यों के इस्तीफा देने और भाजपा में शामिल होने की घोषणा के बाद आप पूरी तरह से बिखर गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भ्रष्ट आम आदमी पार्टी पर कोई भरोसा नहीं करता। यह पार्टी, जिसने खुद को एक अलग तरह की पार्टी होने का दावा करते हुए शुरुआत की थी, भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई है। पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर कहा, आम आदमी पार्टी पूरी तरह से बिखर गई है। इसका टूटना अब अटकलबाजी नहीं रही, बल्कि यह वास्तविक रूप से हो रहा है। चड्ढा और पाठक ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे आप के पांच अन्य सांसदों के साथ भाजपा में शामिल हो रहे हैं। चड्ढा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप के राज्यसभा के 10 में से 7 सदस्य भाजपा में शामिल हो रहे हैं। संविधान के अनुसार, किसी पार्टी के कुल सांसदों में से दो-तिहाई सांसद दूसरी पार्टी में विलय कर सकते हैं। हमने इस संबंध में आज राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन को सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ एक पत्र सौंपा है।

### केजरीवाल ने कहा-भाजपा ने पंजाब के साथ धोखा किया



**नई दिल्ली।** आप के सात राज्यसभा सदस्यों के पार्टी छोड़ने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा ने एक बार फिर पंजाब की जनता के साथ धोखा किया है। केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा ने एक बार फिर पंजाबियों के साथ धोखा किया है।

# टेक्नोलॉजी, वैल्यू एडिशन और किसानों की आय बढ़ाना लक्ष्य : शिवराज सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- केंद्रीय कृषि मंत्री और सीएम योगी ने किया क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का उद्घाटन, फार्मर आईडी पर फोकस
- रामनाथ ठाकुर बोले- कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्यों के साथ समन्वय जरूरी

**अमृत विचार :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हर राज्य को कृषि के लिए स्पष्ट रोडमैप के साथ फार्मर आईडी बनाने में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी, वैल्यू एडिशन और किसानों की आय बढ़ाना लक्ष्य है। किसानों को नई तकनीक, बेहतर बीज और आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना ही सरकार की प्राथमिकता है। बिना लक्ष्य ठोस योजना के खेती और किसानों का समग्र विकास संभव नहीं है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को लखनऊ के एक होटल में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन (उत्तर क्षेत्र) का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी के साथ उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में फार्मर आईडी बनाने का काम तेजी से चल रहा है, जिससे किसानों को एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। इस आईडी के माध्यम से किसान विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने राज्यों से इस दिशा में तेजी से कार्य करने का आह्वान किया। चौहान ने कहा कि देश में अब 'लैब टू लैंड' की अवधारणा को तेजी से लागू किया जा रहा है, जिससे शोध सीधे खेत तक पहुंच रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि कृषि को वैल्यू एडिशन और प्रोसेसिंग से जोड़ना समय की आवश्यकता है। फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज और मार्केटिंग नेटवर्क के विस्तार से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। कार्यक्रम में यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, उद्यान मंत्री हिमाचल प्रदेश जगत सिंह नेगी, कृषि मंत्री उत्तराखंड गणेश जोशी आदि प्रमुख लोग शामिल रहे।

### पहले औपचारिक आयोजनों तक सीमित थीं नीतियां: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले नीतियां केवल औपचारिक आयोजनों तक सीमित थीं, लेकिन अब किसानों को जानकारी, संसाधन और बाजार तीनों उपलब्ध हो रहे हैं। यही कारण है कि किसान नई तकनीकों को अपनाकर बेहतर परिणाम दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 'लैब टू लैंड' की अवधारणा अब धरातल पर उतर चुकी है, जिससे किसानों को सीधे वैज्ञानिक तकनीकों का लाभ मिल रहा है। वैज्ञानिक तकनीकों, एग्रो-क्लाइमेटिक जोन आधारित रणनीति और केंद्र-राज्य के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ा है, बहुफसली खेती का विस्तार हुआ है और वैल्यू एडिशन पर फोकस बढ़ा है।

**ब्रीफ न्यूज**

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि उसने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को जारी किया गया बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। बैंक के मामले इस तरह से संचालित किए जा रहे थे, जो बैंक और उसके जमाकर्ताओं के हित के लिए हानिकारक थे। आरबीआई ने कहा, बैंक के प्रबंधन का सामान्य चरित्र जमाकर्ताओं के हित के साथ ही सार्वजनिक हित के लिए भी प्रतिकूल है। इसके चलते पेटीएम पेमेंट्स बैंक को किसी भी बैंकिंग व्यवसाय के संचालन से प्रतिबंधित कर दिया गया है। आरबीआई ने यह भी कहा कि वह बैंक को बंद करने के लिए उच्च न्यायालय में एक आवेदन करेगा। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के पास बैंक के बंद होने पर अपनी पूरी जमा देनदारी चुकाने के लिए पर्याप्त नकदी उपलब्ध है।

### राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो गिरफ्तार

**बिजनौर।** आपत्तिजनक सोशल मीडिया सामग्री और हथियारों के गैरकानूनी इस्तेमाल से जुड़ी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त दो लोगों को बिजनौर से गिरफ्तार किया गया है। यह मामला 23 नवंबर, 2025 को इंस्टाग्राम पर प्रसारित एक वीडियो से संज्ञान में आया, जिसमें आकिब 'लाइव सत्र' के दौरान अन्य लोगों के साथ हथियार प्रदर्शित करते हुए दिखाई दे रहा था। बाद में यह वीडियो मीडिया प्रोफाइल पर पोस्ट किया गया। जांच में कई की पहचान की गई। इनमें से उवैद मलिक, जलाल हैदर, समीर उर्फ रूहान और माजुल पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

# सीईसी ज्ञानेश को हटाने के लिए 73 सांसदों का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- विपक्षी दलों ने राज्यसभा के महासचिव को सौंपा नया प्रस्ताव
- कांग्रेस ने कहा- सीईसी का पद पर बने रहना संविधान पर हमला

विपक्षी दलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के संदर्भ में शुक्रवार को राज्यसभा को नया नोटिस सौंपा और उन पर सत्तारूढ़ दल के साथ निकटता सहित कई आरोप लगाए। संसद के उच्च सदन के 73 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला यह नोटिस राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को दिया गया है।

राज्यसभा के महासचिव ने कहा कि यह मांग 15 मार्च 2026 को और उसके बाद उनके द्वारा किए गए कृत्यों और गलतियों के आधार पर सिद्ध दुराचार के आधार पर की गई है, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 324(5) को अनुच्छेद 124(4) के साथ पढ़ते हुए, साथ ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 की धारा 11(2) तथा न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अंतर्गत आता है। रमेश ने कहा कि अब मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ नौ विशिष्ट आरोप हैं, जिन्हें बेहद विस्तार से दर्ज किया गया है और जिन्हें न तो नकारा जा सकता है और न ही दबाया जा सकता है। उन्होंने दावा किया, उनका पद पर बने रहना संविधान पर हमला है। यह पूरी तरह शर्मनाक है कि वह अब भी पद पर बने हुए हैं, ताकि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के इशारों पर काम कर सकें। विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्ताव लाने का नया नोटिस देते हुए उनके विरुद्ध कई आरोप लगाए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ दल के साथ निकटता, आचार संहिता से जुड़ी कार्रवाइयों में पक्षपात और 'त्रुटिपूर्ण' एसआईआर को पूरे देश में क्रियान्वित करना प्रमुख हैं।

### विपक्ष बोला- बड़ी संख्या में मतदाता हुए वंचित

विपक्षी दलों ने एसआईआर का हवाला देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार से वंचित किया गया तथा 90 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि पश्चिम बंगाल में आयोग के अधिकारियों द्वारा अलग-अलग शिकायतों पर जानबूझकर कार्रवाई नहीं की गई। विपक्षी सांसदों का यह दावा भी है, 'दोषपूर्ण एसआईआर को राष्ट्रव्यापी स्तर पर करने की संस्तुति दी गई।

**नौका विहार**



**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार सुबह हुगली नदी में नौका की सवारी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नदी की दिव्य जलधाराएं एक पूरी सभ्यता की शाश्वत भावना को अपने अंदर समेटे हुए हैं। मोदी ने यह भी कहा कि वह पश्चिम बंगाल के विकास और महान बंगाली लोगों की समृद्धि के प्रति प्रतिबद्ध हैं। ● अमृत विचार

# गन्ना किसानों की फसल का होगा जीपीएस सर्वे

- मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर गन्ना विभाग ने शुरू की तैयारी

**लखनऊ।** सीएम के निर्देश पर प्रदेश में गन्ना किसानों की फसल का जीपीएस आधारित सर्वेक्षण कराया जाएगा। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने इसके लिए नीति जारी कर दी है। सर्वे 1 मई से शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलेगा। सर्वेक्षण की सूचना पंजीकृत किसानों को तीन दिन पहले मोबाइल एसएमएस के जरिए दी जाएगी।

सर्वे टीम में एक राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और एक चीनी मिल कर्मचारी शामिल होंगे, जिन्हें पहले से प्रशिक्षित किया जाएगा। सर्वे के दौरान किसान की मौजूदगी अनिवार्य होगी और टीम खेत पर पहुंचकर जीपीएस के माध्यम से डेटा सीधे विभागीय सर्वर पर दर्ज करेगी। सर्वे पूरा होने के बाद खेत का क्षेत्रफल, गन्ने की किस्म किसानों को एसएमएस के जरिए भेजे जाएंगे। वीना कुमारी ने बताया कि पेराई सत्र 2026-27 के लिए यह सर्वेक्षण नीति लागू की गई है और आंकड़े ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## अमेरिका से शांति वार्ता को इस्लामाबाद जाएंगे अराघची

**इस्लामाबाद।** अमेरिका के साथ दूसरे दौर की शांति वार्ता के लिए ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार रात इस्लामाबाद आ सकता है। अमेरिका की साजो-सामान और सुरक्षा टीम पहले से ही इस्लामाबाद में मौजूद है। यह घटनाक्रम उस फोन कॉल के कुछ घंटे बाद सामने आया है, जिसमें पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार तथा अराघची ने अमेरिका-ईरान संघर्षविराम एवं पाकिस्तान के कूटनीतिक प्रयासों पर विचार-विमर्श किया। वहीं, ईरानी दूत काजेम जलाली ने कहा है कि ईरान मामलों को कूटनीति से सुलझाना पसंद करेगा लेकिन अगर बात बिगड़ती है, तो वह युद्ध जारी रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने इस्लामिक गणराज्य के कई मर्तबा धोखा खाने के बावजूद कभी भी कूटनीति का साथ नहीं छोड़ने की भी बात कही।

# एनआईए को आरोपपत्र दाखिल करने की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

**मालदा मामला**

- न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिए आदेश

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में एक अप्रैल को हुई उस सनसनीखेज घटना की जांच पूरी होने पर एनआईए को आरोप-पत्र दाखिल करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी, जिसमें मालदा जिले में एक भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को बंधक बना लिया था।

प बंगाल, ओडिशा और झारखंड के कुल 700 न्यायिक अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया में तैनात हैं, ताकि मतदाता सूची से बाहर किए गए लोगों की 60 लाख से अधिक आपत्तियों का निपटारा किया जा सके। एनआईए की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ को बताया कि जांच एजेंसी ने अब तक की जांच का विवरण देते हुए एक नयी स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। पीठ ने विधि अधिकारी की दलीलों का संज्ञान लेते हुए कहा, एनआईए को सक्षम क्षेत्राधिकार वाली अदालत में आरोप-पत्र दाखिल करने की स्वतंत्रता होगी।

### न्यायाधिकरणों को तत्काल सुनवाई करने के आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को अपीलीय न्यायाधिकरणों से कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के बाद जिन लोगों का नाम जोड़ने के लिए तत्काल सुनवाई का मामला बनता है, उनकी याचिकाओं पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाए। सुनवाई की शुरुआत में भारत सीजेआई सूर्यकांत ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में भारी मतदान पर खुशी जताई। सीजेआई ने कहा, भारत के एक नागरिक के रूप में, मैं मतदान प्रतिशत देखकर बहुत खुश हूं।

# हाईकोर्ट ने यूपी-टीईटी 2026 में डीएलएड अभ्यर्थियों को बैठने की दी तात्कालिक अनुमति

विधि संवाददाता, लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने डीएलएड (ओडीएल) करने वाले अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें यूपी-टीईटी 2026 परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने कहा है कि ऐसे अभ्यर्थियों को फिलहाल (प्रोविजनल) रूप से परीक्षा में बैठने दिया जाए। इसके साथ ही स्पष्ट किया कि इन अभ्यर्थियों के चयन का मामला याचिका में पारित होने वाले अंतिम आदेश के अधीन रहेगा। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 22 मई को होगी।

न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने शुभम कुमार शुक्ला समेत 36 याचियों की याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिका में मांग की गई थी कि डीएलएड-ओडीएल (ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग) को यूपी-टीईटी 2026 के ऑनलाइन फॉर्म में शामिल किया जाए और अभ्यर्थियों को आवेदन करने दिया जाए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि नियमों के तहत केवल वही अभ्यर्थी टीईटी के लिए पात्र हैं, जिनकी योग्यता 2019 के नियमों के अनुरूप है। वहीं, राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद की ओर से दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार 18 माह का डीएलएड (ओडीएल) करने वाले अभ्यर्थी अन्य संस्थानों, जिनमें सरकारी स्कूल भी शामिल हैं, में नियुक्ति के लिए पात्र हैं। न्यायालय ने सर्वोच्च न्यायालय के 10 दिसंबर 2024 और 5 मार्च 2025 के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि "अन्य संस्थानों" में सरकारी स्कूल भी शामिल हैं, ऐसे में यदि इन अभ्यर्थियों को टीईटी में बैठने से रोका जाता है तो सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वे अभ्यर्थी, जो 10 अगस्त 2017 या उससे पहले से कार्यरत हैं और जिनके पास 18 माह का डीएलएड (ओडीएल) डिप्लोमा है, उन्हें प्रोविजनल आधार पर यूपी-टीईटी 2026 में शामिल होने दिया जाए। हालांकि, उनका अंतिम चयन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।

## दुष्कर्म कर हत्या मामले में डीजीपी को महिला एसआईटी बनाने के निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यूपी के डीजीपी को निर्देश दिया कि वह पिछले महीने गाजियाबाद में चार साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में समयबद्ध जांच के लिए किसी आयुक्त या महानिरीक्षक रैंक की अधिकारी के नेतृत्व में पूरी तरह से महिला अधिकारियों की एसआईटी का गठन करें। कोर्ट ने मामले की जांच के प्रति गाजियाबाद पुलिस की टालमटोल को लेकर चिंता जताई थी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि एसआईटी का गठन शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक अधिसूचित किया जाए। संबंधित घटना 16 मार्च की है। पीठ ने आदेश दिया कि एसआईटी में महिला पुलिस अधिकारी शामिल होंगी।

**अदालत से** | प्रबंध समिति की अनुमति बिना शिक्षक की अवैध बहाली का मामला, मामले की जांच कराएं डीजी एसटीएफ

# बाराबंकी के डीआईओएस के तबादले व जांच का आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बाराबंकी के सिटी इंटरमीडिएट कॉलेज में एक शिक्षक की पुनः ज्वाइनिंग के मामले में गंभीर अनियमितताएं पाते हुए डीजी एसटीएफ को मामले की जांच कराने के आदेश दिए हैं। साथ ही शिक्षक को अवैध रूप से दिए गए वेतन की वसूली के निर्देश भी दिए हैं। कोर्ट ने मामले में बाराबंकी के जिला विद्यालय निरीक्षक, कॉलेज के प्रधानाचार्य और सम्बंधित शिक्षक की भूमिका पर संदेह जताते हुए जांच कराने के भी निर्देश दिए। कोर्ट ने यह भी पाया कि डीआईओएस ने रिकॉर्ड में हेरफेर और भ्रामक जानकारी देने का प्रयास किया, जिसके चलते निष्पक्ष जांच के लिए उनके तत्काल तबादले के भी निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त, अयोध्या मंडल के तत्कालीन संयुक्त शिक्षा निदेशक के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। कोर्ट ने मामले में अनुपालन रिपोर्ट तलब करते हुए, मामले की अगली सुनवाई 28 मई 2026 को निर्धारित की है।



न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश कॉलेज की प्रबंध समिति की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। अपने आदेश में कोर्ट ने शिक्षा विभाग में आदेशों के संप्रेषण में हो रही लापरवाही पर भी चिंता जताई और मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि भविष्य में सभी आदेश ईमेल व व्हाट्सएप के माध्यम से भी भेजे जाएं, ताकि विवाद की स्थिति न बने। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया पाया कि संबंधित शिक्षक अभय कुमार को बिना प्रबंध समिति की अनुमति के पुनः कार्यभार ग्रहण कराया गया, जो विधि विरुद्ध है। आदेश के अनुसार, अभय कुमार वर्ष 2018 में सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे, लेकिन उन्होंने जून 2024 में छत्तीसगढ़ के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवक्ता पद पर नियुक्ति ग्रहण कर ली थी। इसके लिए उन्होंने प्रबंध समिति से अनुमति नहीं ली और बाद में लियन बनाए रखने का अनुरोध भी किया, जिसे प्रबंध समिति ने अस्वीकार कर दिया। इसके बावजूद संयुक्त शिक्षा निदेशक व जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर सितंबर 2025 में उन्हें दोबारा कॉलेज में ज्वाइन करा दिया गया और अक्टूबर 2025 का वेतन भी दे दिया गया। न्यायालय ने इसे पूरी तरह अवैध बताते हुए कहा कि ऐसी पुनः नियुक्ति का कोई विधिक आधार नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएल में गलत जन्मतिथि सुधारने की सुविधा शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अब ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) में गलत दर्ज जन्मतिथि को आसानी से सुधारा जा सकेगा। परिवहन विभाग ने संशोधन की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है, जिससे आवेदकों को बड़ी राहत मिलेगी। विभाग के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति के डीएल या आधार कार्ड में जन्मतिथि गलत दर्ज है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत संशोधन करा सकता है। इसके लिए आवेदक को तीन मान्य दस्तावेजों में से किसी एक को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही जन्मतिथि में बदलाव किया जाएगा। यह सुविधा Sarathi Parivahan Portal पर उपलब्ध है, जहां आवेदक घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### शिक्षामित्रों के मानदेय को 250 करोड़ जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों को बड़ी राहत देते हुए प्रदेश सरकार ने उनका मानदेय बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया है। इसके लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है, जिससे इसी माह से बढ़े हुए मानदेय का भुगतान शुरू हो जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग के तहत जारी यह बजट बेसिक शिक्षा निदेशालय के माध्यम से सभी जिलों को आवंटित कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, यह राशि केवल शिक्षामित्रों के मानदेय भुगतान के लिए ही उपयोग की जाएगी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है।

### बलिया में पर्यटन विकास के आठ प्रोजेक्ट मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने पर्यटन विकास को गति देने के लिए बलिया में 9 .08 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन राज्य पर्यटन विकास निगम के माध्यम से किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत आजमगढ़ मंडल में आने वाले बलिया जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए यह धनराशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत परियोजनाओं में रसड़ा क्षेत्र स्थित लखनेश्वर मंदिर (50 लाख), बांसडीह का काली मंदिर (60 लाख), सिकंदरपुर का शिव मंदिर (50 लाख) और बेल्थरा क्षेत्र के राम जानकी मंदिर (64 लाख) शामिल हैं। इसके अलावा बलिया नगर स्थित महर्षि भृगु आश्रम के लिए 437 लाख, फेफना क्षेत्र के बाबा मुक्तिनाथ धाम के लिए 101 लाख, बैरिया के खपड़िया बाबा आश्रम के लिए 51 लाख तथा नगरा (जमुआंव) के प्राचीन शिव मंदिर के लिए 55 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**कुंडा (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** कुंडा कोतवाली के पूरे शाह करम अली गांव निवासी 34 वर्षीय मो. वसीम अंसारी पुत्र मो. शमीम अंसारी परिवार के जीवकोपार्जन को सऊदी अरब में रहता था। चार महीने पहले वह अवकाश पर गांव घूमने आया। 23 अप्रैल की देर रात वह अपने साथी राम कुमार गुप्ता के 22 वर्षीय बेटे संजय कुमार गुप्ता निवासी अलीगंज बरई के साथ बाइक से कहीं घूमने जा रहा था। जैसे ही वह लोग प्रयागराज-लखनऊ बाईपास हाईवे पर रजनपुर गांव के सामने पहुंचे। सामने से आ रहे बाइक सवार से टक्कर हो गई। जिससे दोनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा। सीएचसी में डाक्टर ने मो. वसीम अंसारी को मृत घोषित कर दिया जबकि संजय कुमार गुप्ता का इलाज किया। अविवाहित बेटे के मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# संस्कृत बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत विद्यार्थी रहे सफल

## कक्षा-10 में सृष्टि और कक्षा-12 में रजनीश यादव ने हासिल किया प्रदेश में पहला स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया है। पारदर्शी और नकलविहीन व्यवस्था के बीच आयोजित परीक्षा में इस बार 95 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थी सफल रहे हैं।

माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सरकार की पारदर्शी परीक्षा प्रणाली का परिणाम बताया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 1091 संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया।

पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा-10) में सृष्टि ने 94.43 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। वहीं उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा-12) में रजनीश यादव ने 89.36 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया।



परिणाम के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव, माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के सचिव शिव लाल व अन्य। अमृत विचार

### तीनों स्तरों पर शानदार प्रदर्शन

पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा-10) में 95 .91 प्रतिशत, उत्तर मध्यमा प्रथम में 94 .40 प्रतिशत और उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा-12) में 94 .86 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं।

### आंकड़ों में सुधार के संकेत

इस वर्ष परिणाम में भी सुधार दर्ज किया गया है। कक्षा-10 के उत्तीर्ण प्रतिशत में पिछले वर्ष की तुलना में 2 .79 प्रतिशत और कक्षा-12 में 6 .82 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# जेवर एयरपोर्ट पर सुलझा सीईओ विवाद, भारतीय को मिली कमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नीतू समरा बनीं अंतरिम सीईओ नियम के अनुरूप बदलाव से सुरक्षा मंजूरी का रास्ता साफ

**अमृत विचार :** बहुप्रतीक्षित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानें शुरू होने में आ रही बड़ी बाधा अब दूर होती दिख रही है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने नेतृत्व ढांचे में बदलाव करते हुए भारतीय नागरिक नीतू समरा को अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। इससे सुरक्षा नियमों से जुड़ा विवाद सुलझने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

दरअसल, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के नियमों के अनुसार किसी भी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का सीईओ भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है, क्योंकि वही सुरक्षा समन्वयक की भूमिका निभाता है। इसी कारण एयरड्रोम सिक्योरिटी प्रोग्राम (एएसपी) की मंजूरी अटकी हुई थी और उड़ानों की शुरुआत में देरी हो रही थी।

एयरपोर्ट संचालन कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. ने अब इस बाधा को दूर करते हुए नीतू समरा को अंतरिम सीईओ बनाया है। वह इससे पहले मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के पद पर कार्यरत थीं और परियोजना के विकास में अहम भूमिका निभा चुकी हैं। वहीं, पूर्व सीईओ स्विस नागरिक क्रिस्टोफ श्नेलमैन को कार्यकारी उपाध्यक्ष की नई जिम्मेदारी दी गई है, ताकि प्रबंधन में निरंतरता बनी रहे।

इस बदलाव के बाद एयरपोर्ट के लिए आवश्यक एएसपी सुरक्षा मंजूरी मिलने की संभावना बढ़ गई है। एएसपी के बिना किसी भी एयरपोर्ट पर वाणिज्यिक उड़ान संचालन संभव नहीं होता था और सीईओ की विदेशी नागरिकता इस प्रक्रिया में प्रमुख बाधा बनी हुई थी।

# धर्मांतरण गिरोह को विदेशों से मिले थे अरबों रुपये

## छांगुर बाबा मामले में एटीएस और ईडी की चार्जशीट में खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के धर्मांतरण गिरोह के खिलाफ एटीएस कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट ने अरबों रुपये के विदेशी फंडिंग और धर्मांतरण के गिरोह संचालित करने वाले छांगुर बाबा की डिस्चार्ज अर्जी को हाल ही में खारिज कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद छांगुर व उसके साथियों के खिलाफ सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है।

ईडी और एटीएस की संयुक्त टीम ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुरबाबा के खिलाफ 1400 पन्नों की विस्तार से चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 100 करोड़ रुपए से अधिक की विदेशी फंडिंग, जमीन खरीद और संगठित तरीके से धर्मांतरण कराने जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। चार्जशीट में फंडिंग, संपत्ति खरीद, बैंक ट्रांजैक्शन और आरोपियों के बीच संबंधों का विस्तृत विवरण दिया गया है। चार्जशीट में उल्लेख किया गया है कि आरोपी एक संगठित गिरोह के रूप में काम कर रहे थे, जिनका उद्देश्य बड़े पैमाने पर धर्मांतरण गतिविधियों को अंजाम देना था। जांच एजेंसियों के अनुसार, इस पूरे मामले में सबसे बड़ा खुलासा विदेशी फंडिंग को लेकर हुआ है। ईडी की जांच में सामने आया है कि वर्ष 2015 से 2024 के बीच 100 करोड़ रुपए से अधिक का लेन-देन हुआ। यह रकम सऊदी अरब और दुबई समेत खाड़ी देशों से भारत लाई गई। एजेंसियों ने मनी ट्रेल को खंगालते हुए पाया कि यह पैसा अलग-अलग खातों और माध्यमों से ट्रांसफर किया गया, ताकि इसकी असल पहचान छिपी रहे।

### देश की जनसांख्यिकी को प्रभावित करने और सरकार के खिलाफ साजिश रचने के आरोप

**अमृत विचार :** ईडी ने अपनी जांच में एटीएस द्वारा जुटाए गए तथ्यों को आधार बनाया और दोनों एजेंसियों के बीच समन्वय से पूरे गिरोह के नेटवर्क का खुलासा किया। अधिकारियों का दावा है कि इस फंडिंग का उपयोग धर्मांतरण गतिविधियों को बढ़ावा देने, लोगों को प्रलोभन देने और नेटवर्क को मजबूत करने में किया गया। जांच में सामने आया है कि सह आरोपी बनाए गए नवीन और उसकी पत्नी नीतू ने इस फंड का इस्तेमाल कई जिलों में जमीन खरीदने के लिए किया। बलरामपुर के तरबगंज क्षेत्र समेत अन्य स्थानों पर खरीदी गई इन संपत्तियों का प्रयोग धर्मांतरण गतिविधियों के संचालन के लिए किया जाता था। लोगों को आर्थिक व सामाजिक प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जाता था। दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि कई संपत्तियां पत्नी के नाम से खरीदी गई। पूरे खरीद-फरोख्त में छांगुर बाबा को एक गवाह व संरक्षक के रूप में दिखाया गया है। मुख्य आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसके सहयोगियों पर देश की जनसांख्यिकी को प्रभावित करने और सरकार के खिलाफ साजिश रचने के आरोप हैं। इस मामले में सीरिया लिंक और स्विस बैंक खातों की जांच अभी बाकी है।

# जातिवाद के नाम पर देश लूटने वालों से रहें सावधान

## मुख्यमंत्री ने की 'रश्मिरथी पर्व' की शुरुआत, दिनकर की कृतियों को बताया राष्ट्र चेतना की मशाल



'रश्मिरथी से संवाद' स्मारिका का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह व महापौर सुषमा खर्कवाल।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने और विकसित व आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जातिवाद के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों से सावधान रहना होगा। उन्होंने ऐसे लोगों को राष्ट्रद्रोही बताते हुए जनता से सतर्क रहने का आह्वान किया।

शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित तीन दिवसीय 'रश्मिरथी पर्व' के शुभारंभ और 'रश्मिरथी से संवाद' स्मारिका के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की रचनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि "ऊंच-नीच का भेद न जाने, वही श्रेष्ठ ज्ञानी है" जैसी पंक्तियां आज भी समाज को दिशा देती हैं। कालजयी कृति 'रश्मिरथी' को उन्होंने राष्ट्र निर्माण की प्रेरक धरोहर बताया। "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है" जैसी पंक्तियों को उन्होंने लोकतांत्रिक चेतना का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'रश्मिरथी' के नाट्य मंचन की सराहना करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और संस्कृति विभाग को ऐसी प्रेरक प्रस्तुतियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे, सत्यपाल सिंह, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### तीन दिन चलेगा साहित्य-संस्कृति का संगम

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयोजन में 'रश्मिरथी' पर आधारित नाट्य मंचन के साथ ही स्वामी विवेकानंद, लोकमान्य तिलक और अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर विशेष प्रस्तुतियां होंगी। उन्होंने भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय समेत अन्य संस्थानों के छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# वक्फ संपत्तियों पर कब्जों के खिलाफ कोर्ट जाएगा बोर्ड: जैदी

## अनियमितताओं की खबरों पर चेयरमैन ने दी सफाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की तैयारी
- वक्फ संपत्तियों से कब्जे हटवाए मन्दिर व धर्मशालाओं को किया गया मुक्त

**अमृत विचार :** उप्र. शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि प्रदेश की बहुत सी वक्फ संपत्तियों पर भू-माफियाओं की नजर है। बोर्ड जल्दी ही उनके कब्जों के खिलाफ कोर्ट में पिटीशन फाइल करेगा। पिछले कुछ दिनों से बोर्ड अध्यक्ष द्वारा वक्फ संपत्तियों से अनियमितताओं को लेकर चल रही खबरों के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने ऐसी खबरें चलवाईं, वही जिम्मेदार हैं और उन्हें मेरा पक्ष भी पूछना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि मैं जब बोर्ड का अध्यक्ष बना तो कर्मचारियों का 37 महीने का वेतन बकाया था। मैंने बोर्ड की आमदनी बढ़ाकर बोर्ड के रिटायर हो चुके कर्मचारियों और काम कर रहे कर्मचारियों का लगभग 50 लाख रुपये का भुगतान कराया। मेरे कार्यकाल का 4 महीने का वेतन अभी भी बकाया है।



शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी

अली जैदी ने बताया कि वक्फ दरोगा मीर वाजिद अली की वजीरगंज, डालीगंज और सआदतगंज स्थित सम्पत्ति गैर मुस्लिम के नाम दर्ज थी, जिसे कब्जे से मुक्त कराया। इसी तरह से कुछ मन्दिर और धर्मशालाओं को वक्फ सम्पत्ति में दर्ज किया गया था, उसे वक्फ रिकार्ड से हटवाया और मन्दिरों व धर्मशालाओं को मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने लखीमपुर में इमामबाड़े को अतिक्रमण मुक्त कराकर वहां बाउंड्री कराई। बुलंदशहर में इमामबाड़े से अतिक्रमण हटवाया।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि जब उन्हें अध्यक्ष बनाया गया तब बोर्ड में सालाना एक लाख रुपये की आय वाले 38 वक्फ थे, मौजूदा समय में एक लाख आय वाले 81 वक्फ हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड में कुल 7785 अवकाफ रजिस्टर्ड है, जिसको नये वक्फ अधिनियम- 1995 (यथासंशोधित- 2025) के अन्तर्गत अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, केंद्र सरकार द्वारा बनाये गए उम्मीद पोर्टल पर 21 अप्रैल 2026 तक लगभग 7647 अवकाफ मुतवल्ली/मेकर्स द्वारा अपलोड किये जा चुके हैं, जिसके सापेक्ष 3595 अवकाफ के सत्यापन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 2167 अवकाफ बोर्ड द्वारा अप्रूव्ड किये जा चुके हैं।

# कड़ी सुरक्षा में होमगार्ड लिखित परीक्षा आज से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर होमगार्ड एनरॉलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा शुक्रवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो रही है। 25, 26 और 27 अप्रैल को प्रदेश के 1053 केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में 25.32 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे, जबकि कुल 41,424 पदों के लिए भर्ती की जा रही है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष एसबी शिरडकर के अनुसार परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। हर जिले में अपर पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस उपायुक्त स्तर के नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। वहीं, प्रत्येक 240 अभ्यर्थियों पर एक निरीक्षक या उपनिरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है।

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच होगी, जबकि महिला अभ्यर्थियों की चेकिंग अलग परिसर में महिला पुलिसकर्मियों द्वारा की जाएगी। सभी केंद्रों और स्ट्रॉन्ग रूम में 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी रहेगी। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, जबकि यूपी-112 की गाड़ियां और एम्बुलेंस अलर्ट मोड में रहेंगी। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी अफवाह पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

**डबल लॉक में सुरक्षित प्रश्नपत्र :** प्रश्नपत्रों को कोषागार में 'डबल लॉक सिस्टम' के तहत रखा गया है, जिसकी चाबियां अलग-अलग अधिकारियों के पास होंगी। स्ट्रॉन्ग रूम में बिजली, इंटरनेट और अग्निशमन की समुचित व्यवस्था की गई है। सुरक्षित परिवहन के लिए रूट मैप तैयार कर पूर्वाभ्यास भी कराया गया है।

**ई-केवाईसी और बायोमेट्रिक अनिवार्य :** अभ्यर्थियों को प्रवेश से पहले आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया से गुजरना होगा।

### सम्मान सहित उत्तीर्ण हुए 50 % छात्र- छात्राएं

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** नगर पंचायत मानधाता स्थित बाबू अमरपाल सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज में यूपी बोर्ड हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 50 फीसदी छात्र- छात्राएं सम्मान सहित उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर प्रबंधक विक्रांत सिंह नवीन ने शिक्षकों एवं छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य राजन सरोज ने छात्रों को मुंह मीठा कराकर बधाई दी। इस दौरान नीरज सिंह, साधुराम यादव, प्रियंवदा मिश्रा, गुलशन बानो, खुशनुमा बानो, सरोज, रेखा देवी आदि मौजूद रहे।



छात्रा का मुंह मीठा करातीं महिला शिक्षक।

### परिवारवादी पार्टियों ने किया महिला आरक्षण का विरोध : दया शंकर

**रानीगंज (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** प्रदेश के परिवहन मंत्री और प्रतापगढ़ के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह रानीगंज डाक बंगला में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि जो राजनैतिक पार्टियां परिवार के लोगों को नेता बनाना चाहती हैं उन्हें महिला आरक्षण से लाभ नहीं हो रहा था। इस लिए महिला आरक्षण का विरोध किया गया। जनगणना और परिसीमन का बहाना बनाकर महिलाओं की भागीदारी रोकने का प्रयास किया गया। जनता इनको मुंहतोड़ जवाब देगी। वहीं रस्तीपुर स्थित एक मैरिज हॉल में जन आक्रोश महिला सम्मेलन में मंत्री दयाशंकर सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव एवं संयोजन पूर्व विधायक अभय कुमार धीरज ओझा ने किया। इस अवसर पर सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, राघवेंद्र शुक्ल, रुचि केसरवानी, प्रतिभा सिंह, रचना चतुर्वेदी, खुशबू गुप्ता, पुष्पा सरोज, वंदना त्रिपाठी, कुसुम कश्यप आदि रहे।



महिला सम्मेलन में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### दो पंचायत सचिवों पर गिरी निलंबन की गाज

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मानधाता के धरमपुर गांव में तैनाती के दौरान फर्जी कार्य दिखाकर भुगतान करने के मामले में डीपीआरओ ने दो पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया है। डीपीआरओ की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। धरमपुर गांव के मुख्तार अहमद एवं लैलतुन ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि पंचायत सचिव द्वारा ग्राम प्रधान से मिलकर बिना कार्य के ही फर्जी भुगतान कर लिया गया। मामले में डीपीआरओ ने पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर जवाब मांगा था। शिकायती पत्र में दिव्यांग शौचालय का बगैर निर्माण पूर्ण हुए 1 लाख 70 हजार रूपये का भुगतान। खड़ंजा मरम्मत का 75 हजार रूपये फर्जी भुगतान एवं नहर से राजाराम के घर तक नाली निर्माण पूर्ण हुए ही भुगतान करने का मामले को दर्शाया गया था। मामले में दोषी पाते हुए डीपीआरओ ने दो पंचायत सचिवों तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी राशिद हनफी वर्तमान तैनाती संडवा चंद्रिका और उनके बाद पंचायत सचिव रहे ग्राम विकास अधिकारी चंद्र प्रताप पटेल जिनकी इस समय मंगरौरा ब्लॉक में तैनाती है को निलंबित कर दिया।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**रानीगंज (प्रतापगढ़) :** फतनपुर थाना क्षेत्र के स्वरूपुर नौडेरा निवासी हरिश्चन्द्र का 41 वर्षीय पुत्र रामदास गुरुवार रात करीब 9 बजे को सुवंसा बाजार गए थे। घर वापस लौटते समय सुवंसा बड़ी नहर के पास ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल होने पर गौरा अस्पताल लाया गया। जहां से ट्रामा सेंटर रानीगंज ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने रामदास को मृत घोषित कर दिया।

# प्रयागराज में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य से ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जंक्शन पर यार्ड रीमॉडलिंग के तहत चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनों को प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है।

रेलवे के अनुसार 29 अप्रैल को 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया एक्सप्रेस मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जौनपुर-औड़िहार मार्ग से चलेगी। वहीं 30 अप्रैल को 11072 बलिया-एलटीटी एक्सप्रेस जंघई-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-झांसी होते हुए बीना के रास्ते संचालित की जाएगी। इसके अलावा अहमदाबाद-दरभंगा, दरभंगा-अहमदाबाद, गोरखपुर-एलटीटी, रक्सौल-एलटीटी और पुणे-दरभंगा समेत कई ट्रेनों को भी परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

कार्य अवधि के दौरान कुछ ट्रेनों को नियंत्रित कर चलाने का निर्णय लिया गया है। पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस लगभग 90 मिनट देरी से चलेगी, जबकि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस को दोनों जोनों में 120-120 मिनट नियंत्रित किया जाएगा।

सुधार | राष्ट्रीय मंच पर एसीएस पार्थ सारथी सेन शर्मा ने रखा यूपी का पक्ष

# कॉन्क्लेव में छाया रहा शिक्षा का 'योगी मॉडल'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एफएनएल, एआई व एडटेक के साथ मूल्यांकन सुधार पर व्यापक चर्चा

**अमृत विचार:** देश में शिक्षा सुधार को लेकर दिल्ली में आयोजित एजुकेशन कॉन्क्लेव 2026 में उत्तर प्रदेश का 'योगी मॉडल' छाया रहा। सेंट्रल स्क्वेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय मंच पर अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश में हुए शिक्षा सुधारों को विस्तार से प्रस्तुत किया।

कॉन्क्लेव में विभिन्न राज्यों के नीति-निर्माताओं, शिक्षा विशेषज्ञों और प्रशासकों ने उत्तर प्रदेश के मॉडल पर विमर्श किया। खासतौर पर आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएनएल), प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ईसीई), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और एडटेक के उपयोग जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। एसीएस सेन शर्मा ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा सुधार को स्पष्ट लक्ष्य, सतत मूल्यांकन और शिक्षक-केंद्रित दृष्टिकोण के आधार पर आगे बढ़ाया गया है। 'लक्ष्य आधारित शिक्षण' और निरंतर आकलन प्रणाली से शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार देखने को मिला है। एडटेक और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से प्रशासन और शिक्षकों के बीच रियल-टाइम कनेक्टिविटी स्थापित हुई है, जिससे त्वरित निर्णय और बेहतर क्रियान्वयन संभव हो पाया है। प्रदेश का यह मॉडल शिक्षा के क्षेत्र में अन्य राज्यों के लिए भी मार्गदर्शक बन सकता है, जहां नीतियों को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारकर ठोस परिणाम हासिल किए जा रहे हैं।

### शिक्षक बने बदलाव की धुरी

प्रदेश में शिक्षकों को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) जैसे मेंटर कैडर, संकुल बैठकों और नियमित संवाद से शिक्षण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाया गया है।

### मूल्यांकन में सुधारात्मक दृष्टिकोण

मूल्यांकन प्रणाली को दंड या पुरस्कार के बजाय सीखने की कमियों की पहचान और सुधार के उपकरण के रूप में विकसित किया गया है। इससे छात्रों के वास्तविक अधिगम परिणामों पर फोकस बढ़ा है।

न्यूज ब्रीफ

### रामसनेहीघाट के मेले आए अयोध्यावासी की मोटरसाइकिल चोरी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** कोतवाली रामसनेही घाट क्षेत्र में आयोजित मेले से एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, अयोध्या जिले के थाना पटरंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालपुर मजरे रानीमऊ निवासी सुनील कुमार पुत्र रोशन लाल 19 सितंबर की रात 8:30 बजे सुमेरगंज स्थित मेले में घूमने आए थे। उन्होंने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल को रामसनेहीघाट डाकघर के पास सड़क से कुछ दूरी पर खड़ा किया था। मेला देखकर लौटने पर उनकी बाइक मौके से गायब मिली। काफी तलाश के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित ने 23 अप्रैल को कोतवाली में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस का कहना है सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे।

### आग से लाखों की क्षति बची आठ की जान

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी:** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक किराना गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम के ऊपर बने मकान में रह रहे आठ लोग उसमें फंस गए। राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी रामायण गुप्ता के किराना गोदाम में सुबह करीब चार बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगते ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग की भयावहता को देखते हुए गोदाम के ऊपर बने मकान में फंसे महिलाओं और बच्चों समेत कुल आठ लोगों को बचाने के लिए तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

# श्री साईं इंटर कॉलेज का जलवा कायम, फिर रचा इतिहास

## आदित्य ने इंटर में हासिल किया प्रदेश में 8वां व जिले में चौथा स्थान, संस्कार वर्मा ने जिले में नौवां और अंबुज यादव ने हासिल किया दसवां स्थान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** शिक्षा के क्षेत्र में जिले के मेधावी विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। श्री साईं इंटर कॉलेज बड़ेल कैनाल रोड के छात्रों ने भी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि जिले का गौरव भी बढ़ाया। इंटरमीडिएट परीक्षा में छात्रों ने शानदार सफलता दर्ज की। आदित्य वर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान एवं जिले में चौथा स्थान हासिल किया। महक वर्मा ने 92.20 प्रतिशत, अनिमेष सिंह ने 92 प्रतिशत, कपीश शर्मा ने 91.20 प्रतिशत तथा पीयूष मिश्रा ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम की अगर बात करें तो विद्यालय के संस्कार वर्मा ने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में नौवां स्थान हासिल किया, जबकि अंबुज यादव ने 95.50 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया। अक्षत अवस्थी ने 95.10 प्रतिशत, सृजल मौर्य ने 95 प्रतिशत, शौर्य प्रताप सिंह ने 94.80 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके साथ ही अनुभव सिंह ने 94.10 प्रतिशत, हर्षित यादव, दीपा सिंह एवं मुदिता वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अभिज्ञान पटेल, शिवांशु वर्मा एवं प्रज्ञा वर्मा ने 93.80 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं महेंद्र वर्मा ने 93.50 प्रतिशत, नैतिक वर्मा एवं प्रशांत भूषण ने 93.30 प्रतिशत, दीपांशू वर्मा एवं सात्विक गुप्ता ने 93.10 प्रतिशत तथा आराधना सिंह ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम से पूरे परिसर में हर्ष का माहौल है। प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे निरंतर मेहनत, अनुशासन और मार्गदर्शन का परिणाम बताया। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इंटरमीडिएट के कॉलेज टॉपर्स


आदित्य वर्मा।


महक वर्मा।


अनिमेष सिंह।


कपीश शर्मा।


पीयूष मिश्रा।

हाईस्कूल के कॉलेज टॉपर्स


संस्कार वर्मा।


अंबुज यादव।


अक्षत अवस्थी।


सृजल मौर्य।


शौर्य प्रताप सिंह।


अनुभव सिंह।


हर्षित यादव।


दीपा सिंह।


मुदिता वर्मा।


अभिज्ञान पटेल।


शिवांशु वर्मा।


प्रज्ञा वर्मा।


महेंद्र वर्मा।


नैतिक वर्मा।


प्रशांत भूषण।


दीपांशू वर्मा।


सात्विक गुप्ता।


आराधना सिंह।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में शत-प्रतिशत रहा परिणाम

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार:** बीआरजी पब्लिक इण्टर कॉलेज बरैय्या ने एक बार फिर परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में खुशी का माहौल रहा। प्रधानाचार्य संजय कुमार वर्मा ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में समृद्धि शुक्ला ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रबल सोनी ने 94.33 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि वान्या वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सूर्यकांत मिश्रा ने 93.83 प्रतिशत, आलोक कुमार रावत ने 92.3 प्रतिशत, सचिन कुमार ने 92.16 प्रतिशत, हर्ष सोनी ने 92 प्रतिशत, श्रेया वर्मा ने 91.83 प्रतिशत, अदिति जायसवाल ने 91.33 प्रतिशत, हरिनाथ ने 90.83 प्रतिशत, अल्का मौर्या ने 90.5 प्रतिशत, शितांशु ने 90.33 प्रतिशत तथा नंदिनी कौशल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में सिमरनप्रीत कौर ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अर्शित पटेल ने 90.4 प्रतिशत, खुशी पाण्डेय ने 90 प्रतिशत, सत्यवान चौहान ने 89.4 प्रतिशत, अरविन्द कुमार ने 88.6 प्रतिशत, ऋषि सोनी ने 87.6 प्रतिशत तथा माही वर्मा ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया।


मेधावियों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य संजय कुमार वर्मा। अमृत विचार

# केजीबीवी देवा की 77 छात्राएं उत्तीर्ण

**बाराबंकी, अमृत विचार:** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) ने इस वर्ष हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उच्चीकृत होने के बाद पहली बार बोर्ड परीक्षा में शामिल हुई विद्यालय की सभी 77 छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। केजीबीवी देवा की आकांक्षी यादव ने 82.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। मोनी देवी ने 81.16 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा सिरौलीगौसपुर की तनु ने 81.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता को शिक्षिकाओं और छात्राओं की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया गया है। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी ने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने सभी सफल छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि का श्रेय जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और शिक्षकों के निरंतर प्रयासों को दिया। इस अवसर पर सुधा, विभा मिश्रा, साधना, मीना शर्मा, शकुंतला वर्मा, अर्चना सिंह, सुषमा रानी, ज्योति स्वरूप, अभिषेक सिंह, ममता मौर्य, संगीता आर्य, ऋचा सिंह, अंतिमा मिश्रा, प्रीति सिंह, उजाला सहित समस्त स्टाफ ने खुशी व्यक्त की।


आकांक्षी यादव।


मोनी देवी।


तनु।

### ग्रांड रिहर्सल परेड का आयोजन, दिए निर्देश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक द्वारा 'ग्रांड रिहर्सल परेड' का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड में आगामी 26 अप्रैल को होने वाली 'पासिंग आउट परेड' के दृष्टिगत 'ग्रांड रिहर्सल परेड' का आयोजन किया गया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल परेड की सलामी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर एएसपी दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, सीओ फतेहपुर जगतराम कन्नौजिया, सीओ नगर संगम कुमार, सीओ यातायात आलोक कुमार पाठक, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।


जिलाधिकारी का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### कर्मचारी-शिक्षक महासंघ ने किया डीएम का स्वागत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कर्मचारी-शिक्षक महासंघ के संरक्षक मंडल व संयोजक मंडल के सदस्यों ने नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह से मुलाकात कर उनका पुष्पगुच्छ व स्वागत पत्र देकर अभिनंदन किया। स्वागत करने वालों में संरक्षक मंडल के सदस्य आर.पी. सिंह विसेन, मोहम्मद मुस्तफा खान और रामशरण यादव के साथ संयोजक मंडल के सदस्य रमेश चंद्र वर्मा, पंकज वर्मा व अनिल सिंह मौजूद रहे। महासंघ पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को राजकीय कार्यों में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं डीएम ने समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया।

### युवती लापता, अपहरण का लगाया आरोप

**मसौली, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र में एक युवती अचानक लापता हो गई। परिजनों ने उसे मानसिक बीमार बताते हुए एक युवक व उसके परिवार पर अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, कस्बा सहादतगंज निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 19 वर्षीय बहन, जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, 18 अप्रैल की रात करीब 11 बजे अचानक घर से गायब हो गई। परिवार वालों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का आरोप है कि उसकी बहन अक्सर गांव की एक युवती के साथ बांसा शरीफ स्थित मजार शरीफ पर जाया करती थी, जिससे गांव के ही युवक मो0 जैद पुत्र मो0 नफीस का मिलना जुलना होता था, जैद ही युवती को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। इस मामले में आरोपी के साथ उसके परिवार के अन्य सदस्यों आफताब आलम, मोहम्मद अली, अमीना बानो, करीना और मोहम्मद नफीस पर भी सहयोग का आरोप लगाया गया है। परिवार ने आशंका जताई है कि युवती के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

### व्यापारियों ने नवागत डीएम का किया स्वागत


जिलाधिकारी का स्वागत करते व्यापारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह का जन व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व व्यापारियों ने कार्यालय पहुंचकर स्वागत किया। रोहिताश्व दीक्षित, मो. अकील व अंकुर जैन के नेतृत्व में व्यापारियों ने फूल-मालाएं व स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान व्यापारियों ने बाजारों में यातायात व्यवस्था, पार्किंग समेत विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई। डीएम ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके सहयोग से जिले में बेहतर व्यवस्था और विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर सरदार सतपाल सिंह, हसन अब्बास, बाहुबली जैन, संतोष गुप्ता, मुजीब अंसारी, नितीश जैन, प्रदीप मिश्रा, संतोष राजाराम चाट, तेज जैन, राजनाथ वर्मा, शशीकांत गुप्ता व अखिलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।


उद्घाटन करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

### राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद व नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शुक्रवार को देवा रोड, नवाबगंज स्थित एबी मेडिकल्स होलसेल प्रतिष्ठान का फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर भव्य उद्घाटन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों और अतिथियों में उत्साह देखने को मिला। यह प्रतिष्ठान पंकज गुप्ता 'पंकी' के नेतृत्व में निकिता गुप्ता, गौरव गुप्ता और यश गुप्ता द्वारा संचालित किया जाएगा, जहां दवाओं के साथ सर्जिकल उपकरणों की होलसेल बिक्री किफायती दरों पर होगी। इससे क्षेत्र के चिकित्सकों, मेडिकल स्टोर्स और आमजन को गुणवत्तापूर्ण सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। उद्घाटन समारोह में प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, ज़ैदपुर विधायक गौरव रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष रामसिंह वर्मा 'भुल्लन' आदि मौजूद रहे।

## लंबित वेतनमान व इंक्रीमेंट को लेकर भेजा पत्र

**बाराबंकी, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वेतन लेखा अधिकारी को पत्र भेजा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित पत्र में उन्होंने बताया कि कई शिक्षकों के चयन वेतनमान के आदेश अब तक जारी नहीं हुए हैं, जबकि उनकी देय तिथि निकल चुकी है। उन्होंने शीघ्र आदेश जारी कर शिक्षकों को उनका अधिकार दिलाने की मांग की है। वहीं वेतन लेखा अधिकारी को भेजे पत्र में कहा गया कि जनवरी से चयन वेतनमान का लाभ मिलने के बावजूद कई शिक्षकों को अब तक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने मांग की कि चयन वेतनमान आदेश जारी होने के बाद नियमानुसार इंक्रीमेंट का लाभ भी तत्काल दिया जाए। अभिषेक सिंह ने कहा कि समस्याओं का समय पर समाधान होने से शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा। इस मौके पर नीरज वर्मा, हर्षेंद्र सिंह, सुधीर चौधरी, विनय शुक्ला, सौरभ वर्मा, रवि कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।



बहस सुनते अधिवक्ता। अमृत विचार

### चार टीमों का सेमीफाइनल के लिए चयन, फाइनल आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** टीआरसी लॉ कॉलेज सतरिख में 5वीं राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का प्रथम प्रारंभिक चरण शुक्रवार को शुरू हुआ, जिसमें कुल 22 टीमों ने प्रतिभाग किया। टीमों को कोड आवंटित कर 11 कोर्ट रूम में विभाजित किया गया, जहां इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के अधिवक्ताओं सहित विधि विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की बहस सुनी। प्रतियोगिता में पक्ष-विपक्ष की टीमों ने अपने-अपने पक्ष में सुसंगत तर्क और उच्चतम व उच्च न्यायालय के निर्णय प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने 8 टीमों को क्वार्टर फाइनल के लिए चुना, जिनमें से 4 टीमों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया। सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले शनिवार को आयोजित होंगे, जिनका निर्णय पूर्व न्यायाधीश रंजना पांड्या एवं अन्य विधि विशेषज्ञ करेंगे। कार्यक्रम के अंत में शासी निकाय अध्यक्ष डॉ. सुजीत चतुर्वेदी व प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार गुप्ता ने निर्णायकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. अविनाश मिश्रा, डॉ. शिव शरण, डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव, डॉ. वीर विक्रम सिंह, डॉ. नवीन कुमार सिंह, डॉ. इन्द्र दमन तिवारी, डॉ. मंजय कुमार यादव, डॉ. अमजद अंसारी, डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### खाते में वापस हुए ठगी में गए रुपये

**बाराबंकी, अमृत विचार :** टेलीग्राम पर टास्क कम्पलीट करने पर लाभ का प्रलोभन देकर साइबर फ्रॉड किए जाने के सम्बन्ध में साइबर सेल, साइबर क्राइम थाना द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के खाते में 20,904 रुपये वापस कराए। साइबर सेल को आवेदिका अश्वनी शर्मा निवासी कोतवाली नगर का ऑनलाइन शिकायती पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें साइबर अपराधियों द्वारा टेलीग्राम के माध्यम से टास्क कम्पलीट करने पर लाभ का प्रलोभन देकर पीड़िता के खाते से 33 हजार का फ्रॉड होने का उल्लेख किया गया। संदर्भित प्रकरण में टीम द्वारा साइबर तकनीकी का प्रयोग कर संबंधित मर्चेंट से पत्राचार कर रुपया वापस कराया गया।

# सभी को मिलें स्वास्थ्य सेवाएं: डीएम

**बाराबंकी, अमृत विचार:** डीएम ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में लोकसभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि आमजन को सुलभ व प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में 1 से 30 अप्रैल 2026 तक चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित विभागों को अभियान और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही दस्तक अभियान के तहत घर-घर जागरूकता, लक्षणों की पहचान और साफ-सफाई गतिविधियों में तेजी लाने को कहा। डीएम ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए जांच, उपचार और पोषण सहायता पर जोर दिया। उन्होंने निक्षय मित्र पहल को बढ़ावा देने और जनभागीदारी से अभियान को सफल बनाने की अपील की। रूटीन इम्यूनाइजेशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने जीरो सेशन समाप्त करने, संस्थागत प्रसव बढ़ाने, वीएचएनडी सत्रों के बेहतर संचालन तथा आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए।


बैठक में अफसरों को दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### देवर का भाभी पर हमला, घर में तोड़फोड़

**मसौली, बाराबंकी :** थाना क्षेत्र में दंपति के बीच विवाद की शिकायत पुलिस से करने पर युवक ने भाभी पर जानलेवा हमला करने के साथ ही घर में तोड़फोड़ की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम ठकुरिहा निवासी पूनम चौहान ने शिकायत में बताया कि 22 अप्रैल की शाम उसका देवर सुधांशु अपनी पत्नी से विवाद कर रहा था। विवाद के दौरान वह गुस्से में आकर दीवार तोड़ने लगा और गाली-गलौज की। पीड़िता द्वारा मना करने और पुलिस चौकी त्रिलोकपुर को सूचना देने के बाद आरोपी और आक्रोशित हो गया। शिकायत के अनुसार, उसी रात करीब 9 बजे आरोपी सुधांशु लाठी और बांका लेकर पीड़िता के घर में घुस आया और हमला कर दिया।

## पसमांदा समाज के बदलते रुझान से घबराई ममता सरकार: राईन

**बाराबंकी, अमृत विचार:** पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा को लेकर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पसमांदा मुसलमानों के बदलते रुझान और नरेंद्र मोदी की नीतियों के प्रति बढ़ते समर्थन से राज्य की सत्ताधारी ममता सरकार घबरा गई है। वसीम राईन ने कहा कि बंगाल में हो रही हिंसा लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है और इसे डर का माहौल बनाकर राजनीतिक समीकरण प्रभावित करने की कोशिश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे मुफ्त राशन, आवास और आयुष्मान का लाभ मिलने से पसमांदा समाज अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'बाहरी' जैसे मुद्दे उठाकर असल सवालों से ध्यान भटकाया जा रहा है। साथ ही वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि इससे गरीब मुसलमानों को उनका अधिकार मिलेगा।



### मानक के अनुरूप करें निर्माण कार्य : डीएम


निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** डीएम ईशान प्रताप सिंह ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू के पैतृक आवास पर विकसित हो रहे स्मृति संग्रहालय निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निर्देश दिया कि भवन की मौलिक संरचना और ऐतिहासिकता को सुरक्षित रखते हुए रिस्टोरेशन कार्य कराया जाए। डीएम ने निर्माण कार्य को मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह संग्रहालय आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्थल बने। उन्होंने आगंतुकों के लिए पार्किंग व्यवस्था व संग्रहालय में केडी सिंह बाबू के जीवन आदि से जुड़ी आकर्षक वीथिकाएं विकसित करने पर भी जोर दिया।

# यूपी बोर्ड रिजल्ट: त्रिवेणी काशी के बच्चों ने जिले में लहराया परचम

## उप जिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह ने मेधावियों का माल्यार्पण कर किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज बिहार का परीक्षाफल उत्तम रहा।

हाईस्कूल में तन्मय ने 94.3% अंक लाकर जिले में छठवां स्थान व विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि आयुषी यादव 93.3% अंक पाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रही। आर्थिक गौतम 92.5% अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, राजा 92.3%, आकृति शर्मा व सृष्टि 92%, आंचल सिंह व अनन्या पांडे 91%, अभिनय तिवारी 90.3%, हर्षित बाबू व प्रिंस गौतम 90.16%, आराध्या अवस्थी 89.6%, आर्यन सिंह वं रिया सिंह 89.5% अंक लाकर विद्यालय की टॉप-10 सूची में रहे। प्रधानाचार्य राज बहादुर सिंह ने बताया कि इंटर में अभय अवस्थी 90.8% अंक पाकर जिले में चौथे स्थान पर व विद्यालय के टॉपर रहे। जबकि तनिष्का सिंह 89.7% अंक पाकर जिले में दसवें स्थान पर व विद्यालय में दूसरे स्थान पर रही। कॉलेज में शुक्रवार को एसडीएम बीघापुर रणवीर सिंह ने मेधावियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस दौरान तहसीलदार बीघापुर गणेश सिंह, तहसील नोडल अधिकारी डा. दिलीप सिंह भदौरिया, विद्यालय प्रबंधक कमल बहादुर सिंह, शिक्षक दिलीप सिंह, आनंद प्रकाश व प्रदोष सिंह उपस्थित रहे।



त्रिवेणी काशी विद्यालय के श्रेष्ठ छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


पैट्रियाट इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### मैचलेस एसबीएम कॉलेज के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**उन्नाव, अमृत विचार :** मैचलेस सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज आदर्श नगर का परीक्षा फल शत–प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य ने बताया कि हाईस्कूल में अधिराज यादव ने 91.5% अंक लाकर कॉलेज टॉप किया। दूसरे स्थान पर प्रणव मिश्रा 88.9% व तृतीय स्थान पर शिवांशी ने 87.2% अंक अर्जित किये। इसी प्रकार इंटर में प्रियांशु साहू, अंजलि यादव, आर्यन चौरसिया, आंशिका, अतुल कुमार, अमन, अंशू साहू, अनुप्रिया पटेल, शगुन रावत, आयुष शर्मा टॉप टेन सूची में रहे।

प्रबंधक हरि प्रसाद साहू, शिक्षक सूर्यकान्त तिवारी व संतोष यादव ने छात्रों को माला पहनकर उत्साहवर्धन किया।

### पैट्रियाट इंटर कॉलेज के छात्र भी रहे अव्वल

**उन्नाव :** पैट्रियाट इंटर कॉलेज उन्नाव में हाईस्कूल में आदित्य सिंह 92% अंक लाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ रहे। जबकि अथर्व द्विवेदी 89%, आर्यन निर्मल 88%, अंजली 87%, आंचल पारो 87%, पूर्वी 86%, विभोर श्रीवास्तव 86%, अंश 85%, अनुज यादव 85%, दिव्यांशी 84% अंक लाकर विद्यालय की टॉप-10 सूची में रहे। इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में अमन कुशवाहा 87%, आर्यन साहू 82%, वैभव साहू 81%, रुद्र सोनी 79%, आराध्या सिंह 78% अंजलि यादव 79%, रिज़वान अली 78%, अनुशा खातून 77%, आदित्य वर्मा 77%, गहना गुप्ता 77%, युवराज 77% अंक लाकर विद्यालय व जिले में विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य गीता मिश्रा ने कहा कि विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

### बेनहर इंटर कॉलेज के छात्र भी रहे टॉप पर




आरव विमल 82% धानवी 74% शांभवी सिंह 71.33% सभी हाईस्कूल।




अभिनव शर्मा 78% वंशिका 71.2% शाजिया बानो 70.2% सभी इंटर।

**उन्नाव :** बेनहर इंटर कॉलेज का हाईस्कूल व इंटर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के हाईस्कूल टॉपर में आरव विमल 82%, धानवी 74% व संभावित सिंह 71.33% अंक लाकर विद्यालय के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। जबकि इंटर में अनुभव शर्मा 78%, वंशिका 71.2% व शाज़िया बानो ने 70.2% अंक लाकर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। प्रबंधक फैज़ अली अलवी ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही इस परिणाम के लिए सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

### शत-प्रतिशत रहा विवेकानंद का परीक्षाफल


छात्रों के साथ प्रबंधक नवीन भारतीय।

**उन्नाव :** विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज मोती नगर का हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा है। विद्यालय के 2 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की है। जबकि 20 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। प्रबंधक नवीन भारतीय व प्रधानाचार्य माणिक भारतीय ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एसवीएम सिविल लाइन के छात्र भी चमके



विद्यालय स्टाफ के साथ मौजूद मेधावी।

**उन्नाव :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइन्स उन्नाव का हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में विद्यालय में प्रथम स्थान आदित्य कनौजिया 90.83 ने द्वितीय स्थान धीरज पाण्डेय 90.16 व तृतीय स्थान शगुन कश्यप ने 86.16 अंक लाकर प्राप्त किया। इंटर में प्रथम स्थान आर्यन पटेल 84 ने, द्वितीय स्थान अलका गौतम ने 83.60 व तृतीय स्थान प्रियांशी पाल ने 83.40 अंक के साथ प्राप्त किया। विद्यालय के अध्यक्ष ओम शंकर त्रिपाठी, निदेशक स्वामी नाथ द्विवेदी व प्रधानाचार्य अशोक शुक्ल ने बच्चों को आशीष प्रदान किया।

### पूर्णिमा में मेधावियों को किया गया सम्मानित


पूर्णिमा स्कूल में मेधावियों का हुआ सम्मान।

**शुक्लागंज, उन्नाव :** हाईस्कूल और इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद शुक्रवार को देवारा कलाँ स्थित पूर्णिमा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। कक्षा 10 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शुभी रावत, द्वितीय स्थान पाने वाले आशुतोष और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सूरज को सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान हासिल करने वाले शिखर त्रिवेदी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका तिवारी और तृतीय स्थान पाने वाले आशीष को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के संचालक राजेन्द्र मिश्रा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अन्य विद्यार्थियों ने तालियां बजाकर सफल छात्रों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रवि शंकर द्विवेदी, स्मृति अवस्थी, अरविंद मौर्य, अखिलेश सिंह, अमित भारती एवं एकता गौतम उपस्थित रहीं।

### एमडीएसएम में मेधावियों का हुआ सम्मान


महर्षि में मेधावियों को किया गया सम्मानित।

**शुक्लागंज, उन्नाव :** कंचन नगर स्थित महर्षि दयानन्द सरस्वती मिशन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कक्षा 12 की छात्रा निधि निषाद ने छठवां तथा छात्र आयुष पाल ने सातवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्रबंधक प्रभात शुक्ला ने दोनों विद्यार्थियों को मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया, वहीं उनके माता-पिता को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के टॉप–10 छात्र–छात्राओं और उनके अभिभावकों को सह–प्रबंधक विराट शुक्ला द्वारा मेडल, मोमेंटो व शॉल प्रदान किए गए। इसके अलावा सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं को भी उनके योगदान के लिए शॉल देकर सम्मानित किया गया।

### आरआरडीएस के छात्रों ने मनवाया लोहा





अंचल 92.33% अनुष्का 91.16% माही 83.60% शाल्वी 83.20%

**बांगरमऊ :** हाईस्कूल व इंटर में नगर के आरआरडीएस इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाईस्कूल में छात्र अनुराग ने 94.16 प्रतिशत अंक लाकर जिले में सातवां स्थान पाया। वहीं छात्रा अंचल ने 92.33% व अनुष्का ने 91.16% अंक अर्जित कर प्रतिभा का लोहा मनवाया। इंटर में तरुण गुप्ता ने 84%, माही गुप्ता ने 83.60% व शाल्वी पटेल ने 83.20% अंक लाकर विद्यालय का परचम लहराया। विद्यालय प्रबंधक प्रमोद सैनी ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आरएस के छात्रों की दिखी प्रतिभा





आकृति पटेल 92% प्रज्ञा 90% इल्मा 90.83% अनुष्का 87%

**बांगरमऊ, उन्नाव :** हाईस्कूल व इंटर में आरएस इंटर कॉलेज व गंजमुरादाबाद स्थित जीनियस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा दिखाई। आरएस इंटर कॉलेज की छात्रा आकृति पटेल ने हाई स्कूल में 92% अंक अर्जित कर जिले में 11वां स्थान प्राप्त किया। इल्मा 90.83% व प्रज्ञा 90% ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेहनत का परिचय दिया। वहीं इंटर की छात्रा अनुष्का कुशवाहा ने 87% अंक हासिल कर विद्यालय का परचम लहराया। विद्यालय प्रबंधक सैयद रिजवान अहमद ने मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में जीनियस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी शानदार सफलता प्राप्त की। हाईस्कूल में आदित्य राठौर ने 91.83% व इंटर में शुभी ने 87.2% अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधक जुल्फिकार अली भुट्टो ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति की शुभकामनाएं दीं। दोनों विद्यालयों का परिणाम अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की मेहनत का सशक्त उदाहरण है।

## बॉक्सिंग जोनल ट्रायल में सर सैय्यद विद्यालय चयनित


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

**उन्नाव, अमृत विचार:** सीआईएससीई जोनल बॉक्सिंग ट्रायल (नार्थ जोन) 2026-27 का आयोजन सर सैय्यद पब्लिक स्कूल उन्नाव में हुआ। इसमें सर सैय्यद के अतिरिक्त सेठ आनंद राम जयपुरिया कानपुर व केडीएमए कानपुर आदि विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। सर सैय्यद स्कूल उन्नाव के अनेक खिलाड़ी उत्तम प्रदर्शन करते हुए आगामी 10 जुलाई को सेंट पॉल स्कूल आगरा में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। इनमें अंडर-17 गर्ल्स के अंतर्गत अनन्या सिंह, आर्या, रितिका, सूर्यांशी, आराध्य, विधि व आस्था का चयन हुआ। अंडर-17 बॉयज के अंतर्गत कनीज़ आयेशा, अंडर-14 बॉयज के अंतर्गत विराट, मो. अफ्फान, मो. शोएब, समर सिंह, यशस्वी, आदित्य व युवराज सिंह और अंडर-19 बॉयज के अंतर्गत सुल्तान आतिफ का चयन हुआ। प्रधानाचार्या, प्रबंधन समिति व शिक्षकों ने प्रतिभागियों को बधाई तथा शुभकामनाएं दीं।

## डीएम से मांगा निःशुल्क प्लाट व सुचारू बिजली

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

- ट्रांस गंगा सिटी के किसानों ने डीएम से की मुलाकात


नवागत जिलाधिकारी से शिष्टाचार करते किसान नेता अजय अनमोल।

**अमृत विचार:** किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने शुक्रवार को किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उन्नाव के नवागत जिलाधिकारी घनश्याम मीणा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान किसानों से जुड़े कई अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

अजय अनमोल ने जिलाधिकारी को बताया कि ट्रांस गंगा सिटी परियोजना के तहत 16 जनवरी 2014 को हुए समझौते के अनुसार किसानों को निशुल्क प्लॉट दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन इसमें देरी हो रही है। उन्होंने मांग की कि इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराया जाए ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिल सके। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने ट्रांस गंगा सिटी से प्रभावित ग्राम कृशंकरपुर सराय, सन्नी, मुरलीपुर, कन्हवापुर, लक्ष्मी खेड़ा, नया खेड़ा, पिपरी और पिंडोखा में गंभीर विद्युत समस्या का मुद्दा उठाया। किसानों ने बताया कि लो वोल्टेज और बार-बार फाल्ट के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। ऐरा भदियार सब स्टेशन लगभग 20 किलोमीटर दूर होने से समस्या और बढ़ रही है, जिससे गर्मी के मौसम में ग्रामीणों व किसानों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपकर इन गांवों को ट्रांस गंगा सिटी के सब स्टेशन से जोड़ने की मांग की। इस पर डीएम घनश्याम मीणा ने समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गौड़ से भी मुलाकात कर प्लॉट आवंटन पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में पुनीत अवस्थी, सुभाष राजपूत, अखिलेश राजपूत, लल्लन शर्मा, कल्याण राजपूत और दिनेश राजपूत मौजूद रहे।

## सिलेंडर विस्फोट में झुलसी महिला की मौत, बच्चा गंभीर

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)


अंजना की फाइल फोटो

- पीएम के बाद पति शव लेकर देर रात पहुंचा गंगा नगर

**अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर ठाकुर खेड़ा में हुए भीषण सिलेंडर विस्फोट के मामले में गंभीर रूप से झुलसी महिला अंजना की लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं उसका मासूम बेटा कृष्णा अब भी गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती है। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है और पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

गौरतलब है कि गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे कमल जायसवाल के घर में यह हादसा हुआ था। अंजना रसोई में खाना बना रही थी, तभी गैस सिलेंडर में लीकेज से आग लग गई और देखते ही देखते तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। धमाका इतना भीषण था कि मकान की छत ढह गई और घर का बड़ा हिस्सा जमींदोज हो गया। उस समय कमल छत पर था, जबकि बेटा कृष्णा कमरे में मौजूद था। तीनों मलबे में दब गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और करीब आधा सैकड़ा लोगों ने कड़ी मशक्कत कर तीनों को बाहर निकाला। अंजना गंभीर रूप से झुलस गई थी, जबकि कमल और बच्चा भी घायल हुए। सूचना पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा। हालत नाजुक होने पर तीनों को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे अंजना ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद देर रात कमल पत्नी का शव लेकर गंगानगर स्थित अपने पैतृक घर पहुंचा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कमल ने बताया कि ठाकुर खेड़ा स्थित मकान पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है, इसलिए वह शव को गंगानगर लाया। शनिवार को अंतिम संस्कार किए जाने की बात कही गई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया गैस सिलेंडर फटने से हादसा हुआ है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### घर में थे 4 सिलेंडर

कमल के अनुसार घर में तीन भरे और एक खाली सिलेंडर रखा था। दो सिलेंडर रसोई में, एक उपयोग में और एक खाली रखा था। आशंका है कि एक के बाद एक सिलेंडरों के फटने से विस्फोट ने भयावह रूप ले लिया।

### जीवन भर की जमा पूंजी मलबे में तब्दील

कमल ने बताया कि उसने वर्षों की मेहनत से मकान बनाया था, लेकिन कुछ ही सेकंड में सब कुछ खत्म हो गया। घर पूरी तरह ढह गया और परिवार बेघर हो गया है।

### आग का गोला बनी डीसीएम, चालक बचा

**बिछिया, उन्नाव, अमृत विचार :** हरियाणा प्रांत के जिला रेवाड़ी अंतर्गत फिद्देड़ी गांव निवासी डीसीएम चालक देवेंद्र कुमार शुक्रवार को दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में भाड़ा लोड करने जा रहा था। तभी कानपुर –लखनऊ हाईवे के दही थाना क्षेत्र के वर्कशॉप मोड़ के डीसीएम में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। धुआं उठता देख चालक ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। दही पुलिस की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान वाहनों को रोके जाने से हाईवे पर करीब एक घंटे जाम के हालात बने रहे। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने डीसीएम में आग लगी थी। जिस पर काबू पा लिया गया है। कोई हताहत नहीं हुआ।

### अज्ञात कारणों से घर में लगी आग हजारों की गृहस्थी स्वाहा

**परियर उन्नाव, अमृत विचार :** सदर तहसील क्षेत्र के मरौंदा गांव हीरालाल पुत्र स्व. गुलाब के घर में दोपहर 3 बजे अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किंतु तब तक 10 कुंतल गेहूं सहित हजारों की गृहस्थी स्वाहा हो गई। जब आग लगी थी तब हीरालाल खेत में गेहूं कटाई कर रहा था। घर में आग लगने की सूचना मिली तो उसके होश उड़ गए। घर पहुंचते ही देखा की सारा सामान जल कर राख हो गया था। आग की चपेट में पडोस के राजेश व कामता के घर भी आ गए।जिससे उनके घरों में भी काफी नुकसान हुआ। राजस्व लेखपाल योगेश कुमार ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का आकलन कर तहसील में रिपोर्ट भेज दी और बताया जल्द अहेतुक सहायता प्रदान की जाएगी।

### विधायक ने दी विकास कार्यों की सौगात



पानी पीकर टंकी का लोकार्पण करते सदर विधायक।

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर विधायक पंकज गुप्ता ने विधानसभा क्षेत्र के अकरमपुर मोहल्ला में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। वहीं दूसरी ओर श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के तहत 176 श्रद्धालुओं को अयोध्या रवाना किया। अकरमपुर स्थित बाबा विशेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने निजी संसाधनों से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं, कुद्दू खेड़ा में पानी की टंकी, विभिन्न मंदिरों में बेंच व स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण व मोहल्ले में इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण का शिलान्यास किया। विकास कार्यों के उपरांत, विधायक ने 176 बुजुर्ग श्रद्धालुओं की टोली को हरी झंडी दिखाकर प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या के लिए विदा किया। विधायक ने कहा कि बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराना उनके जीवन का सबसे अविस्मरणीय अनुभव है और जनता का स्नेह ही उनकी असली पूंजी है। इस अवसर पर सभासद सर्वेश गुप्ता, प्रधान संजय गुप्ता, जवाहर मिश्रा, अनिल सोनी, दुर्गेश शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

बैठक | पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री ने विकास भवन सभागार में की जिले के विकास कार्यों की समीक्षा

## गेहूं खरीद में किसानों को न हो कोई परेशानी : धर्मपाल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बैठक में मौजूद प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। डीएम घनश्याम मीना की उपस्थिति में आयोजित बैठक में मंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बिना किसी बाधा के पहुंचना चाहिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने गेहूं खरीद की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश दिये कि किसानों का गेहूं प्राथमिकता के आधार पर खरीदा जाए। केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पानी व बैठने की व्यवस्था हो। उन्होंने चेतावनी दी कि बिचौलियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और बारदाने की कमी का तत्काल निराकरण किया जाए। पशुपालन विभाग की समीक्षा में मंत्री ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को भूसा बैंक बनाने व निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने के निर्देश दिए। कहा कि गोचर व सीलिंग की जमीनों को कब्जामुक्त कराकर वहां हरे चारे की बुआई कराएं।

जल निगम अधिकारियों को फटकार लगाते हुए मंत्री ने कहा कि हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए जो सड़कें तोड़ी गई हैं उन्हें समय सीमा में ठीक कराएं। गर्मी को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिये कि जिले का कोई तालाब खाली न रहे। ताकि पशु-पक्षियों को पीने का पानी मिल सके। साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी को गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा में एसएसपी को निर्देश दिये कि थानों में हर फरियादी की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से दर्ज हो।

इस दौरान सीडीओ कृतिराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा विधायक अनिल सिंह, सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर, मोहान विधायक ब्रजेश रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शिक्षक संघ ने बीएसए को दिया 3 सूत्रीय ज्ञापन

**उन्नाव, अमृत विचार :** जूनियर शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्रा व महामंत्री रामजन्म सिंह के नेतृत्व में बीएसए से मिला। इसमें जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी को संबोधित एक तीन सूत्रीय ज्ञापन देते हुए जनगणना में लगाए गए शिक्षक–शिक्षिकाओं की ड्यूटी की विसंगतियों को संशोधित करने की मांग की। शिक्षक नेताओं ने कहा कि जनगणना–2027 का कार्य शुरू होने जा रहा है। इसमें बेसिक शिक्षकों को प्रगणक व सुपरवाइजर जैसी जिम्मेदारियां दी गई हैं। जनगणना ड्यूटी में कुछ विसंगतियां हैं। कहा कि प्रधान शिक्षक व इंचार्ज शिक्षक को ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। जिससे विद्यालय का कार्य व शिक्षण प्रभावित न हो। जनगणना ड्यूटी शिक्षकों के कार्यरत विद्यालय के आसपास के मजरों में लगाई जाए। यदि संभव न हो तो उस न्याय पंचायत के मजरों में लगाएं।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम संपन्न



लोकगीत गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** कंपोजिट स्कूल रनियामऊ में गीत व संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को इस कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास किया गया। शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि इन आयोजनों का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना व उन्हें राष्ट्र निर्माण में समान भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में जन–जागरूकता फैलाने के लिए पारंपरिक लोकगीतों, भजनों व प्रेरक गीतों का उपयोग हो रहा है। इस दौरान "कोमल है कमजोर नहीं तू, शक्ति का नाम ही नारी है, जग को जीवन देने वाली मौत भी तुझसे हारी है' जैसे गीत गूंजते रहे। कार्यक्रम में संतोषी देवी, पूनम देवी, रामा देवी, सरोजनी देवी, हेमामालिनी, सुदेवी, राधा, ज्योति, रमाकांती, देवेंद्र त्रिपाठी, कृपा शंकर आदि मौजूद रहे।

### निशा हत्याकांड के विरोध कैंडल मार्च निकाला

**उन्नाव, अमृत विचार :** गाजीपुर जिला में हुए बहुचर्चित निशा विश्वकर्मा हत्याकांड की आग अब उन्नाव तक पहुंच गई है। गुरुवार शाम इस जघन्य अपराध के विरोध व पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर श्री विश्वकर्मा जी सेवा संस्थान के बैनर तले कैंडल मार्च के माध्यम से शहर वासियों ने आवाज बुलंद की। नगर अध्यक्ष राजन शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कैंडल मार्च रामलीला मैदान से गांधी नगर तिराहे तक निकला। मार्च में सैकड़ों लोग हाथों में जलती हुई मोमबत्तियां लेकर शामिल हुए। पूरे रास्ते निशा को न्याय दो और दोषियों को फांसी दो जैसे नार लगते रहे।

# पुलिस के पचड़े व अन्य विवादों से बचाने को वसूला जा रहा गुंडा टैक्स

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार जहां भयमुक्त समाज की बात कह रही है, वहीं जिले में पुलिस के भय से बचाव के लिए टैक्सी में चलने वाले वाहन व ई-रिक्शा से गुंडा टैक्स की वसूली की जाती है। यह बात उस समय खुलकर आई जब एक ई-रिक्शा वाले का गुंडा टैक्स देने वाले पर विवाद हो गया। विवाद की सूचना पर पहुंचे सपा नेता ने वसूली का कारण पूछा तब वसूलने वाले ने बताया वह इन लोगों से पुलिस व अन्य विवादों से बचाता है, जिसका पैसा देना पड़ता है। यह वीडियो वायरल होने पर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। इस गुंडा टैक्स का पैसा कौन ले रहा है, इसको लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।


वाहन चालकों से गुंडा टैक्स वसूलने का आरोपी।


जानकारी देता पीड़ित ई-रिक्शा चालक।

- प्राइवेट बस, टैक्सी व ई-रिक्शा चालकों से वसूली हुई उजागर
- मामले में हस्तक्षेप करने पर सपा नेता को जान से मारने की धमकी

सपा नेता रामज्ञान गुप्ता ने शुक्रवार को एक वीडियो वायरल किया, जिसमें बिलग्राम चुंगी पर एक ई-रिक्शा वालों ने उन्हें फोन कर बताया कि गुंडा टैक्स न देने पर उसको पीट दिया गया। इस पर रामज्ञान मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने वसूली करने वाले से ऐसा करने का कारण पूछा तब उसने एक व्यक्ति का नाम लेते हुए कहा कि उसका अड्डा है। जब उन्होंने पैसा वसूलने का कारण पूछा तब वसूली करने वाले ने कहा कि वह इन लोगों की सेफ्टी करता है। इन ई-रिक्शा वालों को पुलिस प्रताड़ना व अन्य बवालों से बचाता है। इसी के बदले में पैसा वसूलता है। इसके बाद अड्डे का मालिक रामज्ञान के आवास पर पहुंच गया तथा उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस बात की शिकायत रामज्ञान ने एसपी से की है।

### तत्कालीन भाजपा सांसद अंशुल वर्मा ने दबोचा था गुंडा टैक्स वसूलने वालों को, हुई थी कार्रवाई

हरदोई। शुक्रवार को हुई घटना के बाद लोगों को आज फिर वह यादें ताजा हो गई, जब तत्कालीन भाजपा सांसद अंशुल वर्मा ने अड्डे पर वसूली करने वाले एक गुंडे को मौके पर जाकर दबोच लिया था, उनके हस्तक्षेप के बाद सभी अड्डों व सभी ई-रिक्शों से अवैध वसूली बंद हो गई थी, लेकिन उनके हटने के बाद सब कुछ धीरे-धीरे शुरू हो गया।

### आखिर किसको जाता है अड्डों का पैसा?

हरदोई। शुक्रवार को हुई इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि आखिर भयमुक्त भ्रष्टाचारमुक्त सरकार में रोज सैकड़ों ई-रिक्शा व अवैध स्टैंडों से होने वाली वसूली का पैसा किसको जा रहा है। इन वसूलने वालों को किसका संरक्षण प्राप्त है इसकी भी चर्चा जोरों पर है।

### बेहिसाब ई-रिक्शा से लग रहा नगर में जाम

नगर में अंधाधुंध ई-रिक्शों के चलने से आए दिन जाम लगता है। अधिकांश दुर्घटनाएं भी अप्रशिक्षित ई-रिक्शा चालकों की वजह से होती हैं। प्रशासन ने कई बार जाम से निकटने के लिए ई-रिक्शा रूट वाइज चलाने की बात कही, लेकिन इस पर अमल आज तक नहीं हो सका। लोग यह भी चर्चा कर रहे हैं कि शायद गुंडा टैक्स वसूलने वालों के संरक्षण के कारण प्रशासन की योजना कारगार नहीं हो पा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध कटान कर ठेकेदार लकड़ी लेकर हुआ फरार

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध लकड़ी कटान हो रहा है, जिसके चलते ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं। बताते चलें कि बीती रात बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र व वनरेंज के अन्तर्गत बढ़ैयनपुरवा में गुरुवार देर रात दो शीशम व एक आम का हरा भरा पेड़ ठेकेदार द्वारा काटा गया, जिसकी सूचना मिलने पर वनजिलाधिकारी हरदोई द्वारा क्षेत्रीय वनाधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया, मौके पर पहुंची वन संरक्षण टीम को सिर्फ पेड़ो के अवशेष ही प्राप्त हुए व ठेकेदार लकड़ी लेकर फरार हो चुका था।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** औरास थाना क्षेत्र के सीमऊ गांव निवासी मनोज (31) पुत्र हरिनाम गुरुवार को लखनऊ से लौट रहा था, थाना क्षेत्र के संडीला-चकलवंशी मार्ग स्थित एक धर्म कांटा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मारकर भाग निकला। सड़क पर गिरकर वह गंभीर घायल हो गया। लोगों ने एंबुलेंस बुला कर उसे सीएचसी भेजा। ।जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे केजीएमयू के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह उसकी सांसे थम गई।

### दो बाइक सवार घायल

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गजफ्फरपुर पैसरा गांव निवासी प्रदीप विक्रम सिंह बाइक से बाजार जा था। तभी उसकी व भिखारी पुर रुल्ल गांव निवासी शिवमंगल की बाइक आमने-सामने टकरा गईं। इसमें दोनों को गंभीर चोटें आईं।

### लोडर की टक्कर से वृद्धा की मौत

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चमरौली गांव के मजरा थान खेड़ा निवासी नन्हकी देवी (65) पत्नी मथुरा गुरुवार सुबह चमरौली मेला मैदान के सामने रकशा रावत की दुकान के पास सड़क पार कर रही थी। तभी तेज रफ्तार लोडर ने उसे टक्कर मार दी। घायल हालत में उसे जिला अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया। जहां शुक्रवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। चर्चा रही कि लोडर गांव के मुकेश साहू का है। जिसे संगीत रावत चला रहा था। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि कानपुर में मौत होने की सूचना है। तहरीर मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई करेंगे।

# एक्सप्रेस-वे पर हादसे में एक की मौत, 6 घायल

## गुरुवार देर रात लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर दूसरी लेन में जाकर पलटे कंटेनर से भिड़ीं दो बसें

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कंटेनर डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में जाकर पलट गया। तभी एक के बाद एक दो बसें कंटेनर से टकरा गईं। इसमें एक बस सवार यात्री की जान चली गई। वहीं 6 लोग घायल हो गए। यूपीडा व पुलिस कर्मियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचा। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवा कर यातायात सामान्य कराया गया। हादसे की खबर पर पहुंचे युवक के परिजन शव देख बेहाल हो गए।

गुरुवार देररात एक बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर किमी संख्या-228 पर लखनऊ जा रहा कंटेनर डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में पलट गया। तभी लखनऊ से दिल्ली जा रही निजी ट्रैवल्स की बस कंटेनर से टकरा गई। इसी बीच पीछे से आई दूसरी बस आगे खड़ी बस व कंटेनर में टकरा गई। घटना के समय दोनों बसों में करीब 120 यात्री थे। जिनमें चीख पुकार मच गई। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने पुलिस के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। घायलों में राकेश (26) पुत्र स्व. बहादुर निवासी


हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बस।

गांव सिमल खेत जिला व थाना चंपावत, उत्तराखंड, रवि निवासी बदरपुर दिल्ली, श्याम सुंदर निवासी बीकानेर राजस्थान, सुरेश निवासी कोगिरा कला राजस्थान, सुनील निवासी आजमगढ़, मोइनुद्दीन निवासी देवरिया व नागेंद्र निवासी कुशीनगर को एंबुलेंस से सीएचसी बांगरमऊ भेजा गया। जहां डाक्टर ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर जाम लग गया। क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया गया। हादसे के समय अगली सीट पर राकेश की दिल्ली में नौकरी करने वाली मौसेरी बहन रेखा बैठी थी। जो बाल-बाल बच गई। उसी ने घटना की सूचना लखनऊ निवासी परिजनों को दी। रेखा ने बताया कि राकेश के ताऊ देव सिंह रावत लखनऊ के गोमती नगर में रहते हैं। उनके बेटे पंकज की शादी थी। जिसमें पूरा परिवार शामिल होने आया था। गुरुवार को रिसेप्शन के बाद वे लोग नौकरी पर जाने के लिए रात में दिल्ली जाने के लिए बस से निकले।

वहीं राकेश की मां कमला, छोटा भाई सागर व बहन बबली उत्तराखंड के लिए निकल गए। हादसे की खबर उन्हें रास्ते में दी गई तो वह बेहाल हो गए। राकेश तीन भाई-बहनों में बड़ा था। पिता की मौत के बाद वह परिवार की जिम्मेदारी उठाए था। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है। हादसे के कारणों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क पार करने को खड़े युवक को पिकअप ने मारी टक्कर, मौत

**हरपालपुर, अमृत विचार।** खेत पर पैदल जा रहा युवक सड़क पार करने के लिए रुका ही था। उसी बीच तेज़ रफ्तार पिकअप की टक्कर से वह उछलकर काफी दूर जा गिरा। उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। घर वाले उसे लखनऊ ले जा रहे थे,उसी बीच सण्डीला पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। हरपालपुर थाने के करनपुर मतनी निवासी 29 वर्षीय संजय पुत्र लल्लू गुरुवार की रात अपने खेत पर पैदल जा रहा था। गांव के बाहर सड़क पार करने के लिए वह कुछ देर के लिए रुका,उसी बीच तेज़ रफ्तार में आ रही पिकअप ने उसे टक्कर मार दी,टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि संजय उछल कर काफी दूर जा गिरा। संजय को सीएचसी साण्डी से मेडिकल कालेज भेज दिया गया। वहां से लखनऊ ले जाते समय रास्ते में सण्डीला पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। घर वाले उसका शव कोतवाली ले कर पहुंचे,जहां से उसे पुलिस ने अपने कब्ज़े में ले कर जांच शुरु कर दी है। संजय के परिवार में पत्नी ममता के अलावा उसकी दो बेटियां और दो बेटे है।

## एक्सप्रेस-वे पर सिक्योरिटी गार्ड का शव मिला, हत्या का आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** सिक्योरिटी गार्ड का खून से लथपथ शव गंगा एक्सप्रेस-वे पर पड़ा देखा गया। पिता का आरोप है कि पिटाई करने के बाद उसके बेटे की गाड़ी से कुचल कर हत्या की गई, जबकि पुलिस सड़क हादसे में मौत की बात कह रही है, फिलहाल हाई-वे पर लगे सीसीटीवी खंगालने में जुटी है।

बिलग्राम कोतवाली के नाऊपुरवा मजरा पसनेर गांव निवासी 35 वर्षीय संतोष पुत्र योगेंद्र कुमार गंगा एक्सप्रेस-वे का काम कर रही पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। पिता योगेंद्र ने बताया कि संतोष गुरुवार की रात दुर्गागंज


संतोष की फाइल फोटो।

प्लांट पर ड्यूटी करने पहुंचा, लेकिन उसी बीच उसे हरपालपुर कोतवाली के बद्रीपुरवा गांव के पास एक्सप्रेस-वे में लगी पोकलैंड मशीन की सुरक्षा के लिए तैनात कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह वहीं पर संतोष खून से लथपथ पड़ा देखा गया। पिता का आरोप है कि उसके बेटे की बेरहमी से पिटाई की गई,उसके बाद उसे गाड़ी से कुचल कर मारा गया। संतोष के परिवार में पत्नी ईश्वरवती के अलावा उसका एक बेटा,एक बेटी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## नकाबपोश बदमाशों ने ई-रिक्शा पर की फायरिंग, बच्ची के पैर में लगी गोली

संवाददाता, शाहाबाद हरदोई

**अमृत विचार।** मंझिला थाना क्षेत्र के लोकपुर गांव के निकट बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने ई रिक्शा पर गोली चला दी। ई रिक्शा में बैठी एक बच्ची के गोली पैर में लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल घायल किशोरी को सीएचसी पिहानी में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक और क्षेत्राधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायल बच्ची के परिजनों से बातचीत की। फिलहाल बच्ची खतरे से बाहर है।

फर्रुखाबाद जनपद के कादरी गेट की रहने वाली आयुषी 10 वर्ष पुत्री गुड्डू अपने भाई और अपनी मां


अस्पताल में भर्ती घायल बच्ची।

मैना देवी के साथ पारा गांव में अपने ननिहाल में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। शुक्रवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे ई रिक्शा से सवार होकर करीब सात लोग वापस लौट रहे थे। लोकपुर गांव के पास एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने अचानक ई रिक्शा पर फायर कर दिया, जो बच्ची आयुषी के पैर में लगा। गोली पैर में लगने के बाद आर पार हो गई। फायर होने के बाद भगदड़ और चीख पुकार मच गई। घायल को तत्काल सीएचसी पिहानी में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी शाहाबाद आलोक राज नारायण ने अस्पताल पहुंचकर घायल बच्ची के परिजनों से मुलाकात की और बदमाशों के हुलिया के बारे में जानकारी ली। अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया आसपास के समस्त सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### गंदे नाले में गिरकर पल्लेदार की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** पल्लेदारी करने वाला युवक पूरी रात घर नहीं पहुंचा। अगली सुबह उसका शव एक नाले में पड़ा मिला। पिता ने बताया कि उसका बेटा नशे की हालत में गिरने से संभल नहीं पाया, जिससे उसकी डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है। शहर कोतवाली के मोहल्ला वैटगंज निवासी 42 वर्षीय गुफरान पुत्र शौकत अली पल्लेदारी करता था। परिवार में पत्नी सलमा के अलावा बेटा असद और बेटी ज़ोया है। शुक्रवार को उसका शव नाले में मिला।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T01 दि.23.04.2026

भारत के राष्ट्रपति की और से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोतर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.:-** 01, **कार्य का नामः-** पूर्वोतर रेलवे के वाराणसी मंडल के झूंसी स्टेशन में एक कॉमन रनिंग लाइन सीएसएल 750 मीटर के संबंध में 25 के.वी. विद्युतीकरण कार्य।, **टैंडर रिफरेश नं.:-** SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T01, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:-** ₹ 16743743.63, **धरोहर राशि रुपया में:-** ₹ 334900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:-** शून्य, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः-** 15.05.2026 upto 14:45 Hrs., **कार्य पूरा करने की अवधिः-** 6 माह, • खुली ई-निविदा दिनांक 15.05.2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी वाराणसी
मुजाधि/विद्युत-22

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**सूचना**

मैं सौरभ शर्मा पुत्र रविन्द्र शर्मा, निवासी-बी-189, साउथ सिटी, रायबरेली रोड, बरौली, खलीलाबाद, जिला-लखनऊ, उ0प्र0 -226025 , मेरी कृषि भूमि जिसका विवरण निम्न प्रकार है:- 1. खसरा संख्या-19 रकबा रू3630हे0 स्थित ग्राम कोड-205660, ग्राम भेडियाउसर, तहसील-मुहम्मदावाद, जिला-गाजीपुर है। 2. भूमि खसरा संख्या-123ख, रकबा 0.0110हे0, 3. भूमि खसरा संख्या-43ख रकबा 0.0700 हे0,4 भूमि खसरा संख्या-135 रकबा 0.1070 हे0 5. खसरा संख्या-163 रकबा 0.0170हे0 6. भूमि खसरा संख्या-124 रकबा 0.0670हे0 7. भूमि खसरा संख्या-166क रकबा 0.0110हे0 , 8. भूमि खसरा संख्या-179क रकबा 0.0400हे0 9. भूमि खसरा संख्या-162ख रकबा 0.0100हे0 स्थित ग्राम कोड-205655, ग्राम-भाटसराय, तहसील मुहम्मदावाद, जिला-गाजीपुर है। यह मेरी पैतृक सम्पत्ति है इसके समस्त दस्तावेज मेरे नाम राजस्व अभिलेखों (खतौनी) में दर्ज है। मेरी भूमि पर कुछ भू-माफिया या अज्ञात व्यक्ति, छल-कपट से इस भूमि को बेचने या हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। यह कि इस सूचना के माध्यम से स्पष्ट किया जाता है उक्त भूमि को बेचने का न तो कोई इकरारनामा (Agreement To sell) किया है पट्टीदारों/भागीदारों में अभी तक दिशा निर्धारित नहीं हुआ है। इनके द्वारा भी विक्रय या कोई इकरारनामा किया जाता है तो अवैध माना जाए।


### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** सफ़ीपुर कोतवाली अंतर्गत कस्बा के एक मोहल्ला निवासी युवती ने बांगरमऊ के युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका संपर्क पिछले तीन वर्षों से बांगरमऊ थाना क्षेत्र के हबीबनगर निवासी शहनवाज से था। आरोप है कि उसने शादी करने का वादा कर उसके साथ नजदीकी बढ़ा ली। पीड़िता के मुताबिक बीती 10 अप्रैल की। रात करीब करीब 10 शहनवाज ने उसे मिलने बुलाया। जहां उसने जल्द शादी करने का भरोसा देकर उससे शरीक संबंध बनाए। बाद में वह शादी करने से मुकर गया। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

## मायके में विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** एमए की परीक्षा देने मायके आई विवाहिता ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सदर तहसील की नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी ने पंचनामा की कार्रवाई कर दो डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई

पुरवा कोतवाली अंतर्गत के बिछिया गांव निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा ने बेटी दीक्षा (30) की शादी 13 अप्रैल - 2025 को अचलगंज थानाक्षेत्र के रावल गांव निवासी नमन से की थी। दीक्षा पुरवा के डिग्री कॉलेज ने एमए चतुर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई कर रही थी। 10 पहले वह सेमेस्टर परीक्षा देने वह ससुराल से मायके आई थी। गुरुवार की देर शाम उसको अपने कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका देख परिजन बिछिया सीएचसी लाए। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी की मौत की सूचना पर पति सहित अन्य ससुरालीजन पहुंचे। नायब तहसीलदार ने पंचनामा की कार्रवाई की। पैनल में शामिल डॉ. सागर सिंह व डॉ. अखिलेश कुमार सिंह सोनी ने पोस्टमार्टम किया। जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई । वह तीन भाई-बहनों में बड़ी थी। बेटी की मौत से मां और अन्य परिजन बेहाल हैं। कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता पाए। किसी पक्ष ने अभी कोई आरोप लगाया है।

### किशोरी ने घर में लगाई फांसी, भर्ती

**सफीपुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के निहालपुर गांव निवासी रामकिशोर की 15 वर्षीय बेटी नेहा कस्बा के एक विद्यालय में हाईस्कूल की छात्रा है। गुरुवार को आए बोर्ड परीक्षा के परिणाम में उसने 67 फीसदी अंक प्राप्त किए थे। जिसका उसने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार भी किया था। शुक्रवार को उसके माता-पिता खेत गए। तभी दोपहर में उसने घर के अंदर फांसी लगा ली। संयोग से कुछ ही देर बाद खाना खाने लौटे पिता ने उसे लटका देख शोर मचाया। उसे तुरंत नीचे उतारकर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक इलाज देकर जिला अस्पताल भेज दिया। पिता व अन्य परिजन घटना की वजह नहीं बता सके।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने की खुदकुशी

**उन्नाव, अमृत विचार।** औरास थाना क्षेत्र के नरसा निवासी विपिन (25) पुत्र बहादुर गुरुवार लखनऊ के हसनगंज थान क्षेत्र के बक्सी खेड़ा गांव स्थित ससुराल में एक मांगलिक आयोजन ने गया था। जहाँ से वह शुक्रवार सुबह वह अकेले घर लौटा। उसकी पत्नी मायके में रुक गई। चर्चा रही कि वह पत्नी को साथ लेकर लौटने को कह रहा था। लेकिन वह नहीं मानी। इसी से दोनों में विवाद भी हुआ। परिजनों के मुताबिक विपिन इसी से तनाव में था। जिसके कारण उसने अपने में छत के कुंडे से लटक कर खुदकुशी कर ली ।विपिन तीन भाइयों में छोटा था। उसके एक आठ माह का बेटा भी है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेन्डर

ई-निविदा सूचना संख्या- एन-235-62 टेली टेण्डर 04-2026

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली/मुख्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे /गोरखपुर एवं कृते भारत के राष्ट्रपति के ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेण्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से ई- टेन्डर आमंत्रित करते हैं। **1. निविदा सूचना सं0:** एन-235-62 टेली टेण्डर 04-2026. **2.** कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत इज्जतनगर, लखनऊ, वाराणसी डिवीजन तथा मुख्यालय गोरखपुर के टियर-2, 3 और 4 स्थानों पर पीआरएस/यूटीएस आधुनिकीकरण के संबंध में डेटाकॉम उपकरणों (यूटीएन डिवाइस) और नेटवर्क कनेक्टिविटी का उन्नयन। **3.** निविदा लागत : ₹ 10,88,11,978.43/- (दस करोड़ अट्ठासी लाख ग्यारह हजार नौ सौ अठहतर रूपये और तैंतालीस पैसे मात्र) **4.** बिड सिक्यूरिटी (बयाना धनराशि) : ₹ 2176200.00/- **5.** ऑफर की वैधता : 90 दिन **6.** निविदा खोलने एवं बंद होने का स्थान, तिथि तथा समय : दिनांक- 22.05.2026, समय - 12:30 बजे **7.** कार्य के पूर्ण करने की अवधि : 06 (छः) माह **8.** मूल निविदा में किसी तरह के परिवर्तन के लिए कृपया इन्टरनेट वेबसाइट पर जारी शुद्धि पत्र का अवलोकन करें। **9.** विस्तृत निविदा सूचना, निविदा प्रपत्र, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **नोटः** निविदादाता / बिडर को अपने बिड के साथ सभी निर्दिष्ट संलग्नों/ फॉर्मेट/अनुलग्नक को अपलोड करना होगा।

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली/मुख्यालय पूर्वोतर रेलवे, गोरखपुर
मुजाधि/सिगनल- 17

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**कार्यालय सेनानायक द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर**

पत्रांक-म29/2006 दिनांक: अप्रैल 24.2006

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 02वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर के परिसर एवं आवासीय परिसर में लगे आम-187, कटहल 39, जामुन- 28. आवला- 37. लीची के 11 कुल 302 फलदार वृक्षों के फलों की नीलामी की कार्यवाही दिनांक 29/04/2026 को वाहिनी परिसर में उक्त फलदार वृक्षों की खुलेआम नीलामी आगामी वर्ष 2026 के लिए की जायेगी। वाहिनी के आवासीय परिसर स्थित आवासों में लगे पेडों के फलों के उपरोक्त नीलामी से मुक्त रखा जायेगा तथा उन पर इस नीलामी का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। नियम व शर्त तथा विशेष जानकारी हेतु किसी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

सेनानायक
द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर



अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें



**सूचना**

मैं **श्रीमती शैल कुमारी पत्नी कल्लू, निवासिनी ग्राम - रहीमाबाद मजरा जिन्दौर परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ उ0प्र0** , मेरे दो पुत्र बड़ा पुत्र सुधीर व छोटा पुत्र रिंकू जिसमे से छोटे पुत्र रिंकू का व्यवहार मेरे प्रति अच्छा नहीं है जो आये दिन मेरे तथा मेरे परिवारीजनो से लड़ता-झगड़ता रहता है, मैं उसके गलत आचरण से अत्याधिक शारीरिक व मानसिक पीड़ित रहती हूँ। उसके इन व्यवहारों से तंग आकर उपरोक्त पुत्र रिंकू को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नही रहेगा, उक्त पुत्र के समस्त क्रिया कलापो एवं खराब आचरण के प्रति वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व परिवारी जनो से कोई लेना-देना नहीं होगा।



वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें


## आग का तांडव

### इलेक्ट्रॉनिक व फर्नीचर शोरूम एवं गोदाम में लगी आग

# करोड़ों का माल व लाखों की नकदी जलकर राख

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे की मुख्य बाजार स्थित शोभित इलेक्ट्रॉनिक एवं फर्नीचर हाउस की शोरूम एवं गोदाम में आधी रात के बाद भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में शोरूम एवं गोदाम में रखा लगभग ढाई करोड़ रूपये का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कल इस दुकान में शाम के समय ट्रक से बाहर से सामान आया था जो कि देर रात तक मजदूरों द्वारा उतारा जा रहा था। दुकान मालिक पुनीत वाजपेई के अनुसार पूरा सामान रखवाने के बाद वह लगभग एक बजे शोरूम बंद कर कर घर गया था, उसके एक घंटे बाद पड़ोसी ने फोन पर आग लगने की सूचना दी, तुरंत मौके पर आकर पीआरवी एवं दमकल को सूचना दी गई।




शोरूम में जलता सामान व आग बुझाते दमकल कर्मी।

काफी समय तक दमकल की गाड़ी नहीं पहुंच पाई, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे सब कुछ राख हो गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची एक-एक कर पांच दमकल की गाड़ियों ने बचाव कार्य शुरू किया, तब तक सारा सामान जल चुका था। आग की तीव्रता इतनी थी की दोनों तरफ के पड़ोसियों की दीवारें भी चटक गई। बचाव दल जब तक आग पर काबू पाता तब तक पूरा सामान जलकर खाक हो चुका था। पीडित दुकानदार के मुताबिक उसकी दुकान में लगभग ढाई करोड़ का सामान एवं दो दिन की बिक्री का 22 लाख रुपया नगद रखा था।

### शादीशुदा प्रेमिका ने युवक पर लगाए आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** शादीशुदा प्रेमिका, प्रेमी की शादी तय होने की बात सुनते ही आग-बबूला हो गई और सीधे थाने पहुंच कर बवाल करने लगी। उसका आरोप था कि उसके प्रेमी ने शादी करने का झांसा देते हुए उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने प्रेमी को थाने बुलाया,वहां दोनों की बात सुनी गई, बवाल बढ़ता देख पुलिस ने प्रेमी का चालान काट दिया। दरअसल मामला टड़ियावां थाने के एक गांव का है। वहां की एक शादीशुदा महिला ने हरियावां थाने में तहरीर देते हुए बताया कि एक गांव में उसका मायका है,मायके के बगल में रहने वाले शोभित नाम के युवक से उसका प्रेम-प्रसंग था। महिला का दावा है कि शोभित उसके साथ शादी करने का झांसा देते हुए शारीरिक संबंध बनाता रहा। इधर उसे पता चला कि प्रेमी शोभित की सगाई होने वाली है, इतना सुनते ही शादीशुदा प्रेमिका शोभित के घर पहुंच गई, वहां शोभित नहीं मिला।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। क्र. सं. 1 निविदा सं0: वमंविई-टीआरडी-लजं-ओटी-201 **कार्य का विवरणः** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में एमआईएम, पीजे, सीएम, एसओटी एवं एनटीवी, एएचयू, बीएचजीपी, बीआरएसए, बीजेएलपी, जेकेआई, एलपीडब्ल्यू, एलवीआर, एमएचबीजी एवं एमएचबीजेड, एमवीकेआर, एनआईटी, पीडीपीआर, आरसीआरए, आरजेडजे, बीएनजीवाई, बीडब्ल्यूपी एवं एलबीडब्ल्यू हॉल्ट (कुल 23 हॉल्ट स्टेशन) पर 27 पी.एफ. को निम्न स्तर से उच्च स्तर तक बढाने एवं विस्तार के कारण ओएचई संशोधन कार्य। **ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय** : 18.05.2026 व 15.00 बजे। **ई-निविदा खुलने की तिथि व समयः** 18.05.2026 व 15.30 बजे। **अनुमानित लागतः** 2,04,39,839.69 रू0 **बयाना राशिः** 4,08,800.00 रु. **निविदा मूल्यः** 0.00 रू0 **कार्य सम्पादन की अवधि** : 12 माह। नोट 1. इस निविदा के विरूद्व मैनुअल ऑफर स्वीकार नही किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। 2. विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वरि0 मंडल विद्युत इंजी0/टीआरडी लखनऊ
मुजाधि/विद्युत-21

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**सूचना**

मेरी पुत्री आर्या अवस्थी के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं0-B-2022:991811006139 दि-17-03-2022 में उसकी जन्म तिथि गलत अंकित हो जाने के कारण मैने उसका नया जन्म प्रमाण पत्र दि-07-02-2025 पंजीकरण सं0-B-2025:09918080001590 जारी करवा लिया था। अतः दि0-17-03-2022 को जारी उसके जन्म प्रमाण पत्र को निरस्त समझा जाये। **आदित्य अवस्थी, 05, तिलक नगर, ऐशबाग, राजेन्द्र नगर, लखनऊ।**



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मूल बैनामा संख्या 3062 दिनांक 25-08-2004 जिसका पंजीकरण उप निबंधक कार्यालय सदर जनपद अयोध्या से हुआ था, जो दिनांक 09-03-2026 को कस्बा दर्शन नगर में कहीं खो गया। जिसकी प्राथमिकी दिनांक 17-04-2026 को करा दी गई है। मूल बैनामा की भूमि गाटा संख्या 455 व 485 ग्राम देवकाली अन्दर नगर पालिका को प्रार्थी द्वारा क्रय किया गया है। जिसपर प्रार्थी काबिज व दखील है। उपरोक्त भूमि प्रार्थी ने श्री भूपेश कुमार तिवारी पुत्र कृष्ण कुमार तिवारी निवासी बरईपारा तहसील सदर अयोध्या से जरिए बैनामा प्राप्त किया है। **राजेश कुमार मौर्या पुत्र सीताराम मौर्या निवासी- बछड़ा सुल्तानपुर परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला-अयोध्या।**



**सूचना**

मैं **रहनुमा खातून, पत्नी विशाल गुप्ता, निवासी शहजादपुर, अकबरपुर, जनपद अंबेडकर नगर, उत्तर प्रदेश,** यह घोषित करती हूँ कि मैंने दिनांक 16.08.2022 को विवाह के उपरांत अपना नाम रहनुमा खातून से बदलकर सिमरन गुप्ता रख लिया है। अब से मैं सभी कार्यो में सिमरन गुप्ता के नाम से जानी जाऊंगी।



**सूचना**

मैंने अपना नाम मटरू से मटरू खां रख लिया है। अब मुझे मटरू खां के नाम से जाना व पहचाना जाए। **मटरू खां पुत्र शुबदार निवासी-मोहल्ला कोलियान छिबरामऊ कन्नौज 209721**

**न्यूज ब्रीफ**

### सीता जन्मोत्सव आज

**हरदोई, अमृत विचार।** राम जानकी मंदिर में शनिवार को सीता जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी मैथिलीशरण ने बताया कि 11 बजे से महोत्सव की शुरुआत भजन, कीर्तन व पूजन से होगी। जन्म की महाआरती दोपहर 12 बजे होगी फिर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### रिक्शा चालक की बिगड़ी तबियत, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** घायल ई-रिक्शा चालक की अचानक तबियत बिगड़ गई। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। देर शाम तक घर न पहुंचने पर उसकी तलाश शुरु की गई। उसी बीच मेडिकल कालेज पहुंचे उसके भाई ने शव की शिनाख्त की। उसकी पहचान कोतवाली देहात के फूल बेहटा निवासी शिवपाल (40) पुत्र केसरी के रूप में हुई। उसकी 20 साल पहले शादी हुई, लेकिन उसके दो-ढ़ाई साल बाद ही पत्नी छोड़ कर चली गई थी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की मौत

## गुरुवार की देर रात सण्डीला-बेनीगंज रोड पर हुआ हादसा

संवाददाता, हरदोई



छोटू और सूरज की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** ससुराल गया युवक अपने ममेरे भाई के साथ बाइक से बहन की ससुराल जा रहा था, उसी बीच सण्डीला-बेनीगंज रोड पर ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे एक की वहीं मौत हो गई, जबकि दूसरे ने सीएचसी सण्डीला में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनो. शवों को कब्जे में लेते हुए उनका पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जांच की जा रही है।

टड़ियावां थाने के निशान पुरवा निवासी 24 वर्षीय छोटू पुत्र मैकूलाल के मां-बाप की बचपन में ही मौत हो गई थी, वह बेनीगंज कोतवाली के पाही गांव में अपने मामा राजाराम के पास रहता था। बताते है कि गुरुवार को छोटू अपने 25 वर्षीय ममेरे भाई सूरज पुत्र मुकेश के साथ के साथ बाइक से उसकी बहन राधिका की ससुराल सण्डीला कोतवाली के नवाज़ी पुरवा जा रहा था। उसी बीच सण्डीला-बेनीगंज रोड पर बेनीगंज कोतवाली के अहिरावां गांव के पास तेज़ रफ्तार ट्रक ने बाइक मे ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े, बाइक चला रहे सूरज का हेलमेट टूटकर चकानाचूर हो गया, उसकी वहीं पर मौत हो गई, जबकि छोटू को सीएचसी सण्डीला पहुंचाया गया, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। सूरज के परिवार में पत्नी गीता और एक बेटा है। गीता करीब एक साल से अपने मायके मझिगवां कोतवाली बेनीगंज में रह रही थी, जबकि छोटू दो भाइयों में छोटा था, उसकी शादी नहीं हुई थी।

## वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई। यह हादसा नौमलिकपुर गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान माधौगंज थाना क्षेत्र के ग्राम फैजपुर कम्पू, पोस्ट गौरा निवासी बांके लाल पुत्र दोहरी लाल के रूप में हुई है। बांके लाल शुक्रवार सुबह साइकिल से जा रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल मानवता दिखाते हुए उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# मामा के अंतिम संस्कार से लौट रहे तीन भांजे हुए हादसे के शिकार, एक की मौत

संवाददाता, हरदोई


सूरज की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** दो सगे और एक चचेरा भाई मामा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद मेंहदी घाट से वापस लौट रहे थे। रास्ते में बिलग्राम रोड पर तेज़ रफ्तार गाड़ी वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल तीनों भाइयों को एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां एक की मौत हो गई, जबकि दो का इलाज चल रहा है।

कोतवाली शहर के सिविल लाइन निवासी सूरज (24) निजी सफाई कर्मी था। गुरुवार को सूरज 20 वर्षीय छोटे भाई करन के साथ बिलग्राम निवासी मामा नत्थू के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मेहंदी घाट गया था। वहां उसका चचेरा भाई मनोज (35) भी था। अंतिम संस्कार होने के बाद मनोज भी सूरज और करन के साथ एक ही बाइक से घर के लिए चल दिया। रास्ते में बिलग्राम रोड पर कोतवाली शहर के फर्दापुर गांव के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही तेज़ रफ्तार गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सूरज के सिर में गहरी चोट पहुंची, जबकि उसका भाई करन और चचेरा भाई मनोज ज़ख्मी हो गया। मेडिकल कालेज पहुंचते ही सूरज की मौत हो गई, जबकि करन और मनोज का इलाज चल रहा है। सूरज की शादी हो चुकी थी। उसकी पत्नी अंजलि और 8 साल की बेटी अमायरा है। देर रात हुए हादसे की खबर सुनते ही सूरज के घर कोहराम बरपा हो गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कुछ देर के लिए चली गई थी याददाश्त

**हरदोई।** सड़क हादसे का शिकार हुए सूरज के चचेरे भाई मनोज ने बताया कि देर रात होने पर कोई सवारी नहीं थी, इस वजह से वह सूरज की बाइक पर सवार हो गया, फर्दापुर पहुंचते ही पीछे से ज़ोरदार टक्कर लगते ही तीनों उछल कर दूर जा गिरे, उस वक्त कुछ देर के लिए ऐसा लगा कि याददाश्त ही चली गई, लेकिन चोंट की टीस ने उसकी आंखे खोल दी, अंधेरे की वजह से उसे अगल-बगल कुछ दिखाई नहीं दे रहा था, सूरज बेहोश पड़ा था, जबकि करन एक तरफ कराह रहा था। बाइक में किस गाड़ी ने टक्कर मारी ? मनोज को इस बारे में कुछ भी नहीं पता।

# बेहतर अंकों के साथ मो. अफ्फान अरबाज अली, राजवीर रहे अव्वल


राजवीर।


मो. अफ्फान।

**हरदोई, अमृत विचार।** संडीला स्थित इल्तिफ़ात रसूल इंटर कॉलेज (आईआर) में यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट (कक्षा 12) परीक्षा के परिणाम में इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। वाणिज्य वर्ग में 60 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 54 सफल रहे। इस वर्ग का कुल परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। मोहम्मद अफ्फान ने 79.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, धीरज सोनी 73.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि कृष्ण कुमार ने 72.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। व्यावसायिक वर्ग में कुल 61 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 57 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। इस वर्ग का कुल परीक्षा परिणाम 93.44 प्रतिशत रहा। इसमें राजवीर ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, नैंसी 83.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि छवि राय ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान वर्ग कुल 172 छात्र-छात्राओं में से 165 सफल हुए। इस वर्ग का परीक्षा परिणाम 95.93 प्रतिशत रहा, जो सबसे बेहतर रहा। अरबाज अली ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, देवांश सक्सेना 83 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे और राज सिंह ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाध्यापक अजय शुक्ल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कैरियर पब्लिक स्कूल की छात्रा ने किया विद्यालय टॉप


अवन्तिका व अनुष्का तिवारी।

**हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद के कैरियर पब्लिक स्कूल की हाई स्कूल की छात्रा अवंतिका ने 91 .5 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में टॉप किया है। स्कूल के प्रबंधक डाक्टर सलीम सिद्दीकी ने बताया कि 53 छात्र और छात्राएं हाईस्कूल की परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 51 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, अवंतिका ने टॉप किया है। दूसरी तरफ एसडी जनता इंटर कॉलेज बजरिया की 10वीं की छात्रा अनुष्का तिवारी ने 91 .5% अंक पाकर कॉलेज का नाम रोशन किया। प्रबंधक सत्यवीर शुक्ला ने बताया कि छात्रा काफी होनहार है।

# श्याम ने प्रथम व अक्षय ने हासिल किया विद्यालय में दूसरा स्थान

संवाददाता, हरदोई,


श्याम मिश्रा।


अक्षय कुमार।


शोभित यादव।


कुलदीप कुमार।


दीपक कुमार।

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित हुआ। जिसमें ब्लॉक हरियावां के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुमई में अध्ययनरत कक्षा के कुल 63 परीक्षार्थियों में से 62 परीक्षार्थियों द्वारा सफलता अर्जित की गई है। विद्यालय के छात्र श्याम मिश्रा ने विद्यालय में सर्वाधिक 88प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर अक्षय कुमार रहे, उन्होंने 86.6प्रतिशत अंक हासिल किए। तीसरे स्थान पर शोभित यादव ने 86.3प्रतिशत अंक हासिल किए। कुलदीप कुमार ने 85.5प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय के परीक्षा प्रभारी विनय मिश्रा ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में से सभी 62 प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए। सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों को मुंह मीठा कराकर आशीष प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव बाजपेई सहित सभी ने उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में कॉलेज का मान सम्मान बढ़ाया है। विद्यालय का इस वर्ष इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत तथा हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। कालेज के प्रबंधक सुयश बाजपेई एवं प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार वर्मा ने सभी सफल छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि हाई स्कूल में दीपक कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉप टेन की सूची में नवां स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाई स्कूल में रूबल सेठ ने 91.16 प्रतिशत, प्रतीक अग्रवाल ने 90.16 प्रतिशत, लिटिल ने 87प्रतिशत, मोहम्मद अमान ने 87 प्रतिशत तथा अधिकांश छात्रों ने ससम्मान 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में अंश मिश्रा ने 90 प्रतिशत, अमित चौहान ने 87 प्रतिशत, आदित्य गुप्ता ने 86 प्रतिशत, मो. जैद ने 85 प्रतिशत, तथा अधिकांश छात्रों ने ससम्मान 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इंटरमीडिएट व्यावसायिक वर्ग में यशस्वी मिश्रा तथा कला वर्ग में आदेश गुप्ता नें सर्वाधिक अंक पाकर जिले व कालेज का गौरव बढ़ाया है।


श्री दिव्य अयोध्या आनन्द सरस्वती इंटर कॉलेज बरौना में मेधावियों के साथ प्रधानाचार्य व शिक्षक।

### शिवा ने 93.83 प्रतिशत अंकों के साथ किया विद्यालय टॉप

**हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां संवाददाता के अनुसार माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इण्टर बोर्ड परीक्षा में शिवा ने विद्यालय टॉप कर नाम रोशन किया है। गुरुवार की शाम घोषित परीक्षा परिणामों में विकास खण्ड क्षेत्र के श्री दिव्य अयोध्या आनन्द सरस्वती इंटर कॉलेज बरौना हाईस्कूल के छात्र शिवा 93 .83 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल टॉप किया। ज्ञानेंद्र कुमार 90 .8, शशांक 90 .6, अनुष्का 90 .2, अराध्या 83 .16, आंशिका शर्मा83, रौनक 82 . 6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।वही अंजली पटेल 81 .4, आर्यन पटेल 80 .4 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र में रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ कमलेश कुमार ने सभी मेधावी छात्र छात्राओं का मुंह मीठा कराकर व माल्यार्पण कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।


चारू वर्मा का मुंह मीठा कराते शिक्षक। अमृत विचार

### 12वीं में चारू व 10वीं में सुव्रत रहे अव्वल

बेनीगंज संवाददाता के अनुसार माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इण्टर बोर्ड परीक्षा में क्षेत्र की चारु वर्मा व सुव्रत राठौर ने विद्यालय टाप कर इतिहास रच दिया। बताते चलें कि गुरुवार को घोषित परीक्षा परिणामों में नगर के सी .बी .जी . इण्टर कालेज आफ साइंस विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में सण्डीला रोड स्थित विवेक वर्मा की पुत्री चारु वर्मा ने इण्टर में 85 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टाप किया, तो वहीं सुव्रत राठौर पुत्र राकेश राठौर ने हाईस्कूल में 91 .67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टाप किया। वहीं इस वर्ष विद्यालय में हाईस्कूल का कुल परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत व इण्टर का कुल परीक्षा परिणाम 93 .45 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय प्रधानाचार्य ने सभी मेघावी छात्र छात्राओं का मुंह मीठा कराकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

# शवों पर राजनीति करने वालों को कुछ भी हासिल नहीं होने वाला : आशीष सिंह आशू

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई


पीड़ित परिवार से मिलते विधायक आशीष सिंह।

- भाजपा विधायक ने पीड़ित परिवार से मिलकर न्याय दिलाने का दिया भरोसा
- माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे संगठनों व विरोधी नेताओं को आंड़े हाथ लिया

**अमृत विचार।** शिल्पी हत्याकांड पर विधायक आशीष सिंह आशू ने कहा कि जो भी राजनीतिक दल लाशों पर राजनीति कर रहे है। उन्हें कुछ भी हांसिल होने वाला नहीं है वो सिर्फ राजनीतिक लाभ लेकर रोटियां सेंक रहे है। मल्लावां के गढ़ड़ी रसूलपुर में 13 अप्रैल को शिल्पी कुशवाहा (30) पुत्री रामरहीश की गांव के ही ऋषभ द्विवेदी ने फावड़े से गला काटकर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने ऋषभ द्विवेदी और उसके पिता प्रमोद द्विवेदी की गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गुरुवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिलने को जाना था, लेकिन पुलिस ने प्रतिनिधि मंडल के सभी लोगों को हाउस अरेस्ट कर लिया था। गुरुवार को भाजपा विधायक आशीष सिंह आशू पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर अपनी संवेदना व्यक्त कर हर प्रकार की मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पहले ही ब्लाक प्रमुख माधौगंज, मंडल अध्यक्ष, प्रधान सभी लोग पीड़ित परिवार के घर पर मौजूद रहे। बेटी की प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही न होने पर चौकी इंचार्ज रहे राघौपुर इंचार्ज पांडेय को निलंबित कर दिया गया था।

### माहौल बिगाड़ने पर दो को जेल व दर्जनों पर केस

शिल्पी हत्याकांड सोशल मीडिया पर गलत बयानबाजी कर माहौल खराब करने को लेकर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने ग्राम उसरहा कछौना निवासी संदीप मौर्य, विपिन मौर्य, अमन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार को शिल्पी के घर 150 अलग-अलग संगठन और व्यक्तियों ने पहुंचकर माहौल खराब करने की कोशिश की थी।

## उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष के भाई ने की आत्महत्या


कुश की फाइल फोटो।

- पत्नी से चल रही मुकदमेबाजी 20 अप्रैल को मुम्बई में पेशी के बाद लौटा था वापस

**हरदोई, अमृत विचार।** मुम्बई में बैठी पत्नी ने पति के खिलाफ मुकदमा कर दिया। 20 अप्रैल को पेशी थी। पेशी पर गया पति घर लौटा, जहां तबियत बिगड़ने पर उसे सीएचसी कोथावां पहुंचाया गया, वहां उसकी मौत हो गई। घर वाले जहां बीमारी बता रहे हैं, वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्वाज़निंग के चलते बिसरा प्रज़र्व किया गया है। बेनीगंज कस्बे के मोहल्ला तिवारी टोला निवासी कुश मिश्रा (50) पुत्र रामशंकर मिश्रा की गुरुवार की शाम अचानक तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी कोथावां ले गए। वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। कुश मिश्रा के बड़े भाई लव मिश्रा उद्योग व्यापार मण्डल बेनीगंज के नगर अध्यक्ष और आदर्श रामलीला समिति के अध्यक्ष हैं। बताया गया है कि कुश मिश्रा की पत्नी अपने तीनों बच्चों के साथ मायके मुम्बई चली गई और साल 2011 में उसने वहीं अदालत में कुश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी 20 अप्रैल को पेशी थी। कुश मिश्रा पेशी करने के बाद घर लौटा था। घर वाले बीमारी से मौत बता रहे हैं, वहीं पोस्टमार्टम में प्वाज़निंग की बात सामने आई है।

# समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में

संवाददाता, हरदोई


गंगा एक्सप्रेस-वे लोकार्पण की तैयारियों को लेकर बैठक करते अधिकारी।

- आयुक्त और आईजी लखनऊ ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण एवं जनसभा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप से सम्पन्न कराने को लेकर शुक्रवार को आयुक्त, लखनऊ मंडल विजय विश्वास पंत एवं आईजी लखनऊ रेंज किरण एस की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। मल्लावां में आयोजित इस बैठक में जनपद हरदोई सहित कन्नौज, उन्नाव, शाहजहांपुर एवं फर्रुखाबाद के जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा एवं पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने जनपद में की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। आयुक्त ने अधिकारियों के साथ आमजन की सुविधाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि जनसभा में आने वाले नागरिकों के लिए विद्युत आपूर्ति, शुद्ध पेयजल, पर्याप्त बैठने की व्यवस्था एवं मोबाइल शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। आईजी, लखनऊ रेंज ने सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि कार्यक्रम स्थल के आसपास सुगम यातायात संचालन हेतु प्रभावी रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया जाए तथा पार्किंग स्थलों का चयन इस प्रकार किया जाए कि आमजन को न्यूनतम दूरी पैदल तय करनी पड़े। साथ ही, सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी जनपदों के पुलिस बल को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक उपरांत डीएम एवं एसपी ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

**विरोध** महिला आरक्षण बिल में विपक्ष की बाधा पर महिलाओं ने जमकर की निंदा

# जन आक्रोश सम्मेलन में गरजी महिला शक्ति

संवाददाता, हरदोई




सम्मेलन को संबोधित करतीं राज्यमंत्री रजनी तिवारी व जन आक्रोश पदयात्रा निकालती महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रसखान प्रेक्षागृह में गुरुवार को विभिन्न महिला संगठनों के तत्वावधान में एक विशाल 'जन आक्रोश सम्मेलन' का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि आज देश शक्ति स्वरूपा मां पीताम्बरा के प्राकट्य उत्सव की भक्ति में लीन है। मान्यता है कि माता की आराधना करने से शत्रुओं का दमन होता है और जीवन की समस्त मनोकामनाएं सिद्ध होती हैं। पर इस आध्यात्मिक उल्लास के बीच नारी शक्ति को अपना हक लेने के लिए 'जन आक्रोश सम्मेलन' के जरिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। यह नारी शक्ति के सम्मान पर एक गहरी चोट है। महिलाओं का संघर्ष विपक्ष की उस संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है, जो धर्म और जाति के नाम पर वोटबैंक की राजनीति के लिए महिलाओं के गौरव को ताक पर रख देती है। कहा, 33 प्रतिशत आरक्षण देश की आधी आबादी का संवैधानिक हक है। इसके बाद राज्यमंत्री की अगुवाई में महिलाओं ने प्रेक्षागृह से आंबेडकर पार्क तक विरोध मार्च निकाला। आंबेडकर पार्क में बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को समाज की प्रगति का मुख्य पैमाना माना, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें उस समानता के अधिकार से वंचित रखा। महिला आरक्षण अब समय की मांग है और भारत की मातृ शक्ति अपना हक लेकर रहेगी। सम्मेलन में उपस्थित रही अलका, शशि, कुमुदिनी, महिमा श्रीवास्तव, अनुपमा सिंह, किरण अग्रवाल, सोनी, अदिति कुशवाहा, सुमन, चंद्रप्रभा, श्वेता, अनीता गुप्ता, सुमन सिंह, कृति अग्रवाल, निधि, शोभना, दीपा बिस्वास मौजूद रहीं।

## 22 हजार की रिश्वत लेते जेई गिरफ्तार


पकड़ा गया जेई।

**हरदोई, अमृत विचार।** एंटी करप्शन टीम ने कराही पावर हाउस में जेई को निजी नलकूप कनेक्शन के एस्टीमेट के नाम पर 22 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। तहरीर देते ही पुलिस आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है। बघौली थाने के बम्हनाखेड़ा निवासी मुस्तकीम आलम ने निजी नलकूप के कनेक्शन के लिए अर्ज़ी दी थी, उसी कनेक्शन के एस्टीमेट के नाम पर कराही पावर हाउस के जेई पवन कुमार वर्मा ने मुस्तकीम से 22 हज़ार रुपये रिश्वत मांगी। इंसपेक्टर टीपी सिंह के नेतृत्व में एंटी करप्शन टीम ने उसे घूस लेते दबोच लिया।

# महिला श्रद्धालु ने ज़ुबान काटकर सिद्ध पीठ मां काली को की अर्पित, भर्ती


घायल महिला श्रद्धालु को अस्पताल ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** मंदिर पहुंची श्रद्धालु पूजा-अर्चना के बाद सिद्ध पीठ मां काली के सामने पहुंची और अपनी ज़ुबान काट कर उन्हे अर्पित करते ही बेहोश होकर गिर पड़ी, इसका पता होते ही मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे श्रद्धालुओ में अफरा-तफरी फैल गई।

कोतवाली शहर के मोहल्ला आलू थोक बावन चुंगी निवासी राकेश गुप्ता की पत्नी ऊषा गुप्ता शुक्रवार को महोलिया शिवपार स्थित मां काली मंदिर पहुंची, वहां पूजा-अर्चना करने के बाद सिद्ध पीठ के सामने पहुंच कर अपनी ज़ुबान काट कर अर्पित कर दी। ज़ुबान कटने से लहुलुहान हुई ऊषा वहीं गिरकर बेहोश हो गई। पुलिस ने इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया है। बताया गया है कि पैरालाइसिस होने से राकेश गुप्ता साल भर से बिस्तर पर पड़े हुए थे, पत्नी ऊषा ने सिद्ध पीठ मां काली के सामने मन्नत मानी थी कि अगर उसका पति पूरी तरह से अच्छा हो जाए तो वह अपनी ज़ुबान काट कर मां काली को अर्पित करेगी, ऐसा ही हुआ, बताते है कि राकेश गुप्ता अब लगभग पूरी तरह से ठीक है, मन्नत पूरी होने पर ऊषा ने मां काली की मन्नत पूरी की।

## न्यूज ब्रीफ

### मछरेहटा पुलिस ने बरामद कर लौटाया मोबाइल

**सीतापुर।** मछरेहटा पुलिस ने एक व्यक्ति का गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उसे सकुशल उसके मालिक के सुपुर्द कर दिया। क्षेत्राधिकारी मिश्रित बृजेश कुमार के मुताबिक, थानाध्यक्ष मछरेहटा प्रभात गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी सक्रियता दिखाते हुए सीईआईआर पोर्टल की मदद से मोबाइल को ट्रैक किया।

### कंजा शरीफपुर में चकमार्ग से हटा कब्जा

**लहरपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंजा शरीफपुर में शुक्रवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। तहसील प्रशासन ने चकमार्ग की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को ध्वस्त कर उसे अतिक्रमण मुक्त कराया। नायब तहसीलदार अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में राजस्व टीम गांव पहुंची। उक्त भूमि अभिलेखों में चकमार्ग के रूप में दर्ज है, उस पर गांव के ही लतीफ पुत्र अलीरजा और निसार पुत्र बाबू ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर निर्माण को ढहा दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि चकमार्ग को खाली कराकर अब वहां मिट्टी पटाई का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्रवाई के दौरान लेखपाल राजेश सिंह, राहुल यादव, बलराम यादव, अनुराग, विमल और ग्राम प्रधान इसरार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### आज तंबौर की बिजली रहेगी ठप

**लहरपुर।** लहरपुर-तंबौर मार्ग पर विद्युत लाइनों के ऊपर आ रहे पेड़ों की कटाई और छंटाई का कार्य रविवार को किया जाएगा। इसके चलते तंबौर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत उपखंड अधिकारी अंचल मिश्रा ने बताया कि भविष्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और तकनीकी खामियों व दुर्घटनाओं से बचने के लिए यह रखरखाव कार्य जरूरी है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए जरूरी कार्यों को समय से निपटाने का सुझाव दिया है। कार्य पूर्ण होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### थानों से 5 वांछित व वारंटी गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थानों से कुल पांच वांछित और वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। बिसवां पुलिस ने वारंटी मन्नीलाल को दबोचा। थाना थानगांव पुलिस ने वारंटी रामसहारे को गिरफ्तार किया। वहीं, थाना खैराबाद पुलिस ने वांछित महिला आरोपी कुमकुम जोशी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। इसी क्रम में थाना महमूदाबाद पुलिस ने बाराबंकी निवासी वांछित अभियुक्त पारुल उर्फ अंकुर वर्मा को गिरफ्तार किया। सिधौली पुलिस ने चार अलग-अलग वादों के वारंटी आकर्षित निगम को गिरफ्तार किया।

### निकली शोभायात्रा लगे भगवान के जयकारे

**लहरपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला बेहटी स्थित प्रभात राजेंद्र कुमार पूनम देवी पीजी कॉलेज में नवनिर्मित पीयूष श्री राधा कृष्ण मंदिर में भगवान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। याद्ध सूर्यकुंड मंदिर, पक्का तालाब तीर्थ, बाबा जंगलीनाथ मंदिर, भोलिया बाबा मंदिर, मां पूरबिन देवी मंदिर होते हुए विभिन्न मार्गों पर निकाली गई। इस अवसर पर यजमान राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, पूनम देवी द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशांत श्रीवास्तव, अनु श्रीवास्तव, धीरेश त्रिवेदी, एस के पांडेय, केके पांडेय, अमरेंद्र सिंह सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं व श्रद्धालु उपस्थित थे।

# गेहूं खरीद में लापरवाही पर डीएम सख्त दो प्रभारियों और एडीओ का वेतन रोका

## गेहूं खरीद की रफ्तार सुस्त, महोली और बिसवां के केंद्र प्रभारी और एडीओ पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जनपद में गेहूं खरीद की सुस्त रफ्तार और लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कड़ा रुख अपनाया है। समीक्षा बैठक के दौरान लापरवाही बरतने पर महोली और बिसवां के केंद्र प्रभारियों सहित संबंधित एडीओ का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने शिविर कार्यालय में 153 क्रय केंद्रों की प्रगति की समीक्षा की। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि 23 अप्रैल तक 686 किसानों से मात्र 4220.08 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है, जो कुल लक्ष्य का केवल 5.63 प्रतिशत है। खाद्य विभाग की प्रगति 15 प्रतिशत रही, जबकि पीसीएफ की प्रगति मात्र 2.89 प्रतिशत पाई गई। इस पर डीएम ने पीसीएफ के जिला प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाई।


गेहूं खरीद को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

### ठेकेदारों पर एफआईआर के निर्देश:

बैठक में केंद्र प्रभारियों ने शिकायत की कि हैंडलिंग और परिवहन ठेकेदार कार्य में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि यदि 24 घंटे के भीतर ठेकेदार कार्य शुरू नहीं करते हैं, तो उन पर एफआईआर दर्ज कर उनके ठेके निरस्त किए जाएं।

### बोरों की कमी न होने दें

डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि उचित दर विक्रेताओं से खाली बोरे प्राप्त कर क्रय एजेंसियों को उपलब्ध कराएं, ताकि बोरों की कमी से खरीद न रुके। उन्होंने सभी एजेंसियों को दैनिक लक्ष्य के अनुरूप खरीद सुनिश्चित करने और किसानों को असुविधा न होने देने के कड़े निर्देश दिए हैं।

# पात्रों तक सीधे पहुंचे योजनाओं का लाभ : डीएम

कार्यालय संवाददाता।


कलेक्ट्रेट सभागार में योजनाओं की समीक्षा करते जिलाधिकारी।

**सीतापुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान खण्ड विकास अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अगले 10 दिनों के भीतर आजीविका रजिस्टर का कार्य पूर्ण किया जाए। डीएम ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते खुलवाकर उन्हें सक्रिय किया जाए और ब्लॉक स्तर पर समूहों के माध्यम से बड़े उद्योग स्थापित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए।

**क्षेत्रीय भ्रमण के निर्देश:** जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ को नियमित रूप से गांवों का भ्रमण करने और निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड कार्यालयों में सभी रिकॉर्ड अद्यतन होने चाहिए। मिशन शक्ति और महिला सशक्तीकरण के तहत संचालित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी, जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त सहित सभी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी व संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### योग प्रशिक्षक पर अभद्रता का आरोप

**संवाददाता हरगांव, अमृत विचार :** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में तैनात योग प्रशिक्षक पर गंभीर आरोप लगे हैं। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी से शिकायत की थी। कोतवाली देहात क्षेत्र के मंसूरपुर निवासी दिलीप कुमार का आरोप है कि दवा लेने के बाद जब वह योग प्रशिक्षक के कक्ष में गया, तो प्रशिक्षक फोन पर व्यस्त थे। बात खत्म होने पर समस्या बताने पर वे भड़क गए और अभद्रता की। शिकायत का संज्ञान लेते हुए विभाग द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम जांच के लिए अस्पताल पहुंची। जांच टीम ने शिकायतकर्ता और अस्पताल के अन्य कर्मचारियों के लिखित बयान दर्ज किए।


सम्मानित किये गए छात्रों के साथ एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक आशा मौर्या।

### यूपी टॉपर्स का सम्मान: एमएलसी व विधायक ने बढ़ाया हौसला

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** महमूदाबाद क्षेत्र के प्रकाश विद्यामंदिर इंटर कॉलेज में यूपी टॉपर्स के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी पवन चौहान एवं विधायक आशा मौर्या ने शिरकत की। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने कॉलेज पहुंचकर टॉपर्स शिखा वर्मा, कशिश वर्मा सहित यूपी टॉपर के सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी और शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे विद्यार्थी प्रदेश और देश का भविष्य हैं, जो अपने परिश्रम से नई ऊंचाइयों को हासिल करेंगे। कार्यक्रम में कॉलेज के संस्थापक ओम प्रकाश वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# नहाने गया युवक डूबा, तलाश जारी

संवाददाता लहरपुर।


नहर के बाहर मौजूद परिवारीजन व ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शारदा सहायक नहर रेगुलेटर पुल के पास दोपहर में नहाने गया 18 वर्षीय युवक गहरे पानी में जाने से डूबकर लापता हो गया। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

नगर के मोहल्ला नई आबादी कटरा निवासी नदीम (18) भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए अपने दोस्तों अमन, परवेज और तौसीफ के साथ नहर में नहाने गया था। नहाते समय नदीम अचानक गहरे पानी में चला गया। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह लहरों में ओझल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी है। देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका था। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि गोताखोरों की टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं।

- शारदा सहायक नहर रेगुलेटर पुल के नजदीक हुआ हादसा

**मजदूरी कर चलता है परिवार :** नदीम के माता-पिता का पहले ही देहांत हो चुका है। उसके परिवार में पांच भाई और दो बहनें हैं, जो मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


कार्यक्रम में किसान को सम्मानित करते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

### लागत में कमी एवं उत्पादन वृद्धि पर जोर

**संवाददाता बिसवां, अमृत विचार :** संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य में सुधार, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को कम करना तथा सतत कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देना है। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव तथा कृषकों के क्षेत्र प्रबंधक कुलदीप सिंह ने संतुलित उपयोग, लागत में कमी एवं उत्पादन वृद्धि की जानकारी दी। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह ने जैविक पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने पर जोर दिया। गृह वैज्ञानिक डॉ. रीमा ने पोषण सुरक्षा एवं जैविक उत्पादों के महत्व पर प्रकाश डाला।

**117 किसानों ने किया प्रतिभाग, दी रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता की जानकारी**

# सिटी मजिस्ट्रेट का एक्शन: चालकों को नियमों के बारे में सुनाई खरी-खरी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** मुख्य मार्ग को बस स्टैंड बना देने की मनमानी पर 'अमृत विचार' द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित खबर का बड़ा असर हुआ है। खबर छपने के बाद हरकत में आए प्रशासन ने शुक्रवार को कड़े कदम उठाए। जिलाधिकारी के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे और एआरएम रोडवेज ने बस स्टैंड क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीच सड़क पर बसें खड़ी करने वाले चालकों और परिचालकों को सख्त चेतावनी दी। सिटी मजिस्ट्रेट ने दो टूक कहा कि मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने रोडवेज कर्मियों को सख्त हिदायत दी कि बसें केवल निर्धारित स्टॉपेज पर ही रुकेंगी। बता दें कि 'अमृत विचार' ने 'बस स्टॉप के बजाय सड़क पर बसों का कब्जा' शीर्षक से खबर प्रकाशित कर आम जनता को होने वाली जाम की समस्या और दुर्घटना के खतरे को उजागर किया था।


बस अड्डा चौराहे पर दिशा-निर्देश देतीं नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय।


बस स्टॉप के बजाय सड़क पर बसों का कब्जा

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- अमृत विचार ने बस स्टाप के बाहर लग रहे जाम और आमजन की समस्याओं को किया था उजागर

### फेल होने से क्षुब्ध छात्र ने खाया जहर, हालत गंभीर

**संवाददाता हरगांव, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम आने के बाद थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पचेहरा के मजरा नौनेरी में एक दुखद घटना सामने आई है। परीक्षा में असफल होने से आहत 18 वर्षीय छात्र विकास ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों के अनुसार, ढोलई कला स्थित एक इंटर कॉलेज का छात्र विकास घोषित हुए हाईस्कूल के परिणाम में फेल हो गया था। बताया जा रहा है कि वह पिछले वर्ष भी अनुत्तीर्ण रहा था, जिसके कारण वह काफी मानसिक दबाव में था। गुरुवार देर शाम उसने घर के अंदर ही विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल सीतापुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों के मुताबिक छात्र की स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है।


अस्पताल में भर्ती छात्र।

### छात्रा की मदद को आगे आए सागर

**सीतापुर।** शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए समाजसेवी सागर गुप्ता ने एक छात्रा की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। उन्होंने पंचमपुरवा निवासी संजय कुमार की पुत्री प्रिया भारती को कक्षा 8 वीं की सभी आवश्यक पुस्तकें और कॉपियां भेंट कीं। छात्रा के पिता संजय कुमार स्वयं दिव्यांग और आर्थिक रूप से असमर्थ हैं, जिससे प्रिया की पढ़ाई रुकने की आशंका थी। सागर गुप्ता ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो व्यक्ति को कठिनाइयों से उबरने में मदद करती है।


कापी किताब देते भाजपा नेता सागर।

# पेट्रोल पंपों पर लटकीं तख्तियां

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर,

**अमृत विचार :** इन दिनों क्षेत्र में डीजल और पेट्रोल की किल्लत है। एक तरफ जहां किसान सिंचाई के लिए डीजल को तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शादी-विवाह के सीजन में पेट्रोल न मिलने से आम जनजीवन बेहाल है। हालात का फायदा उठाकर निजी दुकानदार मनमाने दामों पर अवैध रूप से ईंधन बेच रहे हैं।

स्थानीय किसानों राजाराम, शिव शंकर, महफूज आलम और रामसिंह का दावा है कि इस समय पिपरमेंट, मक्का और गन्ने की फसल को सिंचाई की सख्त जरूरत है। पेट्रोल पंपों पर जाने पर वहां 'डीजल/पेट्रोल उपलब्ध नहीं है' कि तख्ती लटकी मिलती है। मजबूरन किसानों को निजी दुकानों से 150 रुपये प्रति लीटर तक डीजल खरीदना पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और सिंचाई बाधित हो रही है।

शादी-विवाह का समय होने के कारण आवागमन के लिए मोटरसाइकिल का प्रयोग करने वाले लोग भी पेट्रोल के लिए भटक रहे हैं। ग्रामीण सुंदर, मनोहर और दिनेश कुमार ने बताया कि पेट्रोल पंपों पर किल्लत के कारण अनधिकृत विक्रेता 150 से 200 रुपये प्रति लीटर तक पेट्रोल बेचकर चांदी काट रहे हैं।


पेट्रोल न होने से पंप पर पसरा सन्नाटा।

> घटतौली और कालाबाजारी को लेकर लगातार नजर रखी जा रही है, जहां शिकायत मिलती है, कार्रवाई भी की जाती है। सुविधाओं को सुलभ बनाने के लिए वितरकों को विशेष निर्देश दिए हैं। - **अखिलेश श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी**

# मारपीट के बाद छप्पर में लगाई आग, 6 पर केस

सीतापुर कार्यालय।

**अमृत विचार:** तालगांव इलाके के कंजा शरीफपुर गांव में चकरोड रास्ते की नपाई को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। आरोप-प्रत्यारोप के बीच छप्पर में आग लग गई। जानलेवा हमले में छह लोग जख्मी हुए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

तालगांव कोतवाली क्षेत्र के कंजा शरीफपुर गांव में चकरोड पर कब्जे की शिकायत थी। सूचना के बाद लेखपाल की उपस्थिति में चकरोड की नपाई कराने का कार्य हो रहा था। वाजिद पुत्र लतीफ के मुताबिक, गांव के निसार, आसिफ, जमालू, नसीम, सगीर और मेराज वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि बात यहीं पर नहीं थमीं, दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की और बाद में छप्पर में आग लगा दी। घटना लेखपाल की मौजूदगी में हुई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। एसओ तालगांव का कहना है कि वादी पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है, आरोपी फरार हैं।

- तालगांव थानाक्षेत्र के कंजा शरीफपुर गांव का है मामला

### परसेंडी में माता रानी के भजनों पर झूमे भक्त


भजन संध्या पर सजा मां का दरबार। अमृत विचार

**परसेंडी/सीतापुर।** क्षेत्र के ग्राम परसेंडी में आयोजित मां भगवती के विशाल जागरण में भक्ति और श्रद्धा की बयार बही। जागरण में मुख्य गायिका शेफाली द्विवेदी ने 'चलो बुलावा आया है' जैसे कालजयी भजनों से समां बांध दिया, जिस पर हजारों श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। कानपुर से आए गायक कलाकार हरिश्चंद्र और मन्नू पंडित के भजनों ने भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति गीतों के साथ-साथ भक्तों ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व विधायक सुनील वर्मा, लहरपुर विधायक अनिल वर्मा, एमएलसी जासमीर अंसारी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राघवेंद्र प्रताप सिंह व अजय प्रताप सिंह 'पप्पू', सपा नेता देश दीपक भार्गव सहित अन्य मौजूद रहे।

# महिला रिक्रूट आरक्षियों ने परेड में दिखाया कदमताल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** रिजर्व पुलिस लाइंस के परेड ग्राउंड में आगामी पासिंग आउट परेड की तैयारियों को लेकर रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने परेड का निरीक्षण कर महिला रिक्रूट आरक्षियों का उत्साहवर्धन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आगामी 26 अप्रैल को होने वाली मुख्य दीक्षांत परेड से पूर्व आयोजित इस रिहर्सल में एसपी ने टोलीवार मार्च पास्ट का अवलोकन किया। उन्होंने महिला आरक्षियों के उत्कृष्ट टर्नआउट और कदमताल के बेहतर समन्वय की सराहना की। इस दौरान आरक्षियों को देश की एकता, अखंडता और संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ का अभ्यास भी कराया गया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए आत्मरक्षा के गुर और कानून के ज्ञान को अब धरातल पर उतारने का समय आ गया है। उन्होंने आरक्षियों को 'पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग' के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि थाने आने वाले हर फरियादी की समस्या का निस्तारण पूरी संवेदनशीलता के साथ करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।

# नवागत सीडीओ डॉ. दीक्षा ने परखी कार्य संस्कृति

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** नवागत मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी ने कार्यभार संभालते ही कड़े तेवर दिखाए हैं। शुक्रवार को उन्होंने विकास भवन का औचक निरीक्षण कर सरकारी तंत्र की सुस्ती पर लगाम लगाने के संकेत दिए। उनके अचानक पहुंचने से दफ्तरों में हड़कंप मच गया।

सीडीओ ने डीडीओ कार्यालय, मनरेगा सेल, समाज कल्याण, कृषि विभाग और डीपीआरओ कार्यालय समेत कई अनुभागों का जायजा लिया। उन्होंने न केवल उपस्थिति पंजिका चेक की, बल्कि पटल पर लंबित फाइलों की स्थिति भी देखी। साफ-सफाई और जनसुनवाई रजिस्टर में कमियां मिलने पर उन्होंने सुधार के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान डीडीओ संतोष कुमार व डीपीआरओ डॉ. निरीश चंद्र साहू समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

सीडीओ ने अधिकारियों को समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ काम करने की नसीहत दी। डॉ. जोशी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है।



विकास भवन परिसर में पटलों का निरीक्षण करतीं सीडीओ डॉ. दीक्षा जोशी। अमृत विचार

**औचक निरीक्षण**

- नवागत मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन के पटलों का किया निरीक्षण

### इन विभागों की टटोली नब्ज

सीडीओ ने मुख्य रूप से डीआरडीए एवं सहकारिता, भू-संरक्षण एवं डूडा, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय आदि का बारीकी निरीक्षण किया।

### अभिभावकों ने उठाई वाटर कूलर की मांग

**सीतापुर।** विकास खंड परसेंडी के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट बिरैचा में विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी शिक्षक अनिल श्रीवास्तव ने अभिभावकों से बच्चों की दिनचर्या और पढ़ाई पर व्यक्तिगत ध्यान देने की अपील की। रामू गुप्ता, जगदीश, अर्चना और रामदेवी के मुताबिक, कक्षा 6 से 8 तक गणित का शिक्षक न होने से बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। अभिभावकों ने विद्यालय में वाटर कूलर लगवाने की मांग की है। इस दौरान शिक्षक वंदना, नंदकिशोर, रीता, सहित अन्य शिक्षकगण और रसोईया भी उपस्थित रहीं।


विद्यालय पर उपस्थित अभिभावक शिक्षक और छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# शहर संवारने में खोल दिया खजाना, हसरतें पूरी तो कहीं अधूरी

## विकास के दावों पर खरा उतरने में नगर पालिका परिषद ने खर्च किया 1.66 अरब रुपये का बजट, पानी, यातायात व सफाई व्यवस्था से बढ़ी मुसीबत

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर को आधुनिक और आकर्षक बनाने के लिए नगर पालिका परिषद ने विकास कार्यों पर बजट की कमी को आड़े नहीं आने दिया। सड़कों के चौड़ीकरण, चौराहों के सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट, बेहतर सीवर, पेयजल समेत तमाम नई सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया गया। पालिका के जिम्मेदारों के इन प्रयासों से शहर की तस्वीर काफी हद तक बदल गई है और कई इलाकों में लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलने लगी हैं। हालांकि, इस विकास के बावजूद शहर के कई मुहल्ले ऐसे हैं, जहां पर विकास की किरण नहीं पहुंच सकी है। वहां के लोगों की हसरतें अब भी अधूरी हैं। शहर के कुछ हिस्सों में बुनियादी सुविधाओं की कमी बनी हुई है। पानी की समस्या, यातायात जाम, सफाई व्यवस्था और अव्यवस्थित पार्किंग जैसे मुद्दे अब भी लोगों के लिए परेशानी के कारण बने हुए हैं।


इंटरलाकिंग कार्य का भूमि पूजन करते नपा अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर। (फाइल फोटो)


बालापुर में सड़क के किनारे फैली गंदगी।

नगर पालिका परिषद की कुल आबादी करीब सवा दो लाख है। इसमें 34 वार्ड के तीन सौ से अधिक मुहल्ले हैं। अब बात नगर पालिका के बजट की करें तो इस बार एक अरब 66 करोड़ रुपये खर्च कर दिए गए हैं। इसमें सबसे अधिक फोकस सड़क, चौराहों के सुंदरीकरण, मार्ग प्रकाश, पेयजल और साफ-सफाई पर रहा। इस बजट पर अधिकांश शहर के मुख्य क्षेत्र के लोगों को ही मिला। अभी भी कई इलाके ऐसे हैं, जहां के लोग खड़ंजा लगने तक के लिए इंतजार कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विकास कार्यों का लाभ सभी क्षेत्रों तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है। जहां कुछ इलाकों में चमक-दमक बढ़ी है, वहीं अन्य हिस्से अब भी उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

**पार्कों की दशा धरातल पर कम कागजों पर ज्यादा बेहतर:** नगर पालिका के पार्कों की दशा बेहद खराब हे। अधिकांश जगह स्थानीय और प्रभावशाली लोगों द्वारा कब्जा है। यही वजह है कि बच्चे आज भी पार्क के बजाय सड़क पर ही ज्यादा खेलते नजर आते हैं। इन पार्कों को संवारने के लिए बजट भी खर्च हुआ, लेकिन देखरेख में अभाव में अधिकांश बदहाल है।

**डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को रफ्तार का इंतजार:** शहर को गंदगी से मुक्त रखने के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन चलाया जा रहा है। इसके तहत शहर के सभी 34 वार्डों में घर-घर से कूड़ा संग्रहित करने का दावा किया जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि अभी भी 30 प्रतिशत क्षेत्र में कूड़ा के वाहन नहीं पहुंच रहे हैं। कार्यदायी संस्था को पूर्व में कई बार चेतावनी भी दिया जा चुका है। इसके बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ।

### कहां पर कितना बजट हुआ खर्च

| | |
|---|---|
| जलकल | 60365564 रुपये। |
| जलसम्पूर्ति एवं अनुरक्षण | 98100771 रुपये। |
| सीवर पम्पिंग सेट | 2979055 रुपये। |
| सीवर | 3095782 रुपये। |
| स्वास्थ्य विभाग | 305710421 रुपये। |
| प्लांट कंटीजेन्सी | 17632860 रुपये। |
| चूना, फिनायल, ब्लीचिंग | 653482 रुपये। |
| मार्ग प्रकाश | 26333818 रुपये। |
| सड़कें | 183424787 रुपये। |

### इस बार 40 करोड़ अधिक खर्च

इस बार करीब 40 करोड़ रुपये अधिक खर्च किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक अरब 26 करोड़ 27 लाख 49 हजार 678 रुपये खर्च हुआ था। वहीं इस बार वर्ष 2025-26 में एक अरब 66 करोड़ 82 लाख 15 हजार 53 रुपये खर्च हुए हैं।

### अंतिम छह महीने में भरपूर हुए काम

नगर पालिका परिषद में अंतिम छह महीनों में खूब काम हुए। शुरूआती दौर में उठापटक के कारण कार्य प्रभावित रहा। वहीं अंतिम छह महीने में भरपूर बजट को खपाया। सबसे आश्चर्य की बात जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने का दावा करते हुए बजट का पिटारा खोल दिया गया। वहीं अभय दाता रोड, राम विलास नगर, ढोलक वाली गली, आचार्य द्विवेदी नगर, वैष्णो नगर, शिक्षक नगर, आजाद नगर, तुलसी नगर समेत तमाम ऐसे मुहल्ले हैं, जहां पर विकास का इंतजार है।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत प्रत्याशी पर पीएम की फोटो से छेड़छाड़ का आरोप

**बछरावां (रायबरेली), अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ कथित अभद्रता का मामला सामने आने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट को लेकर भाजपा नेताओं ने कड़ी नाराजगी जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि बछरावां द्वितीय सीट से जिला पंचायत सदस्य पद के एक प्रत्याशी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर प्रधानमंत्री की तस्वीर पर कालिख पोतकर पोस्ट साझा की। पोस्ट में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी लिखी गई, जिसके बाद यह मामला तेजी से सोशल मीडिया पर फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी समेत कई कार्यकर्ता बछरावां थाने पहुंचे और थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कोर्ट के आदेश पर 11 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर महराजगंज कोतवाली में बृहस्पतिवार को 11 लोगों के खिलाफ मारपीट और जान माल की धमकी देने की एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार पूरे शिव दिन मजरे सलेथू गांव निवासी उमेश कुमार का आरोप है कि बीते 22 फरवरी को गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिश में उनके पिता राम गरीब पर लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया था। विरोध पर उनकी भी पिटाई की थी। इस सम्बन्ध में उन्होंने स्थानीय थाने पर घटना की तहरीर दी थी। थाने से अनसुनी मिलने के बाद पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया। क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर गांव के ही पवन, विजय, पुष्पेंद्र, दीपांशु, मोनू, राजरानी, आंचल, पुष्पा, रोशनी, कमलेश व अमन समेत 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**डलमऊ, अमृत विचार :** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के संतपुर मोड के पास जगतपुर की तरफ से मुराई बाग की ओर आ रही दोनों मोटरसाइकिलों की टक्कर हो गई। संतपुर निवासी मनीष मौर्य (18) पुत्र शिवकुमार मौर्य जगतपुर की तरफ से अपने घर जा रहा था। तभी पीछे से मोटरसाइकिल सवार अरुण कुमार (18) पुत्र होरीलाल व रिया (17) पुत्री हरिकेश निवासी मेलखा जगतपुर की तरफ से मुराई बाग आ रहे थे। रास्ते में संतपुर मोड़ के पास दोनों मोटरसाइकिल की आपस में टक्कर हो गई। जिससे तीन लोग घायल हो गए।

### डंपर की टक्कर मां-बेटा घायल

**जगतपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को जगतपुर की तरफ से सलोन की ओर बाइक सवार आशा देवी पत्नी श्यामलाल (45) व उसका बेटा विमल कुमार (20) निवासी रेवली थाना सलोन को पूरबगांव के पास अज्ञात डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें मां बेटे दोनों घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया है।

# परीक्षा परिणाम देख चहक उठे मेधावी, हुए सम्मानित


बाबा रामदास इंटर कॉलेज में सम्मानित की गई टॉपर छात्रा। अमृत विचार


खुशियां मनातीं बालिका विद्या मंदिर की छात्राएं। अमृत विचार

छतोह (रायबरेली)

**अमृत विचार।** डीह विकासखंड के मधुकपुर ग्राम सभा स्थित बाबा रामदास इंटर कॉलेज का यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन रहा है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित किया हे। हाईस्कूल की पल्लवी यादव ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल की टॉपर रही। वहीं 12वीं में देवांश शुक्ला ने 84 प्रतिशत अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया।

इसके अलावा हाई स्कूल में नंदिनी 90 प्रतिशत, शशि द्विवेदी 88.33 प्रतिशत, सौरभ विश्वकर्मा ने 88.16 प्रतिशत, शिवांशी 85 प्रतिशत, इंटर में सौम्या सचान ने 84 प्रतिशत, सेजल ने 82 प्रतिशत, पूजा ने 81.20 प्रतिशत, आदर्श मौर्य ने 80 प्रतिशत, सिताशु यादव 80 प्रतिशत, शिवानी मिश्रा, राजकुमारी 77 प्रतिशत, ज्योति 76 प्रतिशत अंक अर्जित किया है।

**सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन, लालगंज:** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बालिका विद्या मंदिर के कोषाध्यक्ष शिवकुमार सतीश त्रिवेदी ने बताया कि हाईस्कूल में निधि मेहरा ने 93.16 प्रतिशत, मीनाक्षी साहू ने 92.5, जीरी अवस्थी ने 91.83, स्नेहा ने 90.16, अर्पिता यादव ने 87.6, यशस्वी योगी ने 84, तृषा सिंह ने 83.8, वैष्णवी शर्मा ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य ममता सिंह ने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रीति ने 85, आरती ने 83.8, अनुष्का वर्मा ने 82.8, अंजली मौर्या ने 82.8, सोनम गौतम ने 82.2, अविका तिवारी ने 82, माही यादव ने 81, प्रियांशी मिश्रा ने 81.6, वर्तिका दीक्षित ने 80.4, आंची वर्मा ने 79.2, अनन्या वर्मा ने 78.6 ने प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। प्रबंधक हरिद्वार सिंह ने बताया कि इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मेधावी छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन माया अवस्थी ने किया। इस मौके पर प्रबंधक सचिन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष सतीश त्रिवेदी, अध्यक्षा इंदु बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।

### छात्राओं को किया सम्मानित

परशदेपुर के रामराजी बालिका विद्यालय में प्रधानाचार्य पूनम गुप्ता ने हाईस्कूल की टॉपर अनन्या, अनीता, पलक, साबरीन, अनुकीर्ति व इंटरमीडिएट की टॉपर जोहा, खुशी, खुशी द्वितीय, अंशिका, सरिता को सम्मानित किया। इस मौके पर अली अहमद, रत्ना सिंह, सानिया, सिमरन, कंचन, सुहानी, श्रेजल आदि मौजूद रहे।


छात्राओं को सम्मानित करतीं प्रधानाचार्य पूनम गुप्ता।

### वैष्णवी को जिले में मिला तीसरा स्थान


विद्यालय में सम्मानित वैष्णवी।

**सरेनी, अमृत विचार।** बाबू सिंह इंटर कॉलेज छिवलहा की मेधावी छात्रा वैष्णवी तिवारी ने इंटरमीडिएट परीक्षा के घोषित परिणाम में 500 में से 463 अंक हासिल कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है इस उपलब्धि से न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र और बैसवारे का नाम रोशन हुआ है। साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली वैष्णवी की सफलता मेहनत और अनुशासन की मिसाल है। उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन करीब आठ घंटे नियमित पढ़ाई करती थीं और साथ ही घर के कामों में भी अपनी मां का हाथ बंटाती थीं। उनकी माता संजूलता एक शिक्षिका हैं, जिनसे उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरणा मिली। पिता दिनेश चंद्र तिवारी खेती-किसानी से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। वैष्णवी ने अपने सपनों के बारे में बताते हुए कहा कि वह आगे चलकर आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन में भी खुशी की लहर है। प्रबंधक राम सकल सिंह, प्रधानाचार्य मंजय सिंह और केंद्र व्यवस्थापक अंजय सिंह ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीण परिवेश में सीमित संसाधनों के बावजूद वैष्णवी की यह सफलता बताती है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। ऐसे उदाहरण न सिर्फ प्रेरणा देते हैं,बल्कि शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक ऊर्जा भी भरते हैं।

### मेडल से नवाजे गए हाईस्कूल और इंटर के मेधावी बच्चे


मेधावियों को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

**रायबरेली, अमृत विचार।** दयाल शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज भदोखर का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मुख्य अतिथि डॉ. बलवंत सिंह ने होनहार बच्चों को वर्तमान परिवेश में लगन के साथ परिश्रम करने और अपने लक्ष की प्राप्ति हेतु निरंतर अध्ययन करते रहने और सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह दी। हाई स्कूल में 91% अंक प्राप्त कर प्रांशु यादव ने विद्यालय के टॉपर बने, जबकि प्रांशु जायसवाल ने 88% अंक प्राप्त कर द्वितीय और अंजली यादव ने 87% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इंटर मीडिएट में रश्मि काजल ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के संस्थापक सूर्य पाल सिंह यादव की स्मृति में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र प्रांशु यादव को सूर्य पाल सिंह यादव मेधावी सम्मान के तहत विद्यालय ने साइकिल प्रदान की गई। सभी मेधावी बच्चों को मेडल पहनाकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या प्रतिभा यादव, उप प्रधानाचार्य मनीष यादव, राम बाबू, विनोद यादव, सीपी गुप्ता, राजकुमारी पाल, विनीता यादव, स्वाती तिवारी, अंजली, जेएन यादव, एसपी सिंह, वीरेंद्र कुमार, कौशल कुमार, आरपी यादव, संजय राव और अभिभावक भी उपस्थित रहे। संचालन उपप्रधानाचार्य राम बाबू द्वारा किया गया।

### न्यू स्टैंडर्ड सलेथू में खूब मना जशन, चमके मेधावी

**महराजगंज, अमृत विचार।** क्षेत्र के सलेथू स्थित न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद जशन का माहौल रहा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को स्कूल प्रबंधन ने फूलमाला पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। यहां पढ़ने वाली हाईस्कूल की प्राप्ति मौर्य ने 92 .17 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल की टापर रही। वहीं 12वीं में पलक आनंद ने 89 प्रतिशत फीसदी अंक पाकर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा कस्बे के स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की परीक्षा में नेहा मौर्य ने 88 .83 प्रतिशत, इंटर में खुशी गुप्ता ने 88 .8 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल की टॉपर बनी।

### 93 प्रतिशत अंकों के साथ वंशिका ने बढ़ाया गौरव

**लालगंज, अमृत विचार।** चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज की वंशिका ने हाईस्कूल में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इसके अलावा कृति 91 प्रतिशत, योगिता 90 .6, अविरल शुक्ला 90 .4, प्रशांत मिश्रा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में सचिन यादव ने 89 प्रतिशत, कार्तिकेय साहू 87, विद्या सिंह 85 .4, सोनाक्षी सिंह 85 .4, पूजा सिंह 85 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि गत वर्ष 2025-26 में हाई स्कूल में 499 व इंटरमीडिएट में 592 विद्यार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। मेधावी छात्रा वंशिका ने बताया कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। इंटरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र सचिन यादव ने डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने की मंशा व्यक्त की। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने सभी विद्यार्थियों को माला पहनाकर सम्मानित किया है।


बच्चों को पुरस्कृत करते प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला।

### भावना और कृष्ण रहे स्कूल टॉपर

**सरेनी।** शिव मेमोरियल पब्लिक स्कूल रसूलपुर का हाई स्कूल और इंटर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इंटर में पंजीकृत 32 और हाई स्कूल के 38 बच्चे परीक्षा में सफल रहे। विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा भावना ने 86 प्रतिशत अर्जित किया। इनको 431 अंक मिले हैं। कृष्ण कुमार को दूसरा व अमनदीप को तीसरा स्थान हासिल हुआ। हाई स्कूल में अश्विनी प्रथम, गुड़िया द्वितीय व शिखा तृतीय रही। छात्र-छात्राओं की सफलता पर प्रबंधक सरयू प्रसाद त्रिवेदी, संस्थापक अरुण कुमार त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षकों की मेहनत व अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय परिवार को सफलता मिली है। बच्चों की सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक आनंद त्रिवेदी ने खुशी व्यक्त की है।


स्कूल में सम्मानित किए गए मेधावी।

### परीक्षा में बेटियों ने मारी बाजी

**डलमऊ।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में इस बार बेटियों का दबदबा रहा। शांति मनोहर इंटर कालेज में बेटियों ने सफलता हासिल करते हुए इतिहास रचा है। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक संदीप चौधरी, प्रधानाचार्य अरुण कुमार सिंह ने बेटियों के साथ ही उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया है। हाईस्कूल में साक्षी शर्मा 93 प्रतिशत, आर्य द्विवेदी ने 92 प्रतिशत और उम्में हबीबा 91 .8 प्रतिशत अंक हासिल किया है। अध्यापक प्रमोद यादव, धर्मेंद्र सिंह, रवि मौर्य, वीरेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, आनंद बाजपेई, नवनीत बाजपेई, शिक्षिका शशी पटेल, अंजलि त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



खुशी का इजहार करतीं छात्राएं।

# वृद्धा की हत्याकर शव को बोरे में भरकर आरोपी फरार

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अन्तर्गत कोड़र मजरे दहिगवां में 65 वर्षीय वृद्ध महिला की युवक द्वारा बेहरमी से कुचल कर हत्या कर दी गई। शव को बोरे में भरकर घर के अन्दर रखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची मृतक की बेटी मिथलेश सिंह ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे रामप्यारी और उसकी बड़ी बहन शिवप्यारी घर की गैलरी में लेटी थी। तभी गांव का ही एक व्यक्ति शराब के नशे में आया और घर के अन्दर पड़े तख्त लेट गया। दोनों बहनों ने युवक का विरोध कर उसे घर से जाने को कहा किन्तु वह नहीं गया। जिसके बाद बड़ी बहन शिवप्यारी युवक को भगाने के लिए मोहल्ले में दूसरों लोगों को बुलाने चली गई। जब वह वापस लौटकर आई तो देखा दरवाजे अन्दर से बन्द थे। जिसके बाद शिव प्यारी पड़ोसी की छत से अपने घर में जाकर दरवाजा खोला तो देखा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। जिसके बन्द घर के अन्दर गए मोहल्ले के दो बच्चों ने देखा तो महिला की लाश बोरे में भरी थी जिसका हाथ बाहर दिख रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रामप्यारी के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।


रामप्यारी की फाइल फोटो।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**खीरों (रायबरेली)।** सलीमापुर मजरे दुकनहा निवासी दिलीप कुमार लोधी (30) पुत्र रामकरन लोधी किसी शहर में प्राइवेट नौकरी करता था। दिलीप कुमार लोधी गुरुवार की शाम शादी की वर्षगांठ पर घर आया था। इस दौरान शुक्रवार को पत्नी ऊषा लोधी से उसका विवाद हो गया। पत्नी ने खीरों थाने में पति के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया था। मृतक के पिता रामकरन ने बताया कि दोपहर को घर पर कोई नहीं था। ऊषा अपने मायके पक्ष के साथ खीरों थाने गई थी। उसका कहना है कि जब वह दवा लेकर वापस लौटा तो दिलीप का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। पति की मौत से पत्नी ऊषा लोधी का बुराहाल है। इस घटना से मृतक के पिता रामकरन, भाई संदीप कुमार लोधी, बहन प्रीती, पत्नी ऊषा लोधी सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच की जा रही है।

### हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक पर केस दर्ज

**महराजगंज, अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं और ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले एक युवक के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी द्वारा जारी किए गए वीडियो के वायरल होने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। 22 अप्रैल बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें मऊ गर्वी निवासी सरवन नामक युवक को हिंदू देवी-देवताओं और ब्राह्मण समाज के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए देखा गया। वीडियो में की गई टिप्पणियों से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की आशंका के चलते मऊ गर्वी निवासी उमानाथ सिंह की तहरीर पर चंदापुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी सरवन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे हिरासत में ले लिया जाएगा।

### बारात घर का किया गया निरीक्षण

**बछरावां, अमृत विचार।** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तराखंड प्रभारी मनोज यादव ने सदर विधानसभा कोऑर्डिनेटर रोहित सिंह के साथ विकासखंड क्षेत्र की ग्राम सभा महेरी का दौरा किया। यहां उन्होंने सांसद राहुल गांधी की सांसद निधि से नवनिर्मित बारात घर का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम प्रधान देशराज यादव द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उपयोगिता पर चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार इस बारात घर का उद्घाटन अगले सप्ताह सांसद राहुल गांधी द्वारा किए जाने की संभावना है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम पंचायत कन्नावा में आग से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने सांसद राहुल गांधी की ओर से भेजी गई राहत सामग्री वितरित कर हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और सहायता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश चौधरी, महासचिव सुरेश पासी सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** टुभुईखेड़ा मजरे रामनगर थाना त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी निवासी राजेश कुमार अपनी पत्नी फूलमती (35) को बाइक पर बिठाकर गुमावां की ओर जा रहे थे। वहीं थाना क्षेत्र के शेरगढ़ पड़रिया निवासी शान मोहम्मद (35) जगदीशपुर की तरफ से आ रहे थे। तभी दोनों बाइकों की पुलिया के पास आपस में टक्कर हो गई। जिसमें शान मोहम्मद और फूलमती दोनों घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ लाया गया।

समस्या

## विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठक, जिलाधिकारी से जनहित में त्वरित कदम उठाने की मांग

# गर्मी और हीट स्ट्रोक से जनजीवन प्रभावित, प्रशासन करे जागरूक

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और हीट स्ट्रोक की गंभीर परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें सभी ने कहा कि वर्तमान स्थिति सामान्य नहीं है, बल्कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा एक गंभीर संकट बनती जा रही है, जिस पर प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि भीषण गर्मी और लू के कारण आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल राहत के प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित करे, जिससे नागरिकों को राहत मिल सके और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। सेवारत स्वर्णकार संस्थान के अध्यक्ष गोविन्द सोनी ने कहा कि यह समय संवेदनशीलता और सतर्कता का है। जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाना चाहिए।

पूर्व प्रधान भौमेश कुमार ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा छायादार विश्राम स्थलों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। आदर्श स्वर्णकार कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश सोनी और चौरसिया महासभा के जिलाध्यक्ष वैभव चौरसिया एडवोकेट ने कहा कि अस्पतालों में आवश्यक दवाओं, ओआरएस और चिकित्सीय संसाधनों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए। सुशील मौर्या, प्रमोद वर्मा, इं. दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार, विजय कुमार वर्मा, भोला चौधरी, मो0 शाकिब कुरैशी, पवन अग्रहरि, कमलेश चौधरी, प्रमोद कुमार मौर्य, ओपी यादव, सौरभ सिंह, प्रफुल्ल सिंह, जेपी चौधरी आदि उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद विभिन्न संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### तीन करोड़ से कराई जा रही गंग नहर की सफाई, किसानों को मिलेगी राहत

**जगतपुर (रायबरेली) अमृत विचार।** डलमऊ पंप कैनाल से निकली गंग नहर की दाहिनी पटरी की करीब 20 वर्षों से सफाई न होने के कारण क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था। अब सिंचाई विभाग ने करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से नहर की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बताया जाता है कि नहर की नियमित सफाई न होने से उसमें सिल्ट और झाड़ियां भर गई थीं, जिसके चलते पानी का प्रवाह बाधित हो रहा था। कई बार अधिक पानी छोड़ने पर नहर कटने का खतरा भी बना रहता था। इस समस्या को लेकर किसानों ने कई बार जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। डलमऊ पंप कैनाल में लगे 20 पंपों के माध्यम से डलमऊ, गौरा और जगतपुर क्षेत्र के लाखों किसानों की सिंचाई होती है। रबी सीजन में किसी तरह पानी की आपूर्ति हो जाती थी, लेकिन धान की रोपाई के समय किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता था, जिससे खेती प्रभावित होती थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा मामला उठाए जाने के बाद विभाग हरकत में आया और नहर की दाहिनी पटरी की सफाई का कार्य शुरू कराया गया। वहीं सिंचाई विभाग के अवर अभियंता प्रवीण कुमार पांडेय ने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीन करोड़ रुपये की लागत से दाहिनी पटरी की सफाई कराई जा रही है।

**न्यूज ब्रीफ**

## मेधावियों को किया गया सम्मानित

**डलमऊ (रायबरेली), अमृत विचार :** शुक्रवार को मुराई बाग स्थित ऋषि कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में मेधावी छात्रों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के डायरेक्टर ऋषि कुमार प्रजापति ने इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली डलमऊ कस्बे की छात्रा उम्मे हबीबा और छात्र अभिनव कुमार को सम्मानित किया। उन्होंने दोनों छात्रों को मुंह मीठा कर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्रों की मेहनत और लगन की सराहना की। इंस्टीट्यूट डायरेक्टर ऋषि ने कहा कि ऐसे मेधावी छात्र संस्थान के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं और अन्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

## मौलिक अधिकार पार्टी ने किया प्रदर्शन

**महराजगंज (रायबरेली) :** तहसील परिसर में मौलिक अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार मंजुला मिश्रा को सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से राजनीति, नौकरी व शिक्षा में महिलाओं का आरक्षण, अति पिछड़ों के लिए आरक्षण और अत्याचार निवारण कानून बनाने, प्राकृतिक संपदा से प्राप्त आय में से प्रत्येक मतदाता को 4,000 रुपये मासिक 'वोटरशिप' शिक्षा, चिकित्सा एवं प्रशिक्षण पूर्णतः मुफ्त करना, ईवीएम हटाकर पुनः बैलेट पेपर से निष्पक्ष चुनाव कराने आदि की मांगे की गई हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष बैजनाथ यादव, तहसील अध्यक्ष नवाब अली, जिला महासचिव साहब लाल सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वीडियो वायरल करने का आरोप, केस दर्ज

**अमेठी, अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक के जरिए छवि खराब करने से जुड़ा बताया जा रहा है। प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि अज्ञात व्यक्ति और एक स्वघोषित पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय द्वारा मिलकर उनके खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित की जा रही है। आरोप है कि यूट्यूब चैनल और फेसबुक लिंक के माध्यम से फोटो और वीडियो वायरल किए गए हैं। तहरीर में यह भी कहा गया है कि उनकी पत्नी की फोटो से छेड़छाड़ कर उसे आपत्तिजनक रूप में प्रसारित किया गया, जिससे परिवार की छवि धूमिल हुई है। साथ ही सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर मानहानि करने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित का कहना है कि एक कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को भी अपमानित करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## किशोरी को भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र की एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की तहरीर के अनुसार 16 अप्रैल की सुबह करीब सात बजे प्रतापगढ़ जनपद के सराय सागर निवासी विकास यादव उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना की जानकारी होने पर जब महिला आरोपी के घर पहुंची तो वहां मौजूद उसके भाई ने गाली-गलौज की। महिला का आरोप है कि शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सड़क हादसे में बच्ची की मौत, तीन लोग घायल

**हाईवे स्थित जामो मोड़ के पास बाइक में कार ने मारी टक्कर, गंभीर हालत में तीन लोग लखनऊ रेफर**



अस्पताल में घायलों का हालचाल लेते सीओ अतुल सिंह व मौजूद अन्य। अमृत विचार

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे स्थित जामो मोड़ के पास शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार चार पहिया वाहन और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, सबदरपुर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र निवासी रशीद अपनी बहन अमरीन बानो, भांजी नुसरत फातिमा (7 वर्ष) और भांजे मुस्तफा खान निवासी पूरे दलेल, इटरौर के साथ बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नुसरत फातिमा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाकी तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीनों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र यादव ने बताया कि मृत बच्ची के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## देवा शरीफ़ से लौट रही बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी, पांच लोग घायल

**संवाददाता, शुकुल बाज़ार (अमेठी), अमृत विचार।** शुक्रवार की सुबह रानीगंज रोड पर ग्यासपुर के क़रीब एक दर्दनाक हादसा हुआ जब साइकिल सवार को बचाने की कोशिश में एक बोलेरो बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में साइकिल सवार समेत पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, थाना शिवरतनगंज के गाँव खारा के रहने वाले चांद बाबू पुत्र सिराज अहमद अपने परिवार और रिश्तेदारों को लेकर देवा शरीफ की ज़ियारत के लिए गए थे। गुरुवार के दोपहर लगभग एक बजे ज़ियारत के लिए गए थे शुक्रवार को घर वापसी सुबह जब अपने बहन को जिला अयोध्या थाना क्षेत्र हलियापुर के इमामगंज छोड़ने जा ही रहा था कि तभी शुकुल बाज़ार इलाके में ग्यासपुर के पास कंपोजिट विद्यालय के पास अचानक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में दोनों में टक्कर हो गई जिसमे साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए और बोलेरो सड़क किनारे पलट गई बताया जाता है कि बोलेरो में एक ही परिवार के करीब 12 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी शामिल थे। गाड़ी चाँद बाबू चला रहे थे। हादसे में चाँद बाबू, हातून निशा, रेशमा, गुलशन समेत कई लोग घायल हो गए। वहीं ग्यासपुर के रहने वाले करीब 40 वर्षीय अमरजीत, जो साइकिल पर सवार थे, वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची और सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाज़ार पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए साइकिल सवार समेत तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। वहीं थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि हादसा साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



बोलेरो को बाहर निकलवाती पुलिस।

# तहसील परिसर में हुई मारपीट अधिवक्ता अश्वनी की हालत गंभीर



तहसील परिसर में दो अधिवक्ताओं के बीच होती झड़प। अमृत विचार

तिलोई (अमेठी)

- अनिल पांडे व एक अन्य ने किया अश्वनी श्रीवास्तव पर जानलेवा हमला

**अमृत विचार।** तहसील तिलोई परिसर में शुक्रवार को दो अधिवक्ताओं के बीच विवाद देखने को मिला। विवाद देखते देखते इस तरह बढ़ गया कि दोनों अधिवक्ताओं में मारपीट हो गई। यह मामला तहसील परिसर के नायब तहसीलदार की कोर्ट के सामने हुआ। मौके पर मौजूद अन्य अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। लेकिन बताया जाता है कि कुछ ही देर बाद अधिवक्ता अनिल ने फिर हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच दोनों अधिवक्ताओं के बीच फिर से गाली गलौज हो गई।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक सिंहपुर क्षेत्र के ग्राम सातन का पुरवा के प्रधान व अधिवक्ता अनिल पांडे व उनके भाई विवेक पांडे एवं दूसरा पक्ष ग्राम पंचायत टेढई के प्रधान गौरव श्रीवास्तव के चचेरे भाई अधिवक्ता अश्वनी श्रीवास्तव के बीच पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है। मौके पर मौजूद लोगों का आरोप है कि इसी का फायदा उठाते हुए अनिल पांडे व एक अन्य ने हंगामा कर दिया। पैसे के लेनदेन को लेकर तहसील परिसर में दोनों लोगों के बीच गाली गलौज हुआ मारपीट हो गई । मारपीट में अश्वनी श्रीवास्तव घायल बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मोहनगंज पुलिस ने घायल को तत्काल इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। इस संबंध में मोहनगंज थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि उक्त मामले में दोनों पक्ष से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है दोनों के तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

# ब्लॉक प्रमुख का कक्ष बना गोदाम, नहीं बैठते जिम्मेदार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अमेठी ब्लॉक की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। शुक्रवार को अमृत विचार टीम जब ब्लॉक परिसर पहुंची तो हकीकत देखकर हैरान रह गई। ब्लॉक प्रमुख के नाम पर बना कक्ष पूरी तरह गोदाम में तब्दील नजर आया। कमरे के अंदर फाइलों और दफ्तर के काम की जगह सामान भरा मिला। कुर्सी-टेबल धूल खाती दिखीं और कहीं से भी यह नहीं लगा कि यहां कोई जिम्मेदार जनप्रतिनिधि बैठकर काम करता होगा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हाल कई महीनों से बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि मौजूदा ब्लॉक प्रमुख अंजू मौर्य शायद ही कभी अपने कक्ष में आती हैं। लोग अपनी समस्याएं लेकर ब्लॉक पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें प्रमुख नहीं मिलतीं। मजबूर होकर कई लोग बिना काम कराए ही बैरन वापस लौट जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक, ब्लॉक प्रमुख का कार्यालय आना-जाना बेहद कम है। ऐसे में विकास कार्यों और जनसमस्याओं के निस्तारण पर भी असर पड़ रहा है। लोगों में इसे लेकर काफी नाराजगी साफ दिख रही है। वहीं जब इस पूरे मामले में ब्लॉक विकास अधिकारी बीडीओ बृजेश सिंह से फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कॉल रिसीव करना मुनासिब नही नही समझा और कोई संतोषजनक जवाब देना जरूरी नहीं समझा।



ब्लाक प्रमुख कक्ष बना गोडाउन।

# पासिंग आउट परेड में दिखाया दम

गौरीगंज (अमेठी)

**अमृत विचार।** रिजर्व पुलिस लाइन, गौरीगंज में 194 नव-प्रशिक्षित आरक्षियों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। शुक्रवार को पासिंग आउट परेड की फुल ड्रेस में 7 कमांडेड की टोली ने किया जबकि मुख्य परेड 26 अप्रैल को होगी। रिहर्सल के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों ने कदमताल, सलामी और ड्रिल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, समन्वय और पेशेवर दक्षता की झलक साफ दिखाई दी। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में तैयारियों का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान आरक्षियों ने अनुशासन, परिश्रम और दक्षता का बेहतरीन परिचय दिया है। उन्हें शारीरिक, मानसिक और व्यावहारिक रूप से इस प्रकार प्रशिक्षित किया गया है कि वे मैदान में प्रभावी ढंग से कानून-व्यवस्था संभाल सकें।



परेड करते पुलिस के जवान। अमृत विचार

**आयोजन**

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी आरक्षी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करें। आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार और त्वरित कार्रवाई पुलिस की प्राथमिकता होगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद ये सभी आरक्षी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे, जिससे कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। अधिकारियों के अनुसार, नए प्रशिक्षित बल के शामिल होने से जिले की सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर होगी।

पासिंग आउट परेड को लेकर रिजर्व पुलिस लाइन में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मैदान की साज-सज्जा के साथ ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में 26 अप्रैल को कई वरिष्ठ अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।

# लक्ष्यों को समय से पूरा करें: सीडीओ

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सीएम डैशबोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों के लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा करें। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने विभागाध्यक्षों को अपने विभागीय कार्यों की नियमित समीक्षा करने और प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही, जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों का सत्यापन कराने पर भी जोर दिया। बैठक में आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए।इसके बाद निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। बैठक में जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डीईएसटीओ पन्नालाल, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर सिंह, प्रभागीय वन अधिकारी रणवीर मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**निर्देश**



बैठक करतीं सीडीओ पूजा साहू।

**सीएम डैशबोर्ड की सीडीओ ने की समीक्षा बैठः** मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों एवं निर्माण कार्यों (सीएम डैशबोर्ड) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों के लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा करें। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिशा निर्देश दिए।

# गैस किल्लत पर व्यापारियों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अमेठी में गैस सिलिंडर की किल्लत का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर बंद प्रकाश गैस एजेंसी को फिर से संचालित करने की मांग की।

व्यापारियों ने अमेठी कस्बे में ही गैस वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की। एडीएम ने एक सप्ताह के भीतर समस्या के निस्तारण का भरोसा दिया है। एक महीना पहले प्रशासन ने अनियमितता के आरोप में प्रकाश गैस एजेंसी को बंद कर दिया था। यह अमेठी की सबसे बड़ी गैस एजेंसी थी। शुरुआत में गैस वितरण कस्बे के देव मैरिज लॉन में किया गया था। लेकिन भारी भीड़ और अव्यवस्था के कारण इसे संग्रामपुर स्थानांतरित कर दिया गया। अब संग्रामपुर के साथ ही रामगंज में भी गैस की डिलीवरी हो रही है। संग्रामपुर अमेठी कस्बे से 12 किलोमीटर दूर है, जबकि रामगंज 26 किलोमीटर दूर है। उपभोक्ताओं को सिलिंडर लेने के लिए इतनी दूर संग्रामपुर या रामगंज जाना पड़ रहा है। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। घरेलू गैस के लिए लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। गैस सिलिंडर की कमी के कारण छोटे दुकानदार भी सड़क पर आ गए हैं। उनके कारोबार पूरी तरह से बंद हो गए हैं। व्यापारी नेता महेश सोनी ने रोजी-रोटी के संकट पर चिंता जताई। उन्होंने बंद एजेंसी को चालू करने व वितरण की व्यवस्था करने की मांग की। इस दौरान रामजी अग्रहरि, अमर चौरसिया, सुशील जायसवाल, दुर्गेश सोनी और कमल बाबा रहे।

## विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही से अंधेरे में डूबा 76 बच्चों का भविष्य, कई बच्चे फेल

**सतांव (रायबरेली), अमृत विचार।** विद्यालयप्रबंधन की थोड़ी सी लापरवाही का खामियाजा बोर्ड परीक्षा में सभी बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। विद्यालय प्रबन्धन की लापरवाही के कारण विद्यालय के हाईस्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को वर्ष 2026 की यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में फेल कर दिया गया। इस घटना से छात्रों और उनके अभिभावकों में भारी आक्रोश और निराशा का माहौल है। मामला क्षेत्र के केलौली स्थित सर्वोदय इंटर कालेज का है। यहां के विद्यालय प्रबंधन की बड़ी लापरवाही के चलते विद्यालय में पंजीकृत 76 विद्यार्थियों में 36 छात्र और 40 छात्राओं के प्रैक्टिकल परीक्षा के अंक समय पर बोर्ड को नहीं भेजे गए। परिणामस्वरूप बोर्ड ने छात्रों को अनुपस्थित या शून्य अंक मानते हुए उन्हें असफल घोषित कर दिया। छात्रों का कहना है कि उन्होंने पूरे साल मेहनत से पढ़ाई की और लिखित परीक्षाएं भी दीं लेकिन विद्यालय प्रबंधन की गलती और लापरवाही का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। वहीं, अभिभावकों ने इस पूरे मामले में स्कूल प्रबन्धन के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना है कि यह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध शख्त कार्यवाही होनी चाहिए। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर छात्रों के हित में जल्द से जल्द समाधान निकालने की मांग की है। साथ ही छात्रों के परिणाम में सुधार कर उन्हें न्याय दिलाने की अपील भी की गई है। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग इस गंभीर लापरवाही पर क्या कदम उठाता है और प्रभावित छात्रों को कब तक राहत मिलती है।

## सुपरवाइजर और प्रगणकों का प्रशिक्षण आरंभ

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील क्षेत्र में तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तहसील सभागार के साथ ब्लॉक सभागारों एवं खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों मे प्रारंभ हो गया है। इसमें सभी जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सरकार की मंशा के अनुरूप स्वच्छ एवं पारदर्शी जनगणना कराई जायेगी। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि लालगंज विकास खंड कार्यालय में शोएब आलम ग्राम पंचायत अधिकारी को मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। यह प्रशिक्षण कार्य पांच मई तक चलेगा, जिसमें प्रगणक एवं सुपरवाइजर शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान दवाइयों की किट भी मौजूद हैं। जिससे जनगणना प्रशिक्षण बिना किसी कठिनाई के संपन्न कराई जा सके।



प्रशिक्षण प्राप्त करते जनगणना कर्मी।

## सभासदों को एसडीएम ने पद की शपथ दिलाई



शपथ ग्रहण करते सभासद। अमृत विचार

**मुसाफिरखाना (अमेठी)।** शुक्रवार को नगर पंचायत मुसाफिरखाना कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम अभिनव कनौजिया ने राज्यपाल की संस्तुति पर नामित सभासदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नामित सभासद राकेश शुक्ला, जय प्रकाश मौर्या व आशा देवी मुख्य रूप से शामिल रहे। शासन की संस्तुति के बाद राज्यपाल द्वारा इन सभासदों का नामांकन 14 मार्च को किया गया था। शपथ ग्रहण के पश्चात सभी नव नामित सभासदों ने क्षेत्र के चहमुंखी विकास व जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया। शपथग्रहण समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू,अधिशासी अधिकारी (ईओ) सुनील कुमार, करूणेश दूबे, विवेक दूबे तथा अनवर अली सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 'जश्ने वारिस पाक' का भव्य आयोजन आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** शहर के खुर्शीद क्लब मैदान में हिन्दू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे के प्रतीक 'जश्ने वारिस पाक' के 32वें दौर का भव्य आयोजन शनिवार को होगा। वारसिया कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष हजरत मोबीन अहमद वारसी (लड्डन बाबा) ने बताया कि कार्यक्रम शनिवार रात 8 :30 बजे भव्य आतिशबाजी के साथ शुरू होगा। रात 9 बजे कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन होगा, जबकि सुबह 4 :13 बजे हाजी वारिस अली शाह का कुल शरीफ होगा। सुबह 7 बजे मेहमानों की रुखसती होगी। महफिल में विश्व प्रसिद्ध कव्वाल अपनी प्रस्तुति देंगे। इसमें इंटरनेशनल आर्टिस्ट कव्वाल शमीम अनवर तथा मेरठ से वारिस साबरी की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी।

**पहल** विधायक अदिति सिंह ने कहा- आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण सरकार की प्राथमिकताओं में

# विधायक ने 50 आंगनबाड़ी केंद्रों का किया लोकार्पण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई गति देते हुए विधायक अदिति सिंह ने विकास खंड राही परिसर में नव निर्मित 50 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण किया। इस महत्वपूर्ण पहल में राही ब्लॉक के 21 और अमावां ब्लॉक के 29 केंद्र शामिल हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसने सामाजिक कल्याण और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया।

इस दौरान विधायक ने न केवल केंद्रों का उद्घाटन किया, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और तीन बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। साथ ही पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित कर उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया।



आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण करती सदर विधायक अदिति सिंह, साथ में मौजूद बीडीओ राही गौरी राठौर व अन्य। अमृत विचार

विधायक अदिति सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण सरकार की प्राथमिकताओं में है। इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक शिक्षा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इन केंद्रों से गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जो एक स्वस्थ और विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर उपायुक्त श्रम एवं रोजगार प्रमोद कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी राही गौरी राठौर, बाल विकास परियोजना अधिकारी राही, अंमावा आदि लोग मौजूद रहे।

**राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, अमावां:** ब्लॉक मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी पंचायत महेन्द्र सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने गरीबी उन्मूलन, आर्थिक विकास, स्वास्थ्य, बाल अनुकूलन, जल संरक्षण और स्वच्छ हरित पंचायत जैसे मुद्दों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम कार्ययोजना में इन प्राथमिकताओं को शामिल कर आत्मनिर्भर पंचायत का निर्माण किया जाएगा। खण्ड प्रेरक शरद चन्द्र तिवारी ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए प्लास्टिक के कम उपयोग और कचरे के उचित निस्तारण की अपील की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी, शिक्षक, पंचायत सहायक सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## नामित सभासदों को दिलाई पद की शपथ

**रायबरेली।** परशदेपुर नगर पंचायत में आयोजित समारोह में उपजिलाधिकारी सलोन चंद्र प्रकाश ने नामित सभासद संत प्रसाद उपाध्याय, जियाराम सरोज व सुधीर मिश्रा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभी ने मिलजुलकर नगर के विकास को नई दिशा देने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि सलोन विधायक अशोक कुमार का नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल व उपजिलाधिकारी सलोन चंद्र प्रकाश का अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज ने बुके भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर राजेंद्र चतुर्वेदी, राजकुमार द्विवेदी, रंजीत सिंह, कुंवर प्रताप सिंह, दिलीप जायसवाल, बच्चा त्रिवेदी, अनूप पांडेय, अजय मौर्य, भीम निर्मल सहित सभी सभासद भी मौजूद रहे। संचालन मनोज साहू ने किया।



मनुष्य का कर्तव्य है, प्रयास करना और मेहनत करना। सफलता संयोग और परिस्थितियों पर निर्भर करती है।
-शहीद आजम भगत सिंह



# अशोभनीय टिप्पणी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत 'नरक का द्वार' है, जैसी टिप्पणी कूटनीतिक मर्यादाओं के विपरीत है, इस तरह की भाषा उस परिपक्व वैश्विक नेतृत्व की अपेक्षाओं पर प्रश्न चिह्न लगाती है, जिसकी जिम्मेदारी किसी भी महाशक्ति के नेता पर होती है। ट्रंप ने बात पलटते हुए भारत को महान बताया, यह बात अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कही और यह नहीं बताया कि ट्रंप ने कब और कहां कहा, इसकी प्रमाणिकता संदिग्ध है।

विदेश मंत्रालय द्वारा ट्रंप के बयान को 'अज्ञानतापूर्ण, अनुचित और खराब सोच वाला' बताया जाना एक संतुलित और संस्थागत प्रतिक्रिया है, किंतु देश के बारे में ऐसी ओछी टिप्पणी के विरोध में उच्च राजनीतिक स्तर से प्रत्यक्ष टिप्पणी का अभाव भी अपने आप में अलग संकेत देता है। भारत की यह चुप्पी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी परिपक्व कूटनीति का हिस्सा मानी जानी चाहिए। भारत और अमेरिका के संबंध दशकों से साझा हितों, रणनीतिक सहयोग और वैश्विक संतुलन पर आधारित रहे हैं। ऐसे में किसी एक व्यक्ति के विवादास्पद बयान को द्विपक्षीय रिश्तों के व्यापक ढांचे पर हावी होने देना व्यावहारिक नहीं होगा, इसीलिए भारत अक्सर 'व्यक्ति नहीं, नीति' के स्तर पर प्रतिक्रिया देता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि ट्रंप का यह पहला विवादास्पद बयान नहीं है। उन्होंने पहले भी भारत के व्यापार, कश्मीर और आंतरिक राजनीति पर असामान्य टिप्पणियां की हैं, जिनमें कई बार बाद में यू-टर्न भी लिया गया। यह उनकी राजनीतिक शैली का हिस्सा है, जहां तीखे बयान देकर घरेलू राजनीति में चर्चा बटोरी जाती है और फिर परिस्थितियों के अनुसार नरमी दिखाई जाती है। ट्रंप ने भारत जैसी ही टिप्पणी चीन के बारे में भी की, वहां की प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत अधिक तीखी और प्रत्यक्ष रही। यह दोनों देशों की कूटनीतिक शैली का अंतर दर्शाता है, जहां चीन सार्वजनिक आक्रामकता दिखाता है, वहीं भारत संयमित और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाता है। ट्रंप के बयान अक्सर अगंभीर और विरोधाभासी होते हैं। एक ओर वे भारत के प्रधानमंत्री को 'अच्छा मित्र' बताते हैं, तो दूसरी ओर उनका राजनीतिक करियर 'तबाह करने' जैसी बातें करते हैं। यह असंगति उनके व्यक्तित्व और राजनीतिक रणनीति दोनों को उजागर करती है। कई अमेरिकी विश्लेषक इसे 'पॉपुलिस्ट पॉलिटिक्स' का हिस्सा मानते हैं, जहां उत्तेजक बयान देकर जनभावनाओं को भुनाया जाता है, खासकर तब जब घरेलू मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ रही हों।

भारत को चाहिए कि वह ऐसी परिस्थितियों में अपनी गरिमा बनाए रखते हुए अमेरिका और ट्रंप को स्पष्ट संदेश भी दे। सरकार आवश्यक होने पर अधिक मुखर और दृढ़ रुख अपनाए, ताकि भविष्य में कोई भी नेता भारत के प्रति इस तरह की टिप्पणी करने से पहले दो बार सोचे। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि द्विपक्षीय संबंध किसी व्यक्ति विशेष की बयानबाज़ी के बजाय संस्थागत मजबूती पर टिके रहें। कुल मिलाकर ट्रंप का बयान भारत-अमेरिका संबंधों की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करता। यह एक क्षणिक राजनीतिक अभिव्यक्ति है, न कि स्थायी कूटनीतिक दृष्टिकोण।

## प्रसंगवश

# सुकून की तलाश में रिवायत की ओर लौटता जीवन

मानव सभ्यता ने पिछले कुछ दशकों में जितनी तीव्र गति से प्रगति की है, उतनी शायद इतिहास के किसी अन्य कालखंड में नहीं हुई। आज मनुष्य सुविधा-संपन्न जीवन जी रहा है। आज पक्के मकान हैं, बिजली, पानी, वातानुकूलन, आधुनिक फर्नीचर, यातायात के लिए ट्रेन, बस, कार, स्कूटर, मोटरसाइकिल और विमान जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि संचार क्रांति ने आज पूरी दुनिया को एक छोटे से गांव में बदल दिया है।

इंटरनेट, मोबाइल, स्मार्टफोन, लैपटॉप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी तकनीकों ने जीवन को तेज, आसान और बहुत ज्यादा सुविधाजनक बना दिया है। परंतु यह भी उतना ही सत्य है कि इन सब उपलब्धियों के बीच मनुष्य के जीवन से शांति, संतोष और आत्मीयता कम होती चली गई है। सच तो यह है कि आज का मनुष्य जितना साधनों, मशीनों से समृद्ध हुआ है, उतना ही मानसिक रूप से वह व्यस्त, तनावग्रस्त और अकेला भी हुआ है। आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएं तो दी हैं, लेकिन यह भी एक कटु सत्य है कि इन सबने मानव का चैन-सुकून छीन लिया है।



सुनील कुमार महला
लेखक

पहले के समय में मनुष्य का जीवन प्रकृति के अधिक निकट था। लोग पैदल चलते थे, खेत-खलिहानों से जुड़े रहते थे, दिन-भर अथाह परिश्रम करते थे और शारीरिक रूप से अधिक स्वस्थ रहते थे। गांवों में बच्चे कई-कई कोस पैदल चलकर स्कूल जाते थे। बाजार जाना हो, खेत जाना हो या किसी रिश्तेदार से मिलने जाना हो, पैदल चलना सामान्य बात थी। इस कारण मनुष्य का शरीर सक्रिय रहता था, बीमारियां कम होती थीं और जीवन में अनुशासन भी बना रहता था।

आशा की किरण यह है कि अब समाज धीरे-धीरे अपनी जड़ों की ओर लौटने लगा है। लोगों को समझ में आने लगा है कि केवल आधुनिक साधन जीवन का समाधान नहीं हैं, इसलिए मिलेट्स यानी मोटे अनाजों की ओर फिर से ध्यान बढ़ा है। बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सांवा जैसे अनाज फिर से थालियों में लौट रहे हैं। दादी-नानी के घरेलू नुस्खों को महत्व दिया जा रहा है। आयुर्वेद, योग, प्राणायाम और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति रुचि बढ़ रही है।

सुबह-शाम टहलने, योग करने, व्यायाम करने और पार्कों में समय बिताने की प्रवृत्ति पुनः बढ़ी है। लोग जैविक खेती (आर्गेनिक खेती) की ओर आकर्षित हो रहे हैं। खेती के साथ आज पुनः पशुपालन को महत्व दिया जा रहा है। घरों में फिर से तुलसी, नीम, एलोवेरा, फूल-पौधे लगाए जा रहे हैं। पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए जा रहे हैं। मिट्टी के घड़े और पारंपरिक रसोई के साधनों का प्रयोग पुनः आरंभ हो रहा है।

भोजन में भी लोग पारंपरिक व्यंजनों की ओर लौट रहे हैं। दाल-बाटी-चूरमा, खीर, खिचड़ी, सत्तू, राबड़ी, दलिया, लस्सी, छाछ और घर के बने पकवानों का महत्व पुनः बढ़ा है। लोग समझ रहे हैं कि स्वाद और स्वास्थ्य का वास्तविक मेल घर के भोजन में ही है। वास्तव में मनुष्य को जीवन में केवल धन-पैसा नहीं चाहिए। धन आवश्यक है, पर पर्याप्त नहीं। यदि घर में शांति न हो, मन में संतोष न हो, संबंधों में प्रेम न हो और समाज में मानवीयता न हो, तो वैभव भी अधूरा है। आदमी को सुकून चाहिए, अपनापन चाहिए, चैन की नींद चाहिए, स्वस्थ शरीर चाहिए और ऐसा समाज चाहिए जहां संवेदना जीवित हो।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

# बंगाल में ऐतिहासिक मतदान, तमिलनाडु भी पीछे नहीं






प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हुए बढ़-चढ़कर मतदान ने इतिहास रच दिया। इसे 'वोट क्रांति' कह सकते है। बंगाल में पहले चरण में 294 सीटों में से 152 सीटों पर मतदान हुआ। पहले चरण में 92.72 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 85.14 प्रतिशत मतदान ने पिछले सब रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इससे पहले तमिलनाडु में सबसे ज्यादा मतदान 2011 में 78.29 प्रतिशत था, जबकि बंगाल में 2011 में 84.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। आजादी के बाद हुए निर्वाचन के इतिहास में किसी भी राज्य एवं केंद्र शासित राज्य में इतना मतदान पहले कभी नहीं हुआ। इससे पहले रिकॉर्ड पुडुचेरी में नौ अप्रैल 2026 को हुए विधानसभा चुनाव का मतदान 89.87 प्रतिशत रहा है। परिणाम जो भी आएं, इस मतदान से परिपक्व संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र की मजबूती दिखाई देती है।

दूसरे राज्यों में रह रहे मतदाता बड़ी संख्या में वापस लौटे और मतदान किया। खासकर मालदा, मुर्शिदाबाद, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और उत्तर दिनाजपुर पहुंचने वाले मतदाताओं की संख्या अधिक रही। मुस्लिम मतदाताओं ने भी दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, सूरत और केरल से आकर बड़ी संख्या में वोट डाले। एसआईआर की प्रक्रिया के चलते मतदाताओं में यह धारणा बनी कि मतदान नहीं करने पर मतदाता सूची से नाम कट सकता है। इस कारण नागरिकता भी गंवानी पड़ सकती है। ममता बनर्जी ने इस मुद्दे को बार-बार उछाला।

तृणमूल यहां मोदी और शाह के आक्रामक चुनाव प्रचार के आगे अस्तित्व बचाए रखने के लिए जूझ रही है। कांग्रेस और वाममोर्चा का प्रयास रहा है कि अपने-अपने पारंपरिक और छिटक चुके मतदाताओं तक पहुंच बनाकर वोट डलवा लें। गोया, इस बार सभी राजनीतिक दल पूरे समय अधिकतम मतदान के लिए सक्रिय रहे। इसी का नतीजा रहा कि रिकॉर्ड मतदान ईवीएम में कैद हो गया। यह मतदान उस गहरी राजनीतिक हलचल और विभाजित सामाजिक चेतना के संकेत हैं, जो इस बार के चुनाव को असाधारण बना रही हैं। यह रिकॉर्ड इसलिए भी बना, क्योंकि एसआईआर के चलते 91 लाख वोट हटाए गए हैं। ग्रामीण महिलाएं समूहों के रूप में मतदान के लिए आईं।

इसी तरह तमिलनाडु में भी पहली बार मतदाताओं ने बढ़े तापमान के बीच भारी मतदान किया। यहां सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में मतदान हुआ है। तमिलनाडु के 5.73 करोड़ मतदाताओं ने 85.14 प्रतिशत मतदान करके इतिहास रच दिया है। इसके पहले सर्वाधिक 78.12 प्रतिशत मतदान 2011 में हुआ था। तब एआईए-डीएमके की मुखिया रहीं जयललिता ने डीएमके को करारी शिकस्त देकर सत्ता के गलियारे से बाहर कर दिया था। यहां एसआईआर प्रक्रिया के जरिए 74 लाख मतदाता बाहर हुए हैं। अतिम शाह बंगाल में इस बढ़े मतदान को टीएमसी का सूपड़ा साफ हो जाने का आधार बता रहे हैं, हालांकि यहां अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच कड़ा मुकाबला है। बहरहाल, ऊंट किस करवट बैठता है, यह तो परिणाम के बाद ही पता चलेगा।

बड़े मत-प्रतिशत का सबसे अहम, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर रहा है। फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि अब अल्पसंख्यक व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल रहा है। इससे कालांतर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी, क्योंकि जब मतदान प्रतिशत 75 से 85 होने लगता है, तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत कम हो जाती है। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाता, लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति नगण्य हो जाती है।

कालांतर में यह स्थिति मतदाता को धन व शराब के लालच से भी मुक्त कर देगी, क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होता है? बावजूद इन चुनावों में जातीय और अल्पसंख्यक राजनीति सभी दलों की कार्यशैली में खुले रूप में दिखाई दी है। साफ है, जातीय कुचक्र का धरातल नीचे से नहीं, बल्कि ऊपर से बनाए रखने के उपाय किए जा रहे हैं।

बढ़ा हुआ यह मतदान विशुद्ध रूप से मतदाता की मनस्थिति से उपजा प्रतिशत है। कई मुद्दों पर वह चिंतित होकर मतदान के लिए घर से निकल गया तो मतदान-यज्ञ में अपने मत की आहुति देकर ही लौटा। ज्यादातर चुनावों में कुलीन मतदाता इसलिए मतदान नहीं करते हैं, क्योंकि एक तो वे मौसम की मार झेलने में स्वयं को समर्थ नहीं पाते, दूसरे वे अपनी बड़ी हैसियत का ख्याल रखते हुए लंबी कतारों में खड़े होकर मतदान से बचते हैं, लेकिन बंगाल और तमिलनाडु में हुए मतदान से पता चलता है कि इस बार कुलीन मतदाताओं ने भी चुनावी यज्ञ में मतदान की आहुतियां दी हैं। अन्यथा मतदान का प्रतिशत इतना ऊंचा नहीं पहुंचता।

यह स्थिति मतदाता में बढ़ती राजनीतिक चेतना का प्रतीक भी है। वैसे भी लोकतंत्र की असली ताकत नागरिकों की अधिकतम भागीदारी में निहित है। बावजूद भारतीय लोकतंत्र की विशेषता है कि अंत तक कोई भी चुनावी विश्लेषक और चुनावी सर्वे एजेंसियां परिणाम से पूर्व हार-जीत का अनुमान लगाकर परिणामों के शत-प्रतिशत सटीक अनुमान नहीं लगा सकते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने कमाल कर दिया। उन्होंने आजादी के बाद अब तक की सबसे ज्यादा वोटिंग की है। बंगाल में 92.72 फीसदी वोट पड़े हैं, तो तमिलनाडु में 85.14 प्रतिशत।

## आमने सामने



यहां (अमेरिका में) पैदा होने वाला बच्चा तुरंत नागरिक बन जाता है, फिर वो चीन, भारत या धरती के किसी दूसरे नर्क से अपने पूरे परिवार को यहां ले आते हैं। ऐसे उदाहरण अब आम हो गए हैं और इसके कारण अमेरिका में भाषा और पहचान बदल रही है।
**-डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

ट्रंप की टिप्पणियां अज्ञानतापूर्ण, अनुचित और भद्दी हैं। ये बयान भारत और अमेरिका के मजबूत रिश्तों का सही चित्रण नहीं करते। ट्रंप का बयान न केवल भारतीयों के लिए अपमानजनक है, बल्कि यह अमेरिका के साथ भारत के संबंधों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।
**-रणधीर जायसवाल**
प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय, भारत



# तपती धरती का असर अनौपचारिक श्रमबल पर



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

तपता हुआ आसमान अब सिर्फ मौसम का मिज़ाज नहीं, बल्कि एक सुलगता संकट है, जो हमारी सांसों, श्रम और अस्तित्व को चुपचाप निगल रहा है। आर्थिक मोर्चे पर भी यह संकट अदृश्य चोट की तरह गहरा असर डाल रहा है। लैंसेट काउंटडाउन 2025 के अनुसार 2024 में गर्मी ने भारत से करीब 247 बिलियन श्रम घंटे छीन लिए, जिससे लगभग 194 बिलियन डॉलर की आय हानि हुई। 2030 तक गर्मी से 34 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियां प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ती गर्मी ने श्रम उत्पादकता को इस हद तक प्रभावित किया है कि काम की रफ्तार धीमी पड़ रही है, जिससे मजदूरों की कमाई घट रही है और देश की आर्थिक प्रगति भी बाधित हो रही है। अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय है, जहां बीमारी के दौरान विश्राम या आय-सुरक्षा जैसी कोई व्यवस्था नहीं होती, इसलिए वे मजबूरी में काम जारी रखते हैं और अपनी सेहत को और गहरे संकट में धकेलते जाते हैं।

इसके बावजूद, नीति स्तर पर यह संकट अब भी अपेक्षित प्राथमिकता हासिल नहीं कर पाया है। हीटवेव को अभी राष्ट्रीय आपदा का दर्जा नहीं मिला है, जिसके कारण राहत, पुनर्वास और मुआवजे की व्यवस्था सीमित और धीमी बनी हुई है। नतीजतन, सबसे अधिक प्रभावित वर्ग ही सबसे कम संरक्षित रह जाता है। यदि जलवायु परिवर्तन को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाए, तो संसाधनों का अधिक प्रभावी और त्वरित आवंटन संभव होगा, निर्णय प्रक्रिया मंस तेजी आएगी और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन मजबूत होगा। यह कदम औपचारिकता नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है।

गर्मी अब सहनशीलता की सीमा नहीं, बल्कि सीधे स्वास्थ्य पर प्रहार करने वाली ताकत बन गई है। बढ़ती हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता साफ दिखाती है कि यह अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी और गहराता संकट है। ऐसे में इसे केवल पर्यावरण का मुद्दा मानना भूल होगी। इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में स्वीकार करना अब न केवल आवश्यक, बल्कि अपरिहार्य हो गया है।

इस उभरते संकट की सबसे निर्मम मार उसी विशाल अनौपचारिक श्रमबल पर पड़ रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था की धुरी है, फिर भी नीतिगत प्राथमिकताओं में हाशिये पर रहता है। भारत में अनौपचारिक क्षेत्र के करीब 12.8 करोड़ कार्यकर्ता निर्माण स्थलों की धूल, सड़कों की तपिश, बाजारों की भीड़ और डिलीवरी के चक्र में जुटे मजदूर खुले आसमान के नीचे बिना सुरक्षा के काम करने को विवश हैं। उन्हें न पर्याप्त छाया मिलती है, न स्वच्छ व ठंडे पानी की नियमित उपलब्धता और न ही स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसेमंद तंत्र। यह विडंबना है कि जो हाथ देश की प्रगति को गति देते हैं, वही जलवायु संकट के सामने सबसे अधिक असहाय और असुरक्षित हैं।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर बढ़ती गर्मी के दुष्प्रभाव अब गहरे, व्यापक और चिंताजनक रूप ले चुके हैं। ऊंचा तापमान हृदय संबंधी बीमारियों से होने वाली मौतों के खतरे को बढ़ा रहा है, वहीं गर्भवती महिलाओं में समय से पहले प्रसव का जोखिम 15-16 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। निर्जलीकरण, अत्यधिक थकावट, गुर्दे की खराबी और मांसपेशियों में ऐंठन जैसे लक्षण अब अपवाद नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सच्चाई बन रहे हैं। जो आंकड़े सामने आते हैं, वे इस संकट की केवल ऊपरी परत दिखाते हैं, असल तस्वीर कहीं अधिक भयावह है, जहां अनगिनत पीड़ाएं और मामले बिना दर्ज हुए चुपचाप दब जाते हैं।

गर्मी का प्रभाव अब केवल शरीर की सहनशक्ति तक सीमित नहीं रहा, यह बीमारियों की प्रकृति, उनकी गति और उनके फैलाव की दिशा तक को बदल रहा है। तापमान में निरंतर वृद्धि और वर्षा के अस्थिर पैटर्न ने मच्छरों के जीवनचक्र को इस तरह परिवर्तित किया है कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां तेजी से नए भूभागों, यहां तक कि हिमालयी क्षेत्रों में भी पैर पसार रही हैं। जो संक्रमण कभी सीमित भौगोलिक दायरों में बंधे थे, वे अब उन क्षेत्रों में भी उभर रहे हैं, जहां पहले उनका नामोनिशान नहीं था। इस बदलाव ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर असामान्य दबाव डाला है। पहले से ही वंचित और कमजोर समुदाय और अधिक खतरे में आ गए हैं।

समाधान के स्तर पर अब आधे-अधूरे उपायों से आगे बढ़कर ठोस और व्यापक कार्रवाई की जरूरत है। अनौपचारिक मजदूरों के लिए हीट-सेफ्टी कानून लागू करना, हर कार्यस्थल पर छाया और स्वच्छ पानी की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा काम के घंटों को तापमान के अनुसार वैज्ञानिक ढंग से पुनर्निर्धारित करना बेहद जरूरी है। शहरी इलाकों में हरित क्षेत्र बढ़ाना, सुलभ कूलिंग सेंटर विकसित करना और जलवायु-लचीला स्वास्थ्य ढांचा तैयार करना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

तपता हुआ आसमान अब सिर्फ मौसम का मिजाज नहीं, बल्कि एक सुलगता संकट है, जो हमारी सांसों, श्रम और अस्तित्व को चुपचाप निगल रहा है।

## सोशल फोरम

# परिवार में बुजुर्ग पुरुष

हर वृद्ध पुरुष को इसे पढ़कर चिंतन अवश्य करना चाहिए। पुरुष बूढ़ा होता है, जबकि स्त्री परिपक्व होती है। जैसे ही पुरुष अपने बच्चों की शादी कर देता है और परिवार की आर्थिक नींव मजबूत कर देता है, परिवार में उसका वरिष्ठ और सम्मानित स्थान धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। इसके बाद उसे बोझ समझा जाने लगता है। चिड़चिड़ा, गुस्सैल और अनिश्चित स्वभाव वाला बूढ़ा व्यक्ति। जिन कठोर निर्णयों से उसने कभी पत्नी और बच्चों के लिए व्यवस्था बनाई थी, आज उन्हीं निर्णयों की चीर-फाड़ होकर आलोचना होती है। एक न एक कारण से उसे दोषी ठहरा दिया जाता है और यदि वास्तव में उससे कोई गलती हुई हो तो भगवान ही रक्षा करे। वृद्ध स्त्री को इसके विपरीत, बच्चों और बहुओं से सहानुभूति मिलती है, क्योंकि उसके माध्यम से अभी भी कई काम करवाने होते हैं। सही समय आने पर वह समझदारी से पति के पक्ष से बच्चों के पक्ष में चली जाती है। जब पति उम्र में बड़ा हो, तो पत्नी बहू के साथ तालमेल बना लेती है, ताकि बेटा उससे दूर न हो और उसकी देखभाल करता रहे।



भूमिका पांडेय
राइटर

पुरुष ने जीवन में चाहे कितनी ही महान उपलब्धियां हासिल की हों, बुढ़ापे में वे किसी काम नहीं आतीं, जबकि वृद्ध स्त्री अपने पुराने पुण्यों का ब्याज जीवन भर पाती रहती है। जिन लोगों के पास पैतृक संपत्ति या खेती होती है (जिसकी बच्चों को अब भी इच्छा रहती है) उनकी स्थिति थोड़ी बेहतर होती है, लेकिन जिन्होंने भविष्य के झगड़ों से बचने के लिए समय से पहले संपत्ति बांट दी वे अक्सर उपरोक्त ही दुःखद स्थिति का सामना करते हैं, इसलिए संपत्ति समय से पहले न बांटना ही बेहतर है। किसी भी अस्पताल में चले जाएं, रिश्तेदारों की आंख देखकर ही पता चल जाता है कि भर्ती वृद्ध पुरुष है या वृद्ध स्त्री। यदि वृद्ध पुरुष हो, तो उसकी बेटी को छोड़कर शायद ही किसी की आंख नम होती है। जैसे ही पुरुष वृद्ध होता है, उसे सीख लेना चाहिए कि दूसरों से किसी भी प्रकार की अपेक्षा न रखे। याद रखें, मनुष्य जीवन भर विद्यार्थी है। समझ लें कि इस संसार में कोई किसी का नहीं है। विरक्ति, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान के साथ जीना सीखें।

आपने दूसरों के लिए क्या-क्या किया, यह सोचना भी छोड़ दें और इस बारे में बात करना भी बंद कर दें। प्राचीन शास्त्रों में कहीं भी ऐसा उदाहरण नहीं मिलता कि किसी स्त्री ने वानप्रस्थ या संन्यास ग्रहण किया हो। ये आश्रम केवल पुरुषों के लिए निर्धारित थे। इनके महत्व को समझें, तब ज्ञात होगा कि हमारे पूर्वज कितने दूरदर्शी थे।

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# यूपी: स्टार्टअप के क्षेत्र में महिलाओं का बढ़ता प्रभाव

उत्तर प्रदेश अब केवल पारंपरिक कृषि और उद्योग तक सीमित राज्य नहीं रहा, बल्कि तेजी से देश के प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में उभर रहा है। इस बदलाव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। आज महिलाएं न केवल स्टार्टअप शुरू कर रही हैं, बल्कि उन्हें सफलतापूर्वक चला भी रही हैं, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक ढांचे दोनों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण अब केवल सामाजिक बदलाव का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला एक मजबूत इंजन बन चुका है। महिलाओं की उद्यमिता को जो प्रोत्साहन मिला है, उसने राज्य के स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई दिशा दी है। आज महिलाएं न केवल नौकरी तलाशने वाली हैं, बल्कि रोजगार देने वाली भी बन रही हैं।



धनीश शर्मा
लेखक

जहां पहले उत्तर प्रदेश में महिलाओं की स्थिति काफ़ी दयनीय हुआ करती थी, वहीं अब प्रदेश की महिलाएं पुरुषों की भांति कंधे से कंधा मिलाकर प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए मजबूती के साथ बढ़ रही हैं। एक वक्त वह था जब महिलाएं केवल घर तक ही सीमित थीं, लेकिन समय के बदलाव के साथ समाज में उनकी सोच और भूमिका दोनों में बड़ा परिवर्तन आया है।

किसी भी प्रदेश की महिलाएं तभी तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ सकती हैं, जब वहां उन्हें अवसरों के साथ-साथ सुरक्षा और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी मिले। यह कोई अनायास नहीं है कि जहां वर्ष 2017 में केवल 174 महिला-निदेशक स्टार्टअप्स थे, वही संख्या वर्ष 2025 तक बढ़कर 2525 हो गई है।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) के आंकड़े इस बदलाव की स्पष्ट तस्वीर पेश करते हैं। यह वृद्धि सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि इसके पीछे सरकार की दूरदर्शी नीतियां, बेहतर निवेश माहौल और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता है।

राज्य सरकार ने महिला उद्यमियों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें आसान ऋण, प्रशिक्षण, मेंटरशिप और मार्केट तक पहुंच जैसी सुविधाएं शामिल हैं। स्टार्टअप इंडिया जैसी पहल ने भी महिलाओं को अपने विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए मंच दिया है। इसके साथ ही वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) योजना ने स्थानीय स्तर पर महिला कारीगरों और उद्यमियों को नई पहचान दिलाई है।

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक बदलाव भी तेजी से हो रहा है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, तो उनके परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार देखने को मिलता है।

इसके अलावा, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और ई-कॉमर्स के विस्तार ने भी महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने का अवसर दिया है। अब गांवों और छोटे शहरों की महिलाएं भी अपने व्यवसाय को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक ले जा रही हैं। यह बदलाव उत्तर प्रदेश को एक नए आर्थिक मॉडल की ओर ले जा रहा है, जहां विकास का केंद्र केवल बड़े शहर नहीं, बल्कि हर जिला और हर गांव है, हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। वित्तीय साक्षरता की कमी, सामाजिक बाधाएं और तकनीकी ज्ञान का अभाव कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर लगातार काम करने की जरूरत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

मध्य प्रदेश भारत के उत्तर और दक्षिण तथा पूर्व और पश्चिम का संधि–स्थल ही नहीं है, अपितु भौगोलिक दृष्टि से यहां पहाड़ पठार, घने वन, विस्तृत मैदान और नदी घाटियों का आकर्षक एवं समृद्ध प्रकृति का वरदान भी है। प्रकृति, कला और सौंदर्य की दृष्टि से यह पर्यटकों के लिए स्वर्ग है। ऐसा संयोग कम ही स्थलों को मिलता है, जहां प्रकृति की सुंदर छटा भी बिखरी हो और साथ ही धार्मिकता का पुण्य–लाभ भी प्राप्त हो, कदाचित मध्य प्रदेश का अमरकंटक ऐसा ही अनुपम स्थान है।



गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

# प्राकृतिक सौंदर्य का दर्शनीय स्थल
# अमरकंटक



अमरकंटक में प्रकृति रोमांचित करती है। घने जंगल आनंदित करते हैं तथा अध्यात्म और धर्म इस नगरी को एक विशिष्ट पहचान दिलाते हैं। वास्तव में यह ऐसी जगह भी है, जो दो बड़ी नदियों नर्मदा और सोन का उद्गम स्थल भी है। पूर्व से पश्चिम की दिशा में बहने वाली देश की दो नदियों में एक नर्मदा का उद्गम एक छोटे कुंड से हुआ देखकर आश्चर्य होता है। पानी की झिर इस कुंड से होकर बड़े आयताकार कुंड में एकत्र होती है। इस जलसंरचना का निर्माण कल्चुरी काल में किया गया। इसी प्रकार सोनमूढ़ा नर्मदाकुंड से 1.5 किलोमीटर की दूरी पर मैकल पहाड़ियों के किनारे पर है। सोन नदी 100 फीट ऊंची पहाड़ी से एक झरने के रूप में यहां से गिरती है। इनके उद्गम को देखेंगे, तो लगेगा ही नहीं कि छोटे-छोटे कुंडों से निकलकर काफी दूर तक बहुत पतली धारा में बहने वाली ये नदियां देश की संस्कृति और धार्मिकता एवं विकास को नए आयाम देती हैं।

## पहाड़ों पर बसावट

मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में विंध्य और सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला के बीच स्थित अमरकंटक को तीर्थराज की संज्ञा भी दी गई है। यह समुद्र तट से लगभग 1065 मीटर ऊंचाई पर स्थित हिल स्टेशन की अनुभूति कराता है। कल्चुरी कालीन प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध अमरकंटक घने जंगल तथा औषधीय गुणों से भरपूर पौधों की संपदा के लिए प्रसिद्ध है। यहां खदानें भी हैं और जलप्रपात भी, जल के अदृश्य स्रोत भी और सुंदर आश्रम तथा मंदिर भी। यहां का शांत वातावरण पर्यटकों को सहज ही आत्ममुग्ध कर देता है। अमरकंटक की यात्रा आध्यात्मिक स्पर्श कराती है। यहां आते ही हवा में ताजगी और शुद्धता का आभास होने लगता है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार माता सती के दो अंग इस क्षेत्र में गिरे थे, अतः यह क्षेत्र दो शक्तिपीठों का क्षेत्र होने के कारण अति पवित्र है। उन दो स्थानों में से एक सोनमूढ़ा सोन नदी के उद्गम स्थल के पास है और दूसरा मां नर्मदा के उद्गम के पास स्थित देवी पार्वती जी का मंदिर है। यहां से मनमोहक झरने, पवित्र तालाब, ऊंची पहाड़ियों और शांत वातावरण यात्रियों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

## यहां कैसे पहुंचें

अमरकंटक जबलपुर और बिलासपुर के निकट है। शहडोल से भी सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। अमरकंटक का निकटतम हवाई अड्डा जबलपुर में है। यहां से अमरकंटक की दूरी 245 किमी है। जबलपुर – बिलासपुर ट्रैक पर पेंट्रा रोड स्टेशन अमरकंटक के सबसे समीपस्थ रेलवे स्टेशन है। बिलासपुर, अनूपपुर और जबलपुर जंक्शन से भी अमरकंटक पहुंचा जा सकता है। शहडोल रेलवे–स्टेशन से अमरकंटक से 80 किमी तथा अनूपपुर रेलवे–स्टेशन से 72 किमी दूर है, जहां से लगातार बसें और टैक्सियां चलती रहती हैं।

## प्रमुख स्थल

- **भगवान शिव का त्रिमुखी मंदिर** – अमरकंटक के प्रमुख मंदिरों में भगवान शिव का त्रिमुखी मंदिर है। इसे कल्चुरी शासक कर्ण देव महाचंद्र ने 1041–1073 ई. में निर्माण कराया था। मंदिर में कल्चुरी कालीन शिल्पकारों की बनाई आकृतियां सम्मोहित करती हैं।
- **कपिलाधारा**– अमरकंटक की यात्रा कपिलाधारा देखे बिना अधूरी रहेगी। यहां 100 फीट की ऊंचाई से पानी गिरता है। धर्मग्रंथों में कहा गया है कि कपिल मुनि यहां रहते थे। कपिल मुनि ने सांख्य दर्शन की रचना इसी स्थान पर की थी। कपिलाधारा के निकट ही कपिलेश्वर मंदिर भी बना है। इस जगह के आसपास कई गुफाएं हैं, जहां अब भी साधु–संत ध्यानमग्न देखे जा सकते हैं।
- **कबीर चबूतरा** – कबीरपंथियों के लिए इस स्थान का बहुत महत्व है। कहा जाता है कि संत कबीरदास संवत 1569 में बांधवगढ़ से जगन्नाथपुरी प्रवास के समय यहां लंबे समय तक रहे थे। उन्होंने यहां पर ध्यान लगाया था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर कबीरदास के प्रवास के बीच गुरु नानक देव जी उनसे मिलने आए थे। कबीर चबूतरे के निकट ही रानी झरना (कबीर झरना) भी है। कबीर चबूतरे के ठीक नीचे एक जलकुंड है, जिसके बारे में कहा जाता है कि सुबह की किरणों के साथ ही यहां के जलकुंड का पानी दूध की तरह सफेद हो जाता है।
- **धूनी पानी** – यहां गर्म पानी का झरना है। इसके बारे में कहा जाता है कि यह झरना औषधीय गुणों से भरपूर है। इसमें स्नान करने से शरीर के असाध्य रोग ठीक हो जाते हैं।
- **दुग्धधारा** – दुग्धधारा एक ऐसा झरना है, जिसका जल दूध के समान प्रतीत होता है, इसीलिए इसे दुग्धधारा के नाम से जाना जाता है।
- **सोनमूढ़ा**– यह सोन नदी का उद्गम स्थल है। यहां से घाटी और जंगल से ढकी पहाड़ियों के सुंदर दृश्य देखे जा सकते हैं।
- **मां की बगिया**– यह माता नर्मदा को समर्पित है। कहा जाता है कि इस हरी–भरी बगिया से शिव जी की पुत्री नर्मदा पुष्पों को चुनती थीं। यह बगिया नर्मदा कुंड से एक किलोमीटर की दूरी पर है।



## सर्वोदय जैन मंदिर

यह मंदिर भारत के अद्वितीय मंदिरों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। इस मंदिर को बनाने में सीमेंट और लोहे का प्रयोग नहीं किया गया है। मंदिर में स्थित मूर्ति का वजन 24 टन के लगभग है। भगवान आदिनाथ अष्ट धातु के कमल सिंहासन पर विराजमान हैं, कमल सिंहासन का वजन 17 टन है। प्रतिमा को मुनि श्री विद्यासागर जी महाराज ने 6 नवंबर, 2006 को विधि–विधान से स्थापित किया था।

## 100 फीट ऊंचा जलप्रपात

पहले अमरकंटक शहडोल जिले में था। अब यह अनूपपुर जिले में है। यह मैकल पर्वत श्रृंखला पर स्थित है। पत्थरों की चारदीवारी के अंदर पत्थर से निर्मित नर्मदाकुंड मंदिर, शिव परिवार, कार्तिकेय मंदिर, श्री सूर्यनारायण मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, ग्यारह रुद्र मंदिर, अन्नपूर्णा, गुरु गोरखनाथ, श्री रामजानकी, श्री राधाकृष्ण मंदिर, श्री ज्वालेश्वर महादेव, सर्वोदय जैन मंदिर, कबीर चबूतरा, कपिलाधारा, माई की बगिया आदि स्थल सदियों पुरानी स्थापत्यकला को सहेजे हुए हैं, जहां धार्मिक पर्यटकों को आना उपकृत करता है। मंदिर परिसर के आसपास परिक्रमावासियों के समूह अमरकंटक को तपस्थली के रूप में प्रतिबिंबित करते हैं। नर्मदा विश्व की एक मात्र सरिता है, जिसकी परिक्रमा की जाती है। कुंड से आगे निकलकर नर्मदा कल–कल बहने लगती है। लगभग 6 किलोमीटर की यात्रा कर नर्मदा 100 फीट ऊंचा जलप्रपात बनाती है, जिसे कपिलाधारा के नाम से जाना जाता है। हरे–भरे वातावरण से घिरे इस झरने के आगे दूध धारा है, जो छोटा जलप्रपात है। यहां पर्यटक निडर होकर स्नान करते हैं। कालिदास भी यहां आए थे और वे यहां की सुंदरता में निमग्न हो गए। उनके मेघदूत के बादल इसी अमरकंटक नगरी के ऊपर से विचरण करते हैं। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ने भी यहां आकर तप किया था।




## नर्मदा परिक्रमा

नर्मदा परिक्रमा विधि–विधान नियम से की जाए, तो 1300 किमी से भी अधिक लंबी परिक्रमा होती है, जो 3 वर्ष 3 महीने 13 दिन में पूर्ण होती है, किंतु आज के समय में मोटरसाइकिल या चौपहिया वाहन के द्वारा यात्रा को जल्दी पूरा कर लिया जाता है। नर्मदा परिक्रमा में नर्मदा नदी को पार नहीं किया जाता है। परिक्रमा में सभी स्थानों पर दर्शनीय स्थल देखने को मिलते हैं।

---

**बीती यादें**

# कहां खो गया इक्का!

पता नहीं इक्का कहां खो गया? पहले शहरों–कस्बों में आवागमन का यही मुख्य साधन हुआ करता था। बैलगाड़ी गांव–देहात में आवागमन और भार वाहन का साधन थी।



मोहनजोदड़ो, हड़प्पा की खुदाई में बैल की एक प्रतिमा मिली है। तांबे का एक इक्का मिला है। इससे प्रमाणित होता है कि इक्का भारत सहित एशिया के एक बड़े भूभाग में आवागमन का प्रमुख साधन था। अब करनाल की राखीगढ़ी की खुदाई में कुछ ऐसी ही चीजें मिल रही हैं। इक्का को एक घोड़ा या एक बैल खींचता था। एक धुरी पर दो पहिए लगे होते थे और ऊपर छाया के लिए एक छतरी। गाय दूध देती थी और उसके बछड़े खेत में हल चलाते थे। यही बैल गाड़ी भी खींचते थे। रथ, रब्बा, बहल, छकड़ा और सग्गड़ भी। प्राचीन काल में इक्का घोड़ा दौड़ और बैल और बैल गाड़ी की दौड़ प्रतियोगिता होती थी।





शिवचरण चौहान
लेखक

एक्का, तांगा, खड़खड़ा, टमटम, रथ, रब्बा, सग्गड़ और बैलगाड़ी यही आवागमन के प्रमुख साधन थे। जब तक डीजल और पेट्रोल की खोज नहीं हुई थी। बिजली और सौर ऊर्जा की खोज नहीं हुई थी। इन सबका बहुत महत्व था। गांव की बारात बैलगाड़ियों से जाती थीं। कतार में गाड़ियां कच्ची सड़कों पर चलती दिखाई देती थीं। गाड़ी वाले बैला धीरे हांक रे तथा जरा ललकार के बैला हांकों, मेरे सैंया गाड़ीवान जैसे गीत फिल्मों में लोकप्रिय होते थे।

फिल्म तीसरी कसम का गाड़ीवान बहुत लोकप्रिय हुआ था। टमटम चार पहियों की गाड़ी होती थी। जबकि इक्का दो पहियों की जिसमें सिर्फ एक सवारी बैठती थी। बग्घी भी चार पहियों की सवारी होती थी। पहले राजा महाराजा और बादशाह अमीर लोग बग्घी पर चला करते थे। बग्घी पर अभी भी बारातें निकलती हैं। डेकोरेटेड बग्घी कई शहरों में शादी-बारात के लिए बुक की जाती थी। अब सब बीती यादें हैं। चंद्रधर शर्मा गुलेरी की कहानी उसने कहा था में तांगे वाले का जिक्र आया है।

अब पेट्रोल-डीजल बैटरी और बिजली सौर ऊर्जा से चलने वाली कारें, बसें आ गई हैं, तो इक्के वालों को कौन पूछेगा? एक संस्कृति विलुप्त हो रही है। आवागमन के साधन इतिहास में पढ़ाए जाएंगे इक्का, तांगा, टमटम और बग्घी।

---

**जॉब का पहला दिन**

# एक नई सोच को स्थापित करने वाला पहला कदम

जीवन में कुछ पल ऐसे होते हैं, जो बिना किसी पूर्व सूचना के आ जाते हैं और आपने कभी सपने में भी नहीं सोचा होता है कि इसी राह पर आपका करियर बनेगा, पर नियति आपको उसी दिशा में मोड़ देती है, जिसके लिए आप बने हैं। बात उन दिनों की है जब मैं मैनेजमेंट की पढ़ाई पूरी कर नई दिल्ली में एक निजी कंपनी में अपना भविष्य टटोल रहा था। एक कंपनी में 15 दिन की ट्रेनिंग के लिए मैं दिल्ली में ही था। संयोग देखिए – 11 सितंबर 2001, जिस दिन न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर दुनिया का सबसे भीषण आतंकी हमला हुआ, उसी दिन छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट से एक संदेश मिला: "आपका चयन मास्टर इन टूरिज्म मैनेजमेंट के पहले बैच में अतिथि शिक्षक के रूप में हो गया है।" वही क्षण मेरे जीवन का टर्निंग पॉइंट बना, जब मैंने अकादमिक जगत में पहला कदम रखा। मन में हलचल थी, 25 साल की उम्र और सामने लगभग हमउम्र विद्यार्थियों को पढ़ाने की जिम्मेदारी, भीतर कहीं डर भी था, मगर पहली कक्षा के बाद संस्थान के वरिष्ठ शिक्षकों, खासकर निदेशक महोदय और वरिष्ठ प्रोफेसर ने जब कहा, "धीरे–धीरे सब परिपक्व होते हैं," तो उन्हीं शब्दों ने मेरे भीतर नई ऊर्जा भर दी।

नौकरी का पहला दिन था। पिताजी ने सहज भाव से कहा, "यह तो प्रोफेसर बन गया।" अगले दो दिन रिश्तेदारों के फोन आते रहे– सब यही दोहराते, "आपका बेटा प्रोफेसर हो गया।" किसी को यह एहसास ही नहीं था कि प्रोफेसर एक बड़ा पद होता है, जबकि मैं तो केवल पार्ट–टाइम गेस्ट फैकल्टी, यानी लेक्चरर के रूप में जुड़ा था। मैं जब स्वयं विद्यार्थी था, तभी से डायरी लिखने का शौक था। जब पुराने पन्ने पलटे तो कहीं नहीं लिखा था कि मुझे शिक्षक बनना है। मैं तो देश–शहर सुधारने के सपने देखता हुआ सिविल या डिफेंस सर्विस में जाना चाहता था। किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। बिना हिचक मैंने शिक्षण को अपनाया। पहले ही वर्ष संस्थान में पहचान बनने लगी और दो साल के भीतर मैं नियमित लेक्चरर के पद पर चुन लिया गया। जीवन अनिश्चितताओं और संघर्ष का ही दूसरा नाम है। मेरा जीवन भी उससे अलग नहीं था। इन्हीं संघर्षों ने मेरे व्यक्तित्व को तराशा, एक नई पहचान दी। वह दौर था जब कई युवा शिक्षक एक साथ आए थे, प्रतिस्पर्धा चरम पर थी। इन्हीं संघर्षों और मेरे शांत स्वभाव ने मुझे स्थायित्व दिया।



शुरुआत में लगता था कि सब पीछे खींचना चाहते हैं, पर वह केवल भ्रम था। पहले वर्ष से ही मैंने इसे स्वीकार कर अपने व्यक्तित्व को निखारना शुरू कर दिया। धीरे–धीरे नए पड़ाव आते गए। अपने शुरुआती विचारों को साकार करने का अवसर मिला। विश्वविद्यालय के भीतर रचनात्मकता दिखाने का मौका मिला। विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट सेल, काउंसलिंग सेल, होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट विभाग की स्थापना और राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे नए कॉन्सेप्ट स्थापित किए। एनएसएस ने समाज के प्रति मेरा दृष्टिकोण व्यापक किया। एक नई विचारधारा जन्मी–शैक्षिक दायित्व के साथ–साथ समाज के प्रति भी हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है, इस सोच के साथ सामाजिक कार्यों में भागीदारी बढ़ी। कुछ ही वर्षों में पर्यटन, सामाजिक विकास और जन–जागरूकता जैसे विषयों पर पकड़ बनी। आज कानपुर शहर को केंद्र में रखकर हैप्पीनेस, स्वास्थ्य और विजन कानपुर पर काम हो रहा है। "मुस्कुराए कानपुर", "कानपुर हेल्थ कमेटी" और "कानपुर सुपर 100" जैसी संस्थाएं खड़ी कर शहर के हर क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों को जोड़ते हुए "नव कानपुर, कुशल कानपुर" बनाने का प्रयास जारी है। सामाजिक दृष्टिकोण और प्रबंधन क्षमता के साथ जिला प्रशासन के साथ भी पर्यटन विकास और शहर के विकास में सलाहकार की भूमिका निभाकर आत्मिक संतुष्टि मिल रही है। हर इंसान के जीवन में अलग–अलग पड़ावों पर रोल मॉडल होते हैं। माता–पिता के बाद प्रारंभिक काल में एक सरकारी कार्यालय के अधीक्षक रोल मॉडल थे। सेवा भाव से भरे हुए, आज कुलपति महोदय की प्रशासनिक क्षमता, कार्य के प्रति समर्पण और दूरदर्शिता मुझे प्रेरित करती है।



डॉ. सुधांशु राय
असिस्टेंट प्रोफेसर
कानपुर

आज जहां भी खड़ा हूं, अपने परिवार के समर्पण एवं सहयोग से। मैं मानता हूं कि मैंने सब कुछ नहीं पाया, पर काफी हद तक जीवन में संतुष्ट हूं खुश हूं। शैक्षिक दायित्व को पूरी निष्ठा से निभाते हुए समाज को नया नेतृत्व देने की कोशिश कर रहा हूं। ऐसा नेतृत्व जो अपने शहर कानपुर को "नया कानपुर, खुशहाल कानपुर" बनाने की दिशा में कुछ सार्थक कर सके।

---

# कालजयी उपन्यास 'देवदास' के रचयिता शरतचंद्र

भारत में कई ऐसे यशस्वी साहित्यकार हुए हैं, जिनकी कृतियां विश्व भर में पढ़ी जाती हैं। इन साहित्यकारों में शरत चंद्र चट्टोपाध्याय की गणना प्रथम पंक्ति में की जाती है। आम आदमी को केंद्र में रखकर सामाजिक और पारिवारिक ताने-बाने पर बुने उनके उपन्यास और कहानियां पाठकों में बहुत लोकप्रिय हुईं।

शरतचंद्र चट्टोपाध्याय, एक ऐसे उपन्यासकार हैं, जिन्होंने अपने शब्दों और कुछ अविस्मरणीय लेखन के कारण लोगों के मन-मस्तिष्क पर एक गहरी छाप छोड़ी। उन्हें पश्चिम बंगाल के लोगों के मनोभावों, उनकी रुचियों, परंपराओं तथा उनकी जीवन शैली की गहरी समझ थी। एक विख्यात लेखक, जिनकी स्पष्ट और अविस्मरणीय लेखन की सरल शैली उस समय के नियमित पाठकों को पढ़ने के लिए एक बेहतरीन समाग्री थी। शरतचंद्र ने अपने उपन्यास और कहानियों में बंगाल के ग्रामीण अंचल में प्रचलित संस्कृति और वहां की जीवन शैली को एक नया आयाम दिया। उनके उपन्यासों और कहानियों के अधिकांश पात्र समाज के सामान्य वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनके आचरण तथा व्यवहार में सादगी तथा भोलापन स्पष्ट रूप से झलकता है।



सुरेश बाबू मिश्रा
लेखक

शरतचंद्र का जन्म हुगली जिले के देवानंदपुर गांव में हुआ था। उन्होंने अपना बचपन भागलपुर में अपने मामा के घर में बिताया। 1894 में, उन्होंने टीएन जुबली कॉलेजिएट स्कूल से प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की और उन्हें एफए क्लास में भर्ती कराया गया, लेकिन गरीबी के कारण अपनी आगे की शिक्षा जारी रखने में असमर्थ हो गए।

शरतचंद्र का व्यक्तित्व बहुमुखी प्रतिभा का धनी था, इसलिए उन्होंने जीवन के कई क्षेत्रों में कार्य किया। सबसे पहले उन्होंने बनाली एस्टेट में सहायक सेटलमेंट ऑफिसर के रूप में कार्य करना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने कलकत्ता के उच्च न्यायालय में एक अनुवादक के रूप में काम किया। फिर उन्होंने बर्मा रेलवे में लेखा विभाग में क्लर्क के रूप में काम किया। शरतचंद्र चट्टोपाध्याय बंगाल कांग्रेस के सक्रिय सदस्य भी रहे। वे भारतीय कांग्रेस द्वारा देश की आजादी के लिए चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन में भाग लेते थे। बाद में, उन्हें हावड़ा जिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

शरतचंद्र चट्टोपाध्याय को एक ऐसा लेखक माना जाता है, जिन्होंने बंगाल के ग्रामीण परिवेश को अपने लेखन में अच्छी तरह से समाहित किया है। उनके कृतियों में ग्रामीण सार है, क्योंकि इनमें साधारण परिवारों, शहरों से बहुत दूर प्रकृति की गोद में, नदियों, पेड़ों और कृषि भूमि के बीच के जीवनकाल को कहानियों के रूप में दर्शाया गया है। उन्होंने महिलाओं के बारे में बहुत अधिक लिखा और एक पितृसत्तामक समाज में उनकी स्थिति के बारे में स्पष्ट रूप से और ईमानदारी से बताया। उन्होंने धर्म के नाम पर हो रहे सामाजिक भेदभाव, अन्याय और अंधविश्वास के खिलाफ विरोध किया।

शरतचंद्र का पहला उपन्यास 'बड़ीदीदी' 1907 में प्रकाशित हुआ। यह उपन्यास पाठकों के मध्य बहुत लोकप्रिय हुआ। इसके बाद उनका उपन्यास 'बिंदुर छेले' सन् 1913 में और एक अन्य उपन्यास 'परिणीता' 1914 में प्रकाशित हुआ। उनके इन उपन्यासों को पाठकों ने हाथों-हाथ लिया और उन्हें अपार लोकप्रियता हासिल हुई।

सन् 2016 में उनका उपन्यास 'बैकुन्ठेर उइल' सन् 1917 में 'देवदास', 'श्रीकांत' और 'चरित्रहीन' प्रकाशित हुए। देवदास और चरित्रहीन उपन्यास के प्रकाशन के बाद शरतचंद्र की गणना देश के चोटी के उपन्यासकारों में होने लगी।

सन् 1926 में शरतचंद्र चट्टोपाध्याय का उपन्यास 'पाथेर दाबी' प्रकाशित हुआ। इस उपन्यास का कथानक क्रांतिकारी विषयवस्तु पर आधारित था और पाठकों को आजादी के लिए प्रेरित करता था, इसलिए ब्रिटिश सरकार द्वारा इसे प्रतिबंधित कर दिया गया। अपनी साहित्य यात्रा के दौरान शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने बच्चों के लिए कई कहानियां और उपन्यास लिखे। इनमें 'रामर शुमाती' तथा 'लालू और उनके दोस्त' जैसी लघु कथाएं शामिल हैं। उनके उपन्यास और कहानियों पर



सफल फिल्में भी बनाई गईं। इन फिल्मों में 'देवदास', 'परिणीता', और 'श्रीकांत' जैसी फिल्मों ने अपार सफलता अर्जित की और वे दर्शकों के मध्य बहुत लोकप्रिय हुईं। शरतचंद्र को बंगाली साहित्य में योगदान देने के लिए कई पुरस्कार मिले। इनमें सन् 1903 में उन्हें मिला 'कुंतालिन पुरस्कार' सबसे महत्वपूर्ण है। सन् 1923 में बंकिम चंद्र चटर्जी को 'जगत्तारिणी स्वर्ण पदक' से विभूषित किया गया। सन् 1934 में उन्हे 'बंगाली संगीत परिषद' की सदस्यता प्रदान की गई।

16 जनवरी 1938 को उनकी मृत्यु से बंगाल साहित्य को भारी नुकसान हुआ। उनके द्वारा लिखे गए उपन्यास हिंदी साहित्य की भी अनमोल धरोहर हैं। उनके विश्व प्रसिद्ध उपन्यासों के लिए उनका सदैव स्मरण किया जाएगा। यह देश और समाज उनका ऋणी रहेगा।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,664.21 | 23,897.95 |
| गिरावट | 999.79 | 275.10 |
| प्रतिशत में | 1.29 | 1.14 |

सोना 1,55,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,47,000 प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, शनिवार, 25 अप्रैल 2026

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### नीतू समरा बनीं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अंतरिम सीईओ

**नई दिल्ली।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने शुक्रवार को अपनी मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नीतू समरा को अंतरिम सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की। यह बदलाव नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने निर्देश दिया था कि भारत में किसी भी हवाई अड्डे का सीईओ भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है। अगस्त 2020 से सीईओ के रूप में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नेतृत्व करने वाले स्विटजरलैंड के नागरिक क्रिस्टोफ श्नेलमान अब एयरपोर्ट के निदेशक मंडल में कार्यकारी उपाध्यक्ष के रूप में शामिल होंगे। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने बयान में कहा, तत्काल प्रभाव से नीतू समरा को अंतरिम आधार पर सीईओ नियुक्त किया गया है।

### भारत- न्यूजीलैंड 27 को करेंगे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने शुक्रवार को बताया कि भारत और न्यूजीलैंड 27 अप्रैल को नयी दिल्ली में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। इस समझौते का उद्देश्य घरेलू निर्यातकों के सामान को द्वीप राष्ट्र के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करना है। इसके तहत अगले 15 वर्षों में करीब 20 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की संभावना जताई गई है। लक्सन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, "हम सोमवार को भारत के साथ अपना मुक्त व्यापार समझौता हस्ताक्षर करेंगे।" दोनों देशों ने पिछले वर्ष 22 दिसंबर को इस व्यापार समझौते की वार्ता पूरी होने की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को पांच अरब डॉलर तक दोगुना करना है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 703.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 703.30 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700.94 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद के हफ्तों में भंडार में गिरावट देखी गई जिसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया संघर्ष था। बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता ने भारतीय रुपये पर दबाव डाला जिससे आरबीआई को डॉलर की बिक्री के माध्यम से विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा।

# अनिश्चितता से घिरे शेयर बाजार में फिर बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,000 अंक टूटा

## तेल की बढ़ती कीमतों और आईटी शेयर में बिकवाली ने दिया झटका, निफ्टी भी 455 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**

कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और आईटी कंपनियों के शेयर में भारी बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और होर्मुज जलडमरूमध्य में लगातार व्यवधान से कारोबारियों के बीच निराशा का माहौल गहराया रहा। बीएसई सेंसेक्स 999.79 अंक यानी 1.29 प्रतिशत टूटकर 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 275.10 अंकों की गिरावट हुई।

कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,260.13 अंक यानी 1.62 प्रतिशत फिसलकर 76,403.87 अंक तक चला गया था। बीएसई पर कुल 2,905 शेयर में गिरावट आई जबकि 1,326 में बढ़त हुई और 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। पिछले सप्ताह सेंसेंक्स 1,829.33 अंक या नी2.33 प्रतिशत गिरा जबकि निफ्टी में 455.6 अंक यानी 1.87 प्रतिशत की गिरावट आई। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर. ने कहा, भारतीय शेयर बाजारों ने लगातार तीसरे सत्र में गिरावट दर्ज रही। जोखिम से बचने की भावना ने निवेशकों के भरोसे को प्रभावित किया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आईटी क्षेत्र में लगातार कमजोरी ने बाजार पर दबाव बनाना जारी रखा।



### इन्फोसिस का शेयर 7.09 प्रतिशत टूटा

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस का शेयर सर्वाधिक 7.09 प्रतिशत टूटा। एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

**बढ़त के साथ हुए बंद:** ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक।

### स्मॉलकैप 0.95, मिडकैप 0.91 प्रतिशत टूटा

बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट 0.95 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट 0.91 प्रतिशत टूटा। बीएसई आईटी में 5.13 प्रतिशत, बीएसई फोकस्ड आईटी में 4.65 प्रतिशत, स्वास्थ्य देखभाल में 1.35 प्रतिशत, दूरसंचार में 1.33 प्रतिशत, रियल्टी में 1.30 प्रतिशत, सेवाओं में 1.17 प्रतिशत की गिरावट आई।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 107.3 डॉलर प्रति बैरल
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बेचे 3,254.71 करोड़ रुपये के शेयर
- दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ हुए बंद
- जापान का सूचकांक निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ हुआ बंद

### रुपया 15 पैसे कमजोर 94.16 प्रति डॉलर हुआ

**मुंबई।** रुपये में भी शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गई और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे टूटकर 94.16 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से घरेलू मुद्रा दबाव में है। रुपये में पिछले पांच सत्रों से लगातार गिरावट जारी है। घरेलू बाजार से निरंतर निकासी का भी असर पड़ रहा है।

### डॉलर के मजबूत होने से तीसरे दिन भी सोना, चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना-चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रही। डॉलर के मजबूत होने और वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के बीच सोने की कीमत में 200 और चांदी की कीमत में 3,000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर सभी करों सहित 1,55,900 रुपये 10 ग्राम रह गई, जो बृहस्पतिवार को 1,56,100 रुपये 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 3,000 रुपये की गिरावट के साथ सभी करों सहित 2,47,000 रुपये किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



### भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण नहीं पूरे हो सके राजमार्ग निर्माण के लक्ष्य

**नई दिल्ली।** देश में वित्त वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण 9,380 किलोमीटर रहा, जो 10,000 किलोमीटर के लक्ष्य से कम है।

- भूमि अधिग्रहण से पहले ही प्रोजेक्ट शुरू करना कारण

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि लक्ष्य से पीछे रहने का मुख्य कारण भूमि अधिग्रहण में देरी और अन्य मंजूरियां मिलने में समय लगना रहा। पिछले वित्त वर्ष में राजमार्ग निर्माण की लंबाई 2017-18 के बाद से सबसे कम रही। मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 में 10,660 किलोमीटर, 2023-24 में 12,349 किलोमीटर और 2022-23 में 10,331 किलोमीटर राजमार्ग बनाए थे। निर्माण की रफ्तार में यह कमी मुख्य रूप से नई परियोजनाओं के आवंटन में गिरावट के कारण आई है। राजमार्ग परियोजनाओं के ठेके देने की गति वित्त वर्ष 2022-23 में 12,376 किलोमीटर से घटकर वित्त वर्ष 2024-25 में 7,538 किलोमीटर रह गई। पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी इसका जिक्र किया था।

### सिफारिशः घरेलू कीटनाशकों पर जीएसटी घटाकर 5% करें

**नई दिल्ली।** मच्छरों और कीटों से होने वाली बीमारियों से लड़ने और निवारक स्वास्थ्य देखभाल सेवा को मजबूत करने के लिए जीएसटी परिषद को घरेलू कीटनाशकों पर लगने वाले कर को मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने पर विचार करना चाहिए। ईवाई-एचआईसीए ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में इस पर जोर दिया गया है।

- ईवाई-एचआईसीए ने रिपोर्ट जारी कर जीएसटी परिषद से किया आग्रह

रिपोर्ट के अनुसार लिक्विड वेपोराइजर, कॉइल और एरोसोल जैसे घरेलू कीटनाशक भारत के निवारक स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, विशेष रूप से घरेलू स्तर पर जहां इन बीमारियों से सुरक्षा अभी भी असमान है। ईवाई और होम इंसेक्ट कंट्रोल एसोसिएशन की इस संयुक्त रिपोर्ट में इस बात की पड़ताल की गई है कि वर्तमान 18 प्रतिशत की जीएसटी दर इन उत्पादों की वहनीयता, पहुंच और उपयोग को खासकर संवेदनशील और उच्च जोखिम वाली आबादी के बीच किस तरह प्रभावित करती है। रिपोर्ट में इन उत्पादों पर कर को अन्य आवश्यक स्वच्छता और स्वास्थ्य-सुरक्षा उत्पादों की तर्ज पर पांच प्रतिशत करने का तर्क दिया गया है।

### पाकिस्तान ने यूएई को लौटाया 3.45 अरब डॉलर का कर्ज

**इस्लामाबाद।** वित्तीय संकट में घिरे पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को बकाया 3.45 अरब अमेरिकी डॉलर का पूरा कर्ज लौटा दिया है। एक अरब डॉलर की राशि अबू धाबी फंड फॉर डेवलपमेंट को चुकाई गई, जबकि 2.45 अरब डॉलर का भुगतान पिछले सप्ताह कर दिया गया था।

- हाल ही में सऊदी अरब से मिली थी तीन अरब डॉलर की वित्तीय सहायता

स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के मुताबिक यह भुगतान 23 अप्रैल को पूरा किया गया। इसके साथ ही यूएई को कुल 3.45 अरब डॉलर की जमा राशि की वापसी पूरी हो गई है। पाकिस्तान को हाल ही में सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर की वित्तीय सहायता मिली है। यह राशि दो किस्तों में आई, जिसमें दूसरी किस्त के रूप में एक अरब डॉलर 21 अप्रैल को प्राप्त हुए। पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर अमेरिका-इजराइल के साथ बढ़े तनाव के बाद यूएई ने पाकिस्तान से यह धन तत्काल लौटाने को कहा था। यह राशि 2019 में यूएई द्वारा पाकिस्तान को उसके भुगतान संतुलन को स्थिर करने के लिए दी गई बाहरी वित्तीय सहायता का हिस्सा थी। इससे पहले मार्च में पाकिस्तान यूएई के साथ लगभग 3.5 अरब डॉलर की जमा राशि को आगे बढ़ाने का समझौता करने में नाकाम रहा था।

### टेस्ला भारत में सुपरचार्जिंग नेटवर्क का विस्तार करेगी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला भारत में अपने कारोबार को मजबूत करके के उद्देश्य से अपनी चार्जिंग सुविधा का विस्तार करेगी। कंपनी ने हाल ही में भारत में अपने वाहन पेश किए हैं और अब वह ग्राहकों की बैटरी खत्म होने की चिंता को कम करना चाहती है।

टेस्ला ने हाल ही में मॉडल वाई के साथ भारत में प्रवेश किया था। इसके बाद बुधवार को उसने अपना दूसरा मॉडल मॉडल वाईएल पेश किया, जो तीन पंक्तियों और छह सीटों वाला वाहन है और जिसकी कीमत 61.99 लाख रुपये है। साथ ही कंपनी ग्राहकों की बैटरी खत्म होने की चिंता दूर करने के लिए चार्जिंग सुविधाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। टेस्ला इंडिया के महाप्रबंधक शरद अग्रवाल ने बताया कि फिलहाल भारत में कंपनी के पांच तेज चार्जिंग केंद्र हैं, जिन्हें ऐसे स्थानों पर बनाया गया है जहां लोग काम, खरीदारी, भोजन और यात्रा के लिए जाते हैं।

## 'महिला सामर्थ्य' योजना से एक लाख महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कानपुर नगर के 1550 गांवों का कायाकल्प
- एक लाख से अधिक परिवारों की महिलाओं का डेयरी नेटवर्क तैयार, रोज चार लाख लीटर दूध का संग्रह

**अमृत विचारः** योगी सरकार की 'महिला सामर्थ्य' योजना अवध क्षेत्र में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही है। अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, फतेहपुर और कानपुर नगर के 1500 से अधिक गांवों में इस योजना के तहत एक लाख से ज्यादा महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। वहीं लखनऊ, उन्नाव और बाराबंकी में इसका तेजी से विस्तार किया जा रहा है।

योजना के तहत एक मजबूत डेयरी नेटवर्क खड़ा हुआ है, जिसमें जुड़ी महिलाएं रोज करीब 4 लाख लीटर दूध का संग्रह कर रही हैं। अब तक 1380 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है, जिससे उनकी आय में स्थायी वृद्धि हुई है। सुल्तानपुर के मुकुंदपुर गांव की अनीता वर्मा इस योजना की मिसाल बनकर उभरी हैं। दो गायों से शुरू किया गया उनका छोटा प्रयास आज उन्हें सालाना लाखों की आय दिला रहा है और वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। यह योजना साबित कर रही है कि सही अवसर और सरकारी सहयोग मिलने पर ग्रामीण महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर भी बदल सकती हैं।

### आत्मनिर्भर महिला, सशक्त परिवार

मुख्यमंत्री योगी का मानना है कि महिलाओं की आर्थिक मजबूती ही समाज की असली ताकत है। इसी सोच के साथ योजना में महिलाओं को उत्पादन, संग्रहण और विपणन की पूरी प्रक्रिया से जोड़ा गया है, जिससे वे खुद निर्णय लेने में सक्षम हो रही हैं।

### 8000 से एक लाख तक का सफर

मार्च 2023 में 340 गांवों और 8000 महिलाओं से शुरू हुआ यह अभियान अब 1550 गांवों और एक लाख से अधिक महिलाओं तक पहुंच चुका है। डेयरी व्यवसाय का यह विस्तार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए नया मॉडल बनकर उभरा है।

### डीबीटी से खत्म हुआ बिचौलिया तंत्र

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए भुगतान सीधे महिलाओं के खातों में जा रहा है। इससे पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है, जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

## संपर्क बनाए रखेंगे भारत और अमेरिका

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के अधिकारियों के बीच तीन दिवसीय व्यापार वार्ता 23 अप्रैल को पूरी हुई, जिसमें दोनों पक्ष भविष्य में इस गति को बनाए रखने के लिए निरंतर संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, व्यापार में तकनीकी बाधाएं, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुगमीकरण, निवेश प्रोत्साहन, आर्थिक सुरक्षा और डिजिटल व्यापार जैसे कई क्षेत्रों पर चर्चा की।

बयान में कहा गया, बैठकें सकारात्मक और रचनात्मक माहौल में हुईं जिसमें प्रमुख मामलों पर प्रगति के लिए सार्थक और भविष्योन्मुखी चर्चा की गई। दोनों पक्ष आगे बढ़ते हुए इस गति को बनाए रखने के लिए निरंतर संपर्क में रहने पर सहमत हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार के संबंध में एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे को अंतिम रूप देने के लिए संयुक्त बयान सात फरवरी को जारी किया था। यह ढांचा व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) वार्ता के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

**व्यापार समझौते पर बातचीत**

## एनएच पर दिसंबर से बाधामुक्त टोल प्रणाली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि देश के कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर दिसंबर तक बिना रुकावट के टोल वसूली की नई व्यवस्था लागू की जाएगी। गडकरी ने लॉजिस्टिक्स शक्ति समिट एंड अवॉर्ड्स- 2026 के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ढांचागत सुविधाओं को बेहतर बनाकर परिवहन लागत घटाना जरूरी है।

गडकरी ने कहा कि इस नई प्रणाली के तहत वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर रुकने की जरूरत नहीं होगी। यह व्यवस्था उन्नत प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी, जिसमें वाहन नंबर पहचानने वाली प्रणाली और फास्टैग जैसी इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था शामिल होगी। इस प्रणाली में तेज गति वाले कैमरे और सेंसर के जरिए वाहनों की पहचान की जाएगी और उसी आधार पर टोल शुल्क वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वालों को डिजिटल रूप से नोटिस भेजा जाएगा। भुगतान नहीं करने पर फास्टैग बंद किया जा सकता है और वाहन से जुड़ी अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है।



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**











# शाह का दावा, भाजपा पहले चरण की 110 सीटें जीतेगी

## कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक को बताया दावे का आधार

**कोलकाता, एजेंसी**

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 152 सीटों में से 110 सीटें जीतने का दावा करते हुए कहा है कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत हासिल कर वह राज्य में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सभी विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले फीडबैक को इस दावे का आधार बताया।

उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भी जोरदार जीत के साथ भाजपा पांच मई को राज्य में सरकार बनाने जा रही है। भाजपा नेता ने कहा कि राज्य के लोगों ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर विकास की राह को चुना है। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदान के सभी पुराने रिकार्ड टूट गये हैं और यह मतदान राज्य में सत्ता में परिवर्तन के लिए भाजपा के पक्ष में हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इन आरोपों पर कि भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में बाहर का व्यक्ति मुख्यमंत्री बनेगा इस पर शाह ने कहा , मुख्यमंत्री बंगाल में ही जन्म लेने वाला, बांग्ला माध्यम से पढ़ने वाला और बांग्ला बोलने वाला होगा लेकिन इतना जरूर है कि वह आपका भतीजा नहीं होगा बल्कि वह भाजपा का कार्यकर्ता होगा।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह।

# साजिश का मतदान से दिया है जनता ने जवाब : ममता

## दिल्ली से बंगाल चलाने के सपने कामयाब नहीं होंगे

**कोलकाता, एजेंसी**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में अपने विभाजनकारी एजेंडे को थोपने की कोशिश कर रही ताकतों को शुक्रवार को आगाह करते हुए कहा कि यह विधानसभा चुनाव राज्य को कमजोर करने और उस पर नियंत्रण करने के व्यवस्थित प्रयास का प्रतिरोध करने के लिए है।

ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा कि बंगाल को कमजोर करने के हर प्रयास का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। दिल्ली में बैठे लोग बंगाल के अधिकारों को छीनने और अपना एजेंडा थोपने की साजिश रच रहे हैं, लेकिन उन्हें समझ लेना चाहिए कि बंगाल की जनता सब देख रही है और वोट के जरिए जवाब देगी। यह चुनाव बंगाल को कमजोर करने के प्रयास का विरोध करने का है। मुख्यमंत्री का इशारा राज्य में मोदी, शाह प्रचार अभियान की ओर था।

ममता ने कहा, चौरंगी, भवानीपुर, यादवपुर और टॉलीगंज में मैंने लोगों को कड़े इरादे, दृढ़ संकल्प, एकता के साथ बंगाल, उसकी पहचान और भविष्य की रक्षा के लिए उमड़ते देखा। जो लोग यह मानते हैं कि वे दिल्ली से बंगाल चला सकते हैं, उसके लोगों को बांट सकते हैं और संस्कृति को विकृत कर सकते हैं, वे बहुत बड़ी भूल कर रहे हैं। इस भूमि की स्मृति लंबी है और इसकी रीढ़ की हड्डी बहुत मजबूत है।



खिदिरपुर में ममता बनर्जी ने किया रोड शो।

### भाजपा के विभाग की तरह बर्ताव कर रहा चुनाव आयोगः वेणुगोपाल

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग को भाजपा का एक विभाग करार देते हुए आरोप लगाया कि उसने कांग्रेस प्रमुख खरगे को तुरंत नोटिस जारी कर दिया, जबकि मोदी के संबोधन पर कोई कार्रवाई नहीं की। वेणुगोपाल ने दावा किया कि संसद में परिसीमन संबंधी विधेयक पारित न होने के बाद प्रधानमंत्री का हालिया सार्वजनिक संबोधन चुनाव नियमों और आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन था।

### भाजपा कार्यकर्ता को तृणमूल ने धमकाया

**कोलकाता।** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दक्षिण कोलकाता में पार्टी की एक कार्यकर्ता को उसके आवास पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों द्वारा धमकाया गया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से इस मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की।

## चुनाव में निर्वाचन अधिकारी मगर मतदाता सूची से बाहर

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव में निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्यरत कई लोगों के नाम भी एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने भी इन लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और उन्हें अपीलीय न्यायाधिकरणों के समक्ष अपील करने का निर्देश दिया।

**सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कीं वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए दायर याचिकाएं**

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने सीजेआई सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ को बताया कि कई अधिकारियों के नाम बिना किसी कारण मनमाने ढंग से मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। न्यायमूर्ति बागची ने स्वीकार किया कि जिन लोगों की अपील अभी लंबित है, वे शायद पश्चिम बंगाल के मौजूदा विधानसभा चुनावों में मतदान नहीं कर पाएंगे, लेकिन वे अपनी अपील जारी रख सकते हैं ताकि भविष्य के लिए मतदाता सूची में उनका नाम बहाल किया जा सके।

### सीजेआई ने पश्चिम बंगाल में रिकॉर्ड वोटिंग पर खुशी जताई

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले में सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने बृहस्पतिवार को राज्य में पहले चरण में भारी मतदान पर खुशी जताई। कहा, भारत के एक नागरिक के रूप में मैं मतदान प्रतिशत देखकर बहुत खुश हूं। जब लोग मतदान के अधिकार का प्रयोग करते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपीलीय न्यायाधिकरणों से कहा कि एसआईआर के बाद जिन लोगों का नाम जोड़ने के लिए तत्काल सुनवाई की जरूरत है, उनकी याचिका पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाए।

## बंगाल में मतदान केंद्रों पर लगे कैमरों के डेटा की सुरक्षा के लिए कड़े निर्देश

- निर्वाचन अधिकारी के सामने कैमरों से निकाले जाएंगे एसडी कार्ड कैमरा उतारे जाने तक पोलिंग टीम नहीं छोड़ सकेगी मतदान केंद्र

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद नए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसमें मतदान समाप्त होने के बाद निगरानी कैमरों और वीडियो डेटा का सुरक्षा और प्रबंधन के लिए सख्त प्रोटोकॉल तय किए गए हैं। इसके अलावा पोलिंग टीमों को तब तक मतदान केंद्रों को न छोड़ने का निर्देश दिया है, जब तक वहां से तय प्रोटोकॉल के मुताबिक सारे कैमरे न उतार लिए जाएं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को जारी नए दिशानिर्देशों के अनुसार, मतदान केंद्रों पर लगे कैमरों में उपयोग किए गए एसडी कार्ड मतदान समाप्त होते ही तुरंत नहीं निकाले जा सकेंगे। संबंधित अधिकारियों को केवल कैमरे उतारने की अनुमति होगी, जिसके बाद कैमरे सेक्टर अधिकारी की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा, एसडी कार्ड केवल निर्धारित डेटा संग्रहण और रिसीविंग सेंटर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में ही निकाले जा सकेंगे। चुनाव अधिकारी ने कहा कि मतदान के दौरान रिकॉर्ड की गई सभी वीडियो फुटेज को सुरक्षित तरीके से संरक्षित किया जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा, जब तक कैमरा उपकरण पूरी तरह नहीं उतार लिया जाता, तब तक मतदान दल का कोई सदस्य या बीएलओ मतदान केंद्र नहीं छोड़ सकता।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान ने दी रूस व कई देशों को शुल्क में छूट

**मास्को।** ईरान ने रूस सहित कई देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए लगने वाले ट्रांजिट शुल्क में छूट दी है। रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि ईरान की संसद के प्रथम उपाध्यक्ष हामिद रजा हाजी बाबाई ने गुरुवार को बताया था कि ईरान को पहली बार होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के शुल्क से राजस्व प्राप्त हुआ है और यह राशि देश के केंद्रीय बैंक में जमा कर दी गयी है। वहीं श्री जलाली से जब पूछा गया कि क्या ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के शुल्कों में कोई छूट दी है, तो उन्होंने कहा कि हमने फिलहाल कुछ देशों को छूट दी है, लेकिन मुझे नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा। हालांकि, हमारा विदेश मंत्रालय अभी उन छूटों को लागू करने की कोशिश कर रहा है, जो रूस जैसे मित्र देशों के लिए सोची गयी है।

### रूस ने अफगानिस्तान को भेजी सहायता

**मास्को।** रूस ने संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) में अपने मुख्य योगदान के तहत अफगानिस्तान में मानवीय सहायता की पहली खेप पहुंचायी है। रूस के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 23 अप्रैल को मजार-ए-शरीफ में अफगानिस्तान को रूसी मानवीय सहायता की पहली खेप (फोर्टिफाइड गेहूं का आटा) सौंपने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया। मंत्रालय ने बताया कि रूस ने यह सहायता डब्ल्यूएफपी में अपने मुख्य योगदान के हिस्से के तौर पर दी है, और मानवीय सहायता की कुल मात्रा लगभग 3,977 टन होगी।

### सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी को सम्मान

**वाशिंगटन।** भारत के थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को अमेरिका के पेनसिल्वेनिया स्थित यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के 'इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है। वह यह सम्मान पाने वाले तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं। यूएस आर्मी वॉर कॉलेज के विशिष्ट फेलो जनरल द्विवेदी, जनरल वी.के. सिंह और जनरल बिक्रम सिंह के बाद इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के तीसरे प्रमुख हैं। भारतीय सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अमेरिका के आर्मी वॉर कॉलेज, कार्लाइल बैरक्स का दौरा किया, जहां उन्हें इंटरनेशनल हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह सम्मान पाने वाले वह जनरल वी.के. सिंह और जनरल बिक्रम सिंह के बाद तीसरे भारतीय सेना प्रमुख हैं।

# अल्जीरिया में नौका पलटने से 17 सोमाली प्रवासियों की मौत

मोगादिशु, एजेंसी

अल्जीरिया और स्पेन के बीच समुद्री क्षेत्र में एक नौका के पलट जाने के बाद कम से कम 17 सोमाली प्रवासी मारे गए। अल्जीरिया में सोमालिया के राजदूत ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

राजदूत यूसुफ अहमद हसन ने सोमालिया की सरकारी मीडिया को बताया कि अपने परिचितों की तलाश कर रहे लोगों ने उनसे संपर्क किया। यूरोप की यात्रा के दौरान नौका के पलटने के बाद डूबने से 12 पुरुष और पांच महिलाओं की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मुझसे उन अभिभावकों ने संपर्क किया जो अपने बच्चों की तलाश कर रहे थे और उनके बारे में जानना चाहते थे। हसन ने बताया कि इसके बाद उन्होंने अल्जीरियाई विदेश मंत्रालय से संपर्क किया, जिसने उन्हें सूचित किया कि राजधानी अल्जीयर्स से लगभग 100 किलोमीटर पश्चिम में एक तटीय प्रांत में अफ्रीकी प्रवासियों के एक समूह में शामिल लोगों की मौत हो गई है।

यूरोप जाने की कोशिश कर रहे प्रवासियों के लिए, उत्तरी अफ्रीका और स्पेन के बीच का मार्ग आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले मार्गों में से एक है।

**• मृतकों में 12 पुरुष और पांच महिलाएं शामिल**

# पाकिस्तान में अल्पसंख्यक महिलाओं की स्थिति चिंताजनक

## संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा, कार्रवाई में कमी से बढ़ रहे धर्मांतरण और अगवा किए जाने के मामले

लंदन, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों की लड़कियों और महिलाओं को अगवा किए जाने तथा जबरन शादी के जरिये उनका धर्मांतरण कराए जाने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है।

उन्होंने कहा है कि कार्रवाई की कमी" ऐसे मामलों में वृद्धि का कारण बन रही है। जेनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) के विशेषज्ञों ने बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, धर्म या आस्था में कोई भी बदलाव वास्तव में दबाव मुक्त होना चाहिए। साथ ही शादी दोनों पक्षों की पूर्ण एवं दबाव मुक्त सहमति पर आधारित होनी चाहिए, जो कानूनी रूप से तब संभव नहीं है, जब पीड़ित नाबालिग हो।

विशेषज्ञों के मुताबिक, पाकिस्तान में 2025 में अपहरण, जबरन शादी और धर्मांतरण से पीड़ित लड़कियों एवं महिलाओं में से लगभग 75 फीसदी हिंदू और 25 प्रतिशत ईसाई समुदाय की थीं। उन्होंने कहा कि ऐसी लगभग 80 फीसदी घटनाएं सिंध प्रांत से दर्ज की गईं। विशेषज्ञों के अनुसार, कार्रवाई की कमी लगातार जारी इस कृत्य को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा, 14 से 18 साल की उम्र की किशोरियों को खास तौर पर निशाना बनाया जाता है। गरीब और हाशिये पर रहने वाले परिवारों की लड़कियों और युवतियों के साथ ऐसे कृत्य होने की आशंका ज्यादा रहती है। विशेषज्ञों ने कहा कि पीड़ित लड़कियों और महिलाओं को न सिर्फ शारीरिक एवं यौन हिंसा, सामाजिक कलंक और गंभीर आघात का सामना करना पड़ता है, बल्कि धर्म और आस्था के पालन की उनकी आजादी भी छीन ली जाती है। उन्होंने कहा, ये महिलाएं और लड़कियां लगातार आतंक के साये में जी रही हैं... इसे रोकना होगा।

### गाज़ा युद्ध में प्रतिदिन औसतन 47 महिलाएं मारी गईं : संरा

**न्यूयॉर्क।** गाज़ा पट्टी में अक्टूबर 2023 से दिसंबर 2025 के बीच इजरायल की सैन्य कार्रवाई में 38,000 से अधिक महिलाएं और लड़कियां मारी गयी हैं, जो इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 47 मौतों के बराबर है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महिला इकाई की रिपोर्ट गाज़ा में युद्ध की कीमतः महिलाएं और लड़कियां में कहा गया है कि यह संख्या उसी अवधि में दर्ज कुल मौतों के आधे से अधिक है। गाज़ा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए इजरायल के सैन्य अभियान में अब तक 71,200 लोगों की मृत्यु दर्ज की गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की कुल हिस्सेदारी सभी मृतकों में आधे से अधिक है। साथ ही यह भी संकेत दिया गया है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि मलबे में दबे शवों को निकालने में कठिनाई और स्वास्थ्य तथा सूचना तंत्र के बाधित होने के कारण कई मामलों की रिपोर्टिंग नहीं हो पाई है। आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं और बच्चों की मौतों में वृद्धि उन अवधियों में देखी गई जब नागरिक ढांचे जैसे घर, स्कूल और आश्रय स्थलों का व्यापक विनाश हुआ। अनुमान है कि गाज़ा में लगभग 11,000 महिलाएं,लड़कियां विकलांगता का सामना कर रही हैं।

# इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था के लिए नाबालिग को बाध्य नहीं कर सकते

## सुप्रीम कोर्ट ने सात महीने से अधिक प्रेग्नेंट लड़की को अबॉर्शन की दी अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को 15 वर्षीय लड़की को सात महीने से अधिक की गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन कराने की अनुमति देते हुए कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला, विशेषकर नाबालिग को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था पूरी अवधि तक जारी रखने के लिए बाध्य नहीं कर सकती।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि जन्म लेने वाले बच्चे की अपेक्षा गर्भवती महिला की इच्छा अधिक महत्वपूर्ण है। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि ऐसी गर्भावस्था जारी रहने से नाबालिग के मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा की संभावनाओं, सामाजिक स्थिति और समग्र विकास पर दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि महिला की प्रजनन संबंधी स्वायत्तता को सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए। यदि किसी महिला को अवांछित गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जाता है, तो यह उसके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। पीठ ने कहा कि अपने शरीर से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार विशेषकर प्रजनन के मामलों में संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता का अभिन्न हिस्सा है। यह अधिकार अव्यावहारिक प्रतिबंध लगाकर निष्प्रभावी नहीं किया जा सकता, खासकर नाबालिगों और अवांछित गर्भावस्था जैसे मामलों में। न्यायालय ने कहा कि किसी भी अदालत को किसी महिला और विशेष रूप से नाबालिग बच्ची को उसकी स्पष्ट इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था पूरी अवधि तक ढोने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। ऐसा करना न केवल उसकी निर्णय लेने की स्वतंत्रता की अनदेखी होगी, बल्कि यदि उसे बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर किया जाए तो उसे गंभीर मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक आघात भी पहुंचेगा। पीठ ने कहा कि राहत देने से इनकार नाबालिग को अपरिवर्तनीय परिणाम झेलने के लिए मजबूर करेगा और ऐसा दृष्टिकोण प्रजनन विकल्प को मौलिक अधिकार मानने वाले संवैधानिक तथा स्थापित सिद्धांतों के विपरीत होगा।

### गर्भवती महिला की इच्छा अधिक महत्वपूर्ण

न्यायालय ने कहा कि गर्भवती महिला की इच्छा अधिक महत्वपूर्ण है, न कि जन्म लेने वाले बच्चे की। पीठ ने कहा कि यह कहना आसान है कि यदि गर्भवती महिला बच्चे का पालन-पोषण नहीं करना चाहती तो वह उसे गोद दे सकती है, इसलिए उसे बच्चे को जन्म देना ही चाहिए। लेकिन यह विचार विशेषकर उन मामलों में स्वीकार्य नहीं हो सकता, जहां जन्म लेने वाला बच्चा अवांछित हो। ऐसी स्थिति में महिला को उसकी इच्छा के विरुद्ध बच्चे को जन्म देने और गर्भावस्था जारी रखने का निर्देश देना गर्भवती महिला के कल्याण को नकारना होगा और उसे अभी जन्म न लेने वाले बच्चे के हितों के अधीन कर देगा। संवैधानिक अदालतों को ऐसे मामलों में जन्म लेने वाले बच्चे के बजाय गर्भवती महिला के कल्याण को ध्यान में रखते हुए परिस्थितियों का मूल्यांकन करना चाहिए।

### गर्भसमापन के लिए सभी तथ्यों , परिस्थितियों पर देना होगा ध्यान

न्यायालय ने कहा कि संवैधानिक अदालत को उन सभी तथ्यों और परिस्थितियों को उस पक्ष के दृष्टिकोण से देखना चाहिए, जो गर्भसमापन चाहती है और चिकित्सकीय जोखिम उठाने को तैयार है, न कि गर्भावस्था पूरी कर अवांछित बच्चे को जन्म देने का निर्देश देना चाहिए। पीठ ने कहा कि यदि संवैधानिक अदालत यह कहे कि अवांछित गर्भावस्था भी जारी रखनी होगी, तो अनुमति लेने के लिए अदालत आने के बजाय लोग अवैध गर्भपात केंद्रों का रुख करेंगे या गुप्त रूप से गर्भसमापन कराएंगे, जिससे गर्भवती महिला को अधिक खतरा होगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस मामले में लड़की 15 वर्ष की है और गर्भावस्था अवांछित है इसलिए इसे जारी रखना नाबालिग गर्भवती के हित में नहीं है, विशेषकर तब जब उसने दो बार आत्महत्या का प्रयास किया है।

# रामनगरी अयोध्या में उत्तराखंड का अतिथि गृह जल्द

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून।** देश की धार्मिक राजधानी अयोध्या में उत्तराखंड सरकार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल शुरू की है। अयोध्या-फैजाबाद हाईवे पर प्रस्तावित राज्य अतिथि गृह अब हकीकत का रूप लेता दिख रहा है। लगभग 54,000 वर्ग फीट क्षेत्र में बनने वाला यह विशाल परिसर उत्तराखंड से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक भरोसेमंद ठिकाना बनेगा। सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार के स्थलीय निरीक्षण के बाद परियोजना के क्रियान्वयन ने रफ्तार पकड़ ली है, जिससे साफ है कि सरकार इस योजना को लेकर पूरी गंभीरता से आगे बढ़ रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना के पीछे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की स्पष्ट सोच और परिणामोन्मुख कार्यशैली दिखाई देती है। मुख्यमंत्री ने धार्मिक पर्यटन को आर्थिक विकास से जोड़ने की जो रणनीति बनाई है, यह परियोजना उसी की एक मजबूत कड़ी है। चारधाम यात्रा को बेहतर प्रबंधन और सुविधाओं से जोड़ने के बाद अब सरकार अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों पर भी उत्तराखंड की पहचान स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि परियोजना गुणवत्ता, आधुनिकता और तय समयसीमा के मानकों पर खरी उतरे।

# 18 माह बाद 400 फिट ऊंचे टावर से उतारा गया युवक

समाना, एजेंसी



**• गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी पर सख्त कानून की थी की मांग**

पंजाब में बेअदबी की घटनाओं के लिए, सख्त कानूनों की मांग को लेकर करीब 560 दिनों से 400 फुट ऊंचे मोबाइल टावर पर बैठे कार्यकर्ता गुरजीत सिंह खालसा को आखिरकार शुक्रवार सुबह नीचे उतार लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम के साथ ही गुरु ग्रंथ साहिब के अपमान के लिए कड़ी सजा की मांग कर रहे खालसा (43) के अनूठे ढंग से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन का समापन हो गया।

उन्होंने 12 अक्टूबर 2024 को पटियाला के समीप समाना में स्थित टावर पर चढ़कर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। पटियाला के एक दमकल अधिकारी ने बताया कि दमकलकर्मियों, पुलिस और नगर निकाय के अधिकारियों की एक टीम ने विशेष 'क्रेन-लिफ्ट' की मदद से उन्हें नीचे उतारा। कार्यकर्ता को टावर से उतारते समय उन्होंने हाथ हिलाकर अपने उन समर्थकों का अभिवादन किया जो नीचे खड़े थे। इस बीच एक समर्थक ने चिल्लाकर कहा कि खालसा 'चढ़दी कला' (जोश) में है। खालसा को 'सिख जयकारा' और 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के नारों के बीच टावर से उतरने के बाद चिकित्सा जांच के लिए एम्बुलेंस में अस्पताल ले जाया गया। इस बीच उनके समर्थकों ने उन पर फूल बरसाए। कई स्थानीय लोगों को अपने घरों की छतों से इस पूरी प्रक्रिया को देखते हुए देखा गया। पटियाला जिले के खेड़ी नगौयां गांव के निवासी कार्यकर्ता ने जमीन पर कदम रखते हुए कहा कि हम जीत गए हैं। खालसा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां को बेअदबी विरोधी कानून लागू करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि गुरु की कृपा से मैं 18 महीने और 12 दिन बाद सुरक्षित वापस आ गया हूं। मैं पंजाब सरकार का आभारी हूं। पंजाब सरकार ने गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के खिलाफ संशोधित कानून जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम, 2026' को हाल ही में अधिसूचित कर दिया है, जिसमें गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के किसी भी कृत्य के लिए आजीवन कारावास और 25 लाख रुपये तक के जुर्माने समेत कठोर दंड का प्रावधान है।

# इजराइल-लेबनान संघर्ष विराम तीन सप्ताह के लिए बढ़ा

**• ट्रंप बोले-दोनों देशों के राजदूतों के बीच सार्थक रही बैठक**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में हुई बातचीत के बाद इजराइल और लेबनान ने इजराइल एवं हिजबुल्ला चरमपंथी समूह के बीच युद्धविराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाने पर सहमति जताई है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में इजराइल और लेबनान के राजदूतों के बीच हुई बैठक सार्थक रही। राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल ऑफिस में हुई एक बैठक के दौरान हालांकि ट्रंप ने स्वीकार किया कि उन्हें हिजबुल्लाह के बारे में भी सोचना होगा। हालांकि ईरान समर्थित इस समूह ने वार्ता का विरोध किया है और पिछले शुक्रवार को प्रारंभिक युद्धविराम लागू होने के बाद से दोनों पक्षों द्वारा कई बार इसका उल्लंघन किया गया है। इजराइल और लेबनान के बीच दशकों में यह पहली सीधी राजनयिक वार्ता थी। दोनों पक्षों के बीच हुआ शुरुआती 10 दिवसीय युद्धविराम सोमवार को खत्म होने वाला था। ट्रंप ने सोशल पोस्ट में कहा कि लेबनान को हिजबुल्ला से रक्षा में मदद करने के लिए अमेरिका उसके साथ काम करेगा। बाद में ओवल ऑफिस में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले कुछ हफ्तों में वह इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से वाशिंगटन में मुलाकात करेंगे।

# सीबीएसई 10वीं : दूसरी बोर्ड परीक्षा को 6.68 लाख से अधिक आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए 6.68 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें अधिकांश आवेदन मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंकों में सुधार के लिए हैं, जिसके परिणाम इस महीने की शुरुआत में घोषित किए गए थे। सीबीएसई के अनुसार, दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 6,68,854 नियमित उम्मीदवारों ने आवेदन किया है जिनमें से 5,25,655 ने सुधार के लिए, 85,285 ने कंपार्टमेंट श्रेणी के तहत तथा 57,914 ने कंपार्टमेंट तथा सुधार दोनों श्रेणियों के लिए आवेदन किया है। बोर्ड ने बताया है कि 2026 से कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दो बार कराई जा रही है। इसके तहत छात्रों को पहली (मुख्य) परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा।

# चीनी कंपनियों पर सख्त कार्रवाई करेगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा अमेरिकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल के दुरुपयोग पर नकेल कसने का संकल्प जताया है। माना जा रहा है कि अमेरिकी प्रशासन के निशाने पर विशेष रूप से चीन रहेगा, क्योंकि वह एआई की दौड़ में अमेरिका से कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहा है।

# आरएसएस 'कु क्लक्स क्लैन' का भारतीय संस्करण नहीं : होसबाले

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में कहा कि आरएसएस अमेरिकी श्वेत वर्चस्ववादी समूह 'कु क्लक्स क्लैन' का कोई भारतीय संस्करण नहीं है। साथ ही उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन के कार्यों पर प्रकाश डाला।

**• सरकार्यवाह बोले-संगठन के बारे में कई हैं गलतफहमियां**



हडसन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित 'न्यू इंडिया कॉन्फ्रेंस' में संवादात्मक सत्र के दौरान होसबाले ने कहा कि अमेरिका में भारत के बारे में गलतफहमियों की तरह ही आरएसएस के बारे में भी गलत धारणाएं हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को लेखक वाल्टर रसेल मीड के साथ चर्चा के दौरान कहा कि दशकों से जानबूझकर या अनजाने में अन्यथा किसी एजेंडा के तहत इस तरह की धारणा गढ़ी गई है कि आरएसएस एक हिंदू वर्चस्ववादी संगठन है या यह ईसाई विरोधी, अल्पसंख्यक विरोधी, विकास विरोधी और आधुनिकीकरण का विरोधी है। होसबाले ने कहा कि इसलिए सकारात्मक कार्यों को कभी उजागर नहीं किया गया। इसके बजाय हमेशा गलत छवि का ही प्रचार किया जाता रहा है... जैसे हम 'कु क्लक्स क्लैन' का कोई भारतीय संस्करण हों, जो कि हम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू दर्शन और संस्कृति पूरे विश्व को एक परिवार की तरह देखती है और यह वर्चस्ववाद का समर्थन नहीं करती। आरएसएस सरकार्यवाह ने कहा, हम सजीव और निर्जीव, हर चीज में एकता देखते हैं। जब यही हिंदुओं का मूल दर्शन है, तो श्रेष्ठता का प्रश्न ही नहीं उठता। इतिहास में हिंदुओं ने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया है। होसबाले ने आरएसएस को भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विचारधारा में निहित एक स्वयंसेवी आंदोलन के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि आरएसएस भारत के प्राचीन समाज की सांस्कृतिक विरासत और सभ्यतागत मूल्यों से प्रेरित एक जन स्वैच्छिक आंदोलन है जिसे सामान्यतः हिंदू संस्कृति के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि चरित्रवान, आत्मविश्वासी, समाज सेवा का भाव रखने वाले और समाज को संगठित करने में सक्षम स्वयंसेवकों को तैयार करने के लिए संघ एक घंटे की दैनिक और साप्ताहिक शाखाओं का आयोजन करता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज निर्णय लेने से पहले स्थिति को पूरी तरह समझना जरूरी होगा। दिन के दूसरे हिस्से में चीजें स्पष्ट होंगी।

**तुला** — आज किसी नई योजना की शुरुआत हो सकती है। आपको अपने तरीके से काम करने का मौका मिलेगा।

**वृष** — आज किसी बात को लेकर मन में दबाव रह सकता है। कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। धैर्य बनाए रखें।

**वृश्चिक** — आज विदेश से जॉब के ऑफर मिलने की संभावना बन रही है। दूसरों के कार्यों में टांग न अड़ाएं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**मिथुन** — आज का दिन अच्छा रहेगा। संपर्क आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। सही समय पर लिया गया निर्णय आपको आगे बढ़ाएगा।

**धनु** — आज परिस्थितियों के लगातार अनुकूल होने से खुश रहेंगे। ऑफिस में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कर्क** — आज आपका ध्यान परिवार से जुड़े मामलों पर रहेगा। किसी जिम्मेदारी को निभाने का समय है। भावनाओं पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — आज कुछ लोग आपके कार्यों में अवरोध डालने का प्रयास कर सकते हैं। नया कार्य आरंभ करने में जल्दबाजी न करें।

**सिंह** — आज आपके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई नया काम शुरू करने की सोच सकते हैं। दिन का दूसरा भाग आपके लिए अनुकूल रहेगा।

**कुंभ** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है।

**कन्या** — आज आपको अपने कामों पर ध्यान देना होगा। किसी भी लापरवाही से बचें। छोटे-छोटे प्रयास ही आपको सही परिणाम देगा।

**मीन** — आज आपकी दिनचर्या अत्यंत अनुशासित रहेगी। घर का माहौल काफी अच्छा रहेगा। प्रशासन से जुड़े लोग कार्यों से संतुष्ट रहेंगे।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 25 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 18 .27 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्लेषा 20 .04 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 129 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

### सुडोकू -130

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 5 | | | | |
| 6 | | | 4 | | | 9 | | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| 9 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | 6 | | | 1 | 3 | | 5 |
| | | | 2 | | | | | 4 |
| 5 | | | 1 | 3 | | | 2 | |
| | 7 | 1 | | | 4 | | | 9 |
| | | | 5 | 9 | | 6 | | |

शोध

## नींद संबंधी समस्याओं का प्रभावी इलाज होने पर दूर हो सकते हैं डायबिटीज, हृदयरोग, अवसाद जैसे कई लक्षण

# अनिद्रा अपने आप में एक बीमारी, अलग से इलाज की जरूरत

ब्रिटेन, एजेंसी

अनिद्रा यानी नींद न आने की समस्या संभवतः प्राचीनकाल से ही इंसानों को परेशान करती आ रही है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पिछले 20 वर्षों में इसकी समझ हासिल करने की कोशिशों में काफी प्रगति की है। आज अनिद्रा ब्रिटेन में लोगों के सामने सबसे आम मानसिक समस्याओं में से एक बन गई है।

इंग्लैंड में लगभग एक-तिहाई वयस्क अनिद्रा से जुड़े लक्षणों का सामना करने की बात स्वीकार करते हैं। अनिद्रा को लेकर वैज्ञानिकों की समझ में जो सबसे बड़ा बदलाव आया है, वह यह है कि ज्यादातर मामलों में इसकी शिकायत शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी अन्य समस्या के कारण उभरती है। अनिद्रा के शिकार अधिकांश लोगों को डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, थॉयरॉयड, पेट से जुड़ी समस्याओं, लंबे समय से बरकरार दर्द, बेचैनी या अवसाद की शिकायत होती है। अनिद्रा जब किसी दूसरी बीमारी या समस्या का नतीजा होती है, तो उसे सेकेंडरी इंसोमेनिया कहा जाता है। यही कारण है कि पहले डॉक्टर अक्सर सिर्फ मुख्य बीमारी का इलाज करते थे और सेकेंडरी इंसोमेनिया का अलग से उपचार करने पर ध्यान नहीं देते थे। हालांकि, 2000 के दशक की शुरुआत में शोध और नैदानिक अनुभव, दोनों से पता चला कि यह तरीका सही नहीं है। वैज्ञानिकों ने कहा कि कुछ मामलों में अनिद्रा की शिकायत किसी मुख्य बीमारी के उभरने से पहले से ही हो सकती है, जबकि कुछ मामलों में यह उसके ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रह सकती है। प्राइमरी और सेकेंडरी इंसोमेनिया से चिकित्सकीय रूप से निपटने के तरीके में इस अंतर को त्यागना इस बात को स्वीकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम था कि अनिद्रा अक्सर अपने आप में एक स्वतंत्र बीमारी होती है, जिसका अलग से इलाज करना जरूरी है। शोधकर्ताओं ने इस बात के पुख्ता सबूत जुटाए हैं कि अगर लोगों की नींद संबंधी समस्याओं का प्रभावी इलाज किया जाए, तो उनमें मौजूद डायबिटीज, हृदयरोग, अवसाद, मनोभ्रंश, शराब की लत, बाइपोलर डिसऑर्डर आदि में सुधार हो सकता है।

### किसे होती है अनिद्रा की शिकायत?

पिछले दो दशक में दुनियाभर से अधिक सटीक आंकड़े मिले हैं, जो यह दर्शाते हैं कि अनिद्रा की समस्या कितनी आम है। यह लगभग सभी वर्गों को प्रभावित करती है, लेकिन महिलाएं, बुजुर्ग और गरीब एवं हाशिये पर पड़े लोग इसके प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं, क्योंकि उनमें अक्सर जैविक, मानसिक और सामाजिक, तीनों कारक मिलकर अनिद्रा की समस्या को जन्म देते हैं। महिलाओं के सामने हार्मोन में बदलाव, गर्भावस्था, शिशु का जन्म, स्तनपान, रजोनिवृत्ति, घरेलू हिंसा, दूसरों की देखभाल की जिम्मेदारी, चिंता और अवसाद जैसी स्थितियां आती हैं।

# बेयरबॉक 28 अप्रैल को भारत यात्रा पर आएंगी

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र की अध्यक्ष सुश्री एन्नालेना बेयरबॉक 28 अप्रैल को भारत की यात्रा पर आयेंगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बेयरबॉक की यह यात्रा विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के निमंत्रण पर हो रही है और वह विदेश मंत्री के साथ आपसी हित के महत्वपूर्ण बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगी। बेयरबॉक महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। वह एआई पर इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ एक संवादात्मक सत्र में भी भाग लेंगी।



“हमारा प्रदर्शन खराब इसलिए दिख रहा है क्योंकि हम हर मैच में लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं। पिछले मैच में हमने एक ही ओवर में तीन विकेट गंवा दिए थे और हमारी बल्लेबाजी भी बहुत अच्छी नहीं रही थी।

–ट्रिस्टन स्टब्स, दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज

# स्टेडियम

लखनऊ, शनिवार, 25 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

## आज के मुकाबले

पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स

समय - दोपहर 3:30 बजे

सनराइजर्स हैदराबाद बनाम राजस्थान रॉयल्स

समय - शाम 7:30 बजे

# सुदर्शन के शतक से गुजरात टाइटंस ने बेंगलुरु को दिया 206 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : सुयश शर्मा, जॉश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार को एक-एक विकेट

बेंगलुरु, एजेंसी



100 रन

58 गेंद

11 चौके

5 छक्के

साई सुदर्शन।

गुजरात टाइटंस ने साई सुदर्शन (100 रन) के शतक की बदौलत शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ तीन विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। गुजरात टाइटन्स की पारी के 12.4 ओवर टी20 बल्लेबाजी के बिल्कुल उलट थे जिसमें पूर्व चैंपियन टीम ने यह साबित कर दिया कि इस प्रारूप में बिना आक्रामकता के भी रन बनाए जा सकते हैं।

सुदर्शन ने आईपीएल में अपने तीसरे शतक के लिए 58 गेंद की पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए। उनकी पारी टीम के लिए मजबूत नींव साबित हुई। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने सलामी जोड़ीदार और कप्तान शुभमन गिल (32 रन, 24 गेंद) के साथ 128 रन की साझेदारी में शुरू से ही पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। सुदर्शन ने पावरप्ले के दौरान 29 जबकि गिल ने सिर्फ सात गेंदें खेली थीं।

तमिलनाडु के 24 साल के तमिलनाडु के इस बल्लेबाज ने पावरप्ले में 46 रन बनाए और फिर 33 गेंदों में बड़े ही शानदार अंदाज में अपना अर्धशतक पूरा किया, जिसके लिए उन्होंने रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर एक जोरदार छक्का जड़ा। वह अपनी इस पारी के दौरान आईपीएल में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। अगले पचास रन उन्होंने और भी तेज गति से बनाए जिसके लिए उन्होंने सिर्फ 24 गेंद लीं। इस दौरान उन्होंने आरसीबी के स्पिन जोड़ी कृणाल पांड्या और सुयश शर्मा को पूरी तरह से बेअसर कर दिया। क्रुणाल ने सुदर्शन को शांत रखने के लिए अपनी खास बाउंसर गेंद का इस्तेमाल किया, लेकिन यह बल्लेबाज भी पूरी तरह से तैयार था। उसने गेंद को ‘अपर कट’ करते हुए छक्के के लिए बाउंड्री के पार पहुंचा दिया। इसके बाद उन्होंने इसी गेंदबाज की गेंद पर एक चौका और स्वीप शॉट से एक छक्का जड़ा। जिसके बाद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार को गेंदबाजी के लिए दूसरे विकल्पों के बारे में सोचना पड़ा। गिल के आउट होने से मैच की दिशा में कोई खास बदलाव नहीं आया क्योंकि सुदर्शन ने लगातार रन बटोरना जारी रखा। सुयश ने 91 रन के स्कोर पर अपनी ही गेंद पर कैच छोड़कर उन्हें जीवनदान दिया था।

सुदर्शन ने सुयश की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया, पर वे इसे आगे नहीं बढ़ा पाए और जोश हेजलवुड को एक आसान सा कैच थमा बैठे। उनके आउट होने से आरसीबी को डेथ ओवर्स में थोड़ी वापसी करने में मदद मिली। 17वें ओवर गुजरात टाइटंस का स्कोर दो विकेट पर 174 रन था। लेकिन टीम 31 रन ही बना पाई। ये रन भी टीम के लिए पदार्पण करने वाले खिलाड़ी जेसन होल्डर की छोटी सी तेज पारी (नाबाद 23 रन, 10 गेंद) की बदौलत ही बन पाए।

### गुजरात टाइटंस

**205/3** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का एवं बो हेजलवुड | 100 |
| शुभमन गिल का पडिक्कल बो सूयश | 32 |
| जोस बटलर का हेजलवुड बो भुवनेश्वर | 25 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 19 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 23 |

**अतिरिक्त** : 06, **विकेट पतन** : 1-128, 2-160, 3-177, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-31-1, हेजलवुड 4-0-40-1, रसिख सलाम 3-0-28-0, कृणाल पांड्या 4-0-50-0, शेफर्ड 1-0-17-0, सूयश शर्मा 4-0-36-1

### ऑरेंज कैप



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद-323 रन
- हेनरिच क्लोसेन हैदराबाद -320
- सुभमन गिल गुजरात -297 रन

### पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई - 14 विकेट
- प्रिंस यादव गुजरात - 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद- 12 विकेट

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | 0.118 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

## संजू सैमसन की शतकीय पारी को कुंबले और हरभजन ने जमकर सराहा



**मुंबई, एजेंसी।** अनिल कुंबले और हरभजन सिंह जैसे पूर्व दिग्गज स्पिनरों ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ संजू सैमसन के शतक की जमकर सराहना की। उन्होंने इसे परिस्थिति के हिसाब से सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया। सैमसन की 54 गेंदों पर नाबाद 101 रन की पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने छह विकेट पर 207 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को 104 रन पर आउट कर बड़ी जीत दर्ज की। मौजूदा सत्र में यह सैमसन का दूसरा शतक है। पूर्व स्पिनर कुंबले ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहासीएसके की सफलता अक्सर उनके सलामी बल्लेबाजों की मजबूत शुरुआत पर टिकी रही है लेकिन पिछले कुछ सत्र में टीम को इस मामले में निराशा मिली है। सैमसन ने इस जिम्मेदारी को उठाने की कोशिश की है। सिर्फ सात मैचों में दो नाबाद शतक, और उन्होंने टीम को संभालने में अहम भूमिका निभाई है। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने इस शतक को सैमसन की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया। उन्होंने कहा संजू सैमसन इसलिए अलग नजर आए क्योंकि उनकी खेल की समझ बहुत मजबूत थी। बहुत से खिलाड़ियों में प्रतिभा होती है, लेकिन बहुत कम खिलाड़ी यह समझ पाते हैं कि अलग-अलग परिस्थितियों में पारी को कैसे गति देनी है। उन्होंने यह समझा कि खासकर एक युवा टीम के साथ अंत तक टिके रहना कितना जरूरी है।

### हाईलाइट

### थॉमस कप फाइनल्स के पहले मैच में भारत ने कनाडा को हराया

**होर्संस (डेनमार्क)।** लक्ष्य सेन को कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा लेकिन आयुष शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी ने जीत दर्ज की जिससे 2022 के चैंपियन भारत ने शुक्रवार को यहां थॉमस कप फाइनल के अपने पहले ग्रुप ए मुकाबले में कनाडा पर 4-1 से शानदार जीत हासिल की। लक्ष्य सेन को शानदार प्रयास के बावजूद दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर लाई से 18-21, 21-19, 21-10 से हार का सामना करना पड़ा। इसके विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने जोनाथन बिंग त्सान लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया।

### भारत 2047 तक शीर्ष पांच खेल देशों में होगा शामिल : मांडविया

**बडगाम।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि भारत 2036 तक दुनिया के शीर्ष 10 खेल राष्ट्रों में शामिल होगा और 2047 तक शीर्ष पांच देशों में अपनी जगह बना लेगा। मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने खेल प्रशासन को अधिक सुव्यवस्थित किया है और देश में एक संगठित खेल ढांचा तैयार किया गया है। उन्होंने मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के ओमपोरा में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 30-बिस्तर वाले अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद कहा सरकार युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दे रही है।

### भारतीय महिला टीम आत्मसम्मान की लड़ाई में उतरेगी

**जोहान्सबर्ग।** पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला गंवाने के बावजूद भारत के पास शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में बहुत कुछ दांव पर होगा, जिसमें अपनी प्रतिष्ठा बचाना, लय वापस पाना और इस प्रारूप के आगामी विश्व कप के लिए रणनीति तय करना शामिल है। मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने पहले ही पांच मैचों की इस श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है और टीम का लक्ष्य इस अभियान को जारी रखते हुए सूपड़ा साफ करना है।

## रॉयल्स की नजरें सनराइजर्स के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने पर

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स की टीम शनिवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश अपने घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने के साथ-साथ दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले का हिसाब बराबर करने की भी होगी।

यह मुकाबला आईपीएल के इस चरण में बेहद अहम माना जा रहा है, जहां दोनों टीमें जरूरी अंक हासिल करने की कोशिश में होंगी। सनराइजर्स ने प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की शानदार गेंदबाजी के बूते दोनों टीमों के बीच 13 अप्रैल को खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 57 रन से जीता था। रॉयल्स ने हालांकि उस हार से उबरते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 40 रन की जीत से अच्छी वापसी की है। टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद इस सत्र में उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए चौथे स्थान पर है, लेकिन उनकी आक्रामक बल्लेबाजी किसी भी टीम के लिए खतरा बनी हुई है। रॉयल्स को दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मुकाबले में हर विभाग (पावरप्ले, मध्य ओवर और आखिरी ओवर) में संघर्ष करना पड़ा था, और टीम इस बार माकूल जवाब देने के इरादे से उतरेगी। सनराइजर्स की बल्लेबाजी की ताकत उनके शीर्ष क्रम में है, जहां इशान किशन और हेनरिक क्लासेन पहले ही कई मौकों पर आक्रामक प्रदर्शन कर चुके हैं। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड भी तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। हिंगे और साकिब दोनों ने रॉयल्स के खिलाफ अपने आईपीएल पदार्पण में चार-चार विकेट लिए, लेकिन सनराइजर्स की गेंदबाजी अपेक्षाकृत अनुभवहीन है। टीम कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में संघर्ष कर रही है, हालांकि हाल के मैचों में कुछ सुधार देखने को मिला है। रॉयल्स की टीम मध्यक्रम की बल्लेबाजी को छोड़कर लगभग हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम के नाम सात मैचों में पांच जीत हैं। उनकी बल्लेबाजी की रीढ़ युवा खिलाड़ियों पर टिकी है।

### टीम

**सनराइजर्स हैदराबाद** : ईशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी।

**राजस्थान रॉयल्स** : रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिम्रोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रविंद्र जड़ेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नंद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई, संदीप शर्मा।



अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स के बल्लेबाज अभिषक शर्मा। एजेंसी

## दिल्ली के सामने अपराजेय पंजाब की चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल और पथुम निसांका। एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को यहां होने वाले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से 47 रन से हार का सामना करने वाली दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। इसके लिए उसके ज्यादातर खिलाड़ियों को एक साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली फिलहाल अंकतालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। उनका एकमात्र अंक तब गया था जब कोलकाता में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या उसकी बल्लेबाजी में अस्थिरता रही है। केएल राहुल, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने कुछ पारियों में योगदान दिया है, लेकिन पूरी टीम एक साथ प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में असफल रहे हैं, जिससे मध्यक्रम पर दबाव बढ़ गया है। कप्तान अक्षर पटेल से भी उम्मीद की जा रही है कि वह बल्ले और रणनीति दोनों में अधिक जिम्मेदारी निभाएं।

### टीम

**दिल्ली कैपिटल्स** : अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब नबी डार, नीतीश राणा, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगिसानी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

**पंजाब किंग्स** : श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, कूपर कोनोली, मार्को यानसन, मुशीर खान, मिचेल ओवेन, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, बेन ड्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विशाल निशाद।

## सचिन ने घर पर प्रशंसकों के साथ मनाया 53वां जन्मदिन

**मुंबई।** भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने शुक्रवार को अपना 53वां जन्मदिन अपने घर पर परिवार और विभिन्न आयु वर्ग के प्रशंसकों की मौजूदगी में मनाया। इस मौके पर उनकी पत्नी अंजलि भी उनके साथ मौजूद रहीं। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने अपने आवास पर पहुंचे प्रशंसकों की तालियों और उत्साह के बीच केक काटा। उन्होंने इस दौरान अपनी तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनी एक छोटी बच्ची को देखकर उसे गोद में भी उठा लिया, जिससे माहौल और भावुक हो गया। तेंदुलकर ने इससे पहले दिन की शुरुआत में सोशल मीडिया पर अपनी मां, पत्नी अंजलि और अपने पालतू कुत्ते के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा मेरी सुबह की परफेक्ट शुरुआत आई (मां), अंजलि और इस शरारती के साथ हुई। इससे बेहतर क्या हो सकता है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने तेंदुलकर के जन्मदिन के मौके पर आयोजित लीजेंड्स क्लब कार्यक्रम के दौरान उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।





पत्नी अंजलि तेंदुलकर और फैंस के साथ जन्मदिन मनाते सचिन तेंदुलकर। एजेंसी





### दी सफाई

### मुंबई इंडियंस की लगातार हार पर बोले मुख्य कोच महेला जयवर्धने, थकान की आशंकाओं को किया खारिज

## मुंबई को आत्मविश्वास, एकाग्रता व अनुशासन की जरूरत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के टी20 विश्व कप में खेलने के कारण लेकर थकान की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि टीम लय और आत्मविश्वास हासिल करने पर ध्यान दे रही है।

मुंबई इंडियंस की टीम में सूर्यकुमार और हार्दिक के अलावा जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा पिछले महीने आईसीसी टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि मिचेल सैंटनर ने इस विश्व कप में न्यूजीलैंड की अगुवाई की थी और अनुभवी क्विंटन डिकॉक दक्षिण अफ्रीका टीम के अहम सदस्य थे। मुंबई इंडियंस को बृहस्पतिवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 103 रन की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा, जो रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है। यह टीम की सात मैचों में पांचवीं हार थी।

कप्तान हार्दिक पांड्या ने छह मैचों में केवल तीन विकेट लिए हैं और 97 रन बनाए हैं, जबकि सूर्यकुमार यादव सात मैचों में 156 रन ही बना सके हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह (2 विकेट) और तिलक वर्मा (181 रन) भी एक पारी को छोड़ दे तो खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

जयवर्धने ने मैच के बाद कहा, “मौजूदा दौर में सभी खिलाड़ी पेशेवर हैं। विश्व कप खेलने वाले कई खिलाड़ी ब्रेक के बाद आईपीएल में लौटे हैं। मुझे नहीं लगता कि खिलाड़ी खुद भी थकान को कारण मानेंगे। हमें लय और निरंतरता हासिल करनी है। यही हमारी सबसे बड़ी कमी रही है। गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, लेकिन बल्लेबाजी भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा, “हमें वह संतुलन ढूंढना होगा जहां हम मुकाबला कर सकें। हम अगर अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें तो हमारे पास अच्छा मौका है, लेकिन अगले सात मैचों के लिए आत्मविश्वास, एकाग्रता और अनुशासन जरूरी है।

इस बीच न्यूज़ीलैंड के टी20 कप्तान मिचेल सैंटनर को चोट के बाद स्कैन के लिए भेजा गया। उन्हें डाइव लगाकर कैच लेने के दौरान सिर, गर्दन और कंधे में चोट लगी थी। उनकी जगह कंकशन सब्स्टीट्यूट के रूप में शार्दुल ठाकुर को बल्लेबाजी के लिए उतारा गया। जयवर्धने ने कहा उसके सिर पर पहले चोट लगी, फिर गर्दन और कंधे पर। मैदान से वापस आने के बाद उसे चक्कर आने लगे, इसलिए उसने स्कैन करवाया। सैंटनर ने डगआउट में कंधे के लिए बर्फ रखी थी, लेकिन उसे लगा कि उसकी हालत स्थिर नहीं है, इसलिए हम उसे स्कैन के लिए ले गए।



### चेहरे पर हाथ रखकर अनोखे जश्न के पीछे कोई खास वजह नहीं : अकील हुसैन

चेन्नई सुपरकिंग्स की जीत में 17 रन पर चार विकेट लेकर अहम योगदान देने वाले अकील हुसैन ने कहा कि चेहरे पर हाथ रखकर उनके अनोखे जश्न के पीछे कोई खास वजह नहीं है। हर खिलाड़ी का अपना एक तरीका होता है। नूर अहमद का एक तरीका है, कुछ फुटबॉल खिलाड़ियों के भी अपने तरीके होते हैं, तो मैंने बस यही चुन लिया। इसके पीछे ज्यादा कुछ नहीं है, यह सिर्फ छोटी-छोटी सफलताओं का जश्न मनाने का तरीका है। हुसैन ने आगे कहा उन्हें पता था कि मुंबई के पास केवल पांच गेंदबाज हैं। उन्हें आखिरी ओवरों में एक ऐसे गेंदबाज का इस्तेमाल करना पड़ा, जिसका शुरू में ज्यादा उपयोग नहीं हुआ था।